






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 277

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

रविवार | 21 जुलाई, 2024


# सीएम योगी ने शुरू किया 'पौधरोपण' जन अभियान

## बोले, अकबरनगर को हटाकर सौमित्र वन स्थापित किया जा रहा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आह्वान किया था। पर्यावरणविद् चिंतित हैं कि दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग जीव सृष्टि के लिए नया संकट खड़ा करने जा रहा है। यह संकट मनुष्य के स्वार्थ ने प्रदान किया है, इसलिए इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी भी मनुष्य पर ही होनी चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक मुखिया के रूप में पीएम मोदी का यह आह्वान हर भारतवासी के लिए मंत्र बनना चाहिए। पांच जून के बाद से प्रदेश में लगातार पौधरोपण महाभियान के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का यह गौरव लगभग हर परिवार को प्राप्त होने जा रहा है। यूपी की कुल आबादी 25 करोड़ है, हम 36.50 करोड़ पौधरोपण कर रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे हैं। ऐसे में यूपी में आज एक दिन के भीतर हर मातृशक्ति के नाम पर तीन पेड़ लगने जा रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वहीं सीएम के नेतृत्व में शनिवार को उत्तर प्रदेश में एक दिन में 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ हुआ। सीएम योगी ने पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' को समर्पित 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के तहत पौधा लगाया।

- नदी पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया, अब नाइट सफारी बनाएंगे: सीएम
- 'एक पेड़ माँ के नाम' हर भारतवासी के लिए एक मंत्र बनना चाहिए: योगी
- अकबरनगर को हटाकर सौमित्र वन स्थापित किया जा रहा: मुख्यमंत्री
- जिस बस्ती पर बुल्डोजर चला, वहां लगे 10 हजार पौधे: मुख्यमंत्री






### सीएम ने सौमित्र वन, कुकरैल नदी तट पर हरिशंकरी का पौधा लगा किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सौमित्र वन, कुकरैल नदी तट, अयोध्या रोड लखनऊ में हरिशंकरी का पौध लगाया। इसके पहले सीएम ने इन पौधों को रक्षासूत्र बांधा। इसी के साथ वृक्षारोपण जन अभियान-2024 ( पहली जुलाई से 30 सितंबर 2024) के अंतर्गत एक दिन (20 जुलाई) में प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधरोपण महा अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएम ने सौमित्र वन के विकास की प्रस्तावित कार्ययोजना का भी अवलोकन किया और इससे जुड़ी लघु फिल्म भी देखी।

### कभी अकबरनगर के नाम पर प्रदूषण का माध्यम था, आज सौमित्र वन का गठन हुआ


सीएम योगी ने कहा कि पहले अकबरनगर के नाम पर यह प्रदूषण का माध्यम बना था, आज वहां श्रीराम के अनुज लक्ष्मण जी के नाम पर सौमित्र वन का गठन हुआ है। मैंने भी हरिशंकरी की वाटिका लगाई। इसके दूसरी ओर शक्ति वन बनने जा रहा है। यह भारत की नदी संस्कृति को बचाने का माध्यम बनेगा। %एक पेड़ मां के नाम के साथ नई मजबूती प्रदान करने में यह हमारा मार्गदर्शन करेगा।

### भूमाफिया ने 1984 के बाद अपने स्वार्थ के लिए कुकरैल नदी को पाटना प्रारंभ किया

सीएम योगी ने कहा कि 50 साल पहले कुकरैल नदी निकलते हुए गोमती मे मिलती थी। 1984 के बाद भूमाफिया ने अपने स्वार्थ के लिए इसे पाटना शुरू किया, जिससे यह नदी नाला में तब्दील हो गई और बस्तियों के ड्रेनेज को उड़ेलने का माध्यम बन गई। एक तरफ नदी को मारा गया तो दूसरी तरफ गोमती नदी को भी प्रदूषित किया गया। लखनऊ में आकर गोमती काली हो गई। प्रदेश सरकार ने तय किया कि कुकरैल में नाइट सफारी बनाएंगे। सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाया गया। जिनकी रजिस्ट्री थी, प्रशासन की मदद से एलडीए ने 3100 परिवारों को एक-एक आवास देकर पुनर्वास किया। जिन भूमाफिया ने जमीन के धंधे से जुड़कर लोगों को ठगा, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़कर एलडीए ने इसे खाली करवाया।

### सात वर्ष में हमने लगाए 168 करोड़ पौधे, इनमें से 75-80 फीसदी पेड़ जीवित

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में यूपी में सरकार बनने के बाद पीएम के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हमने पौधरोपण अभियान प्रारंभ किया। सात वर्ष में भाजपा नेतृत्व की सरकार ने 168 करोड़ पौधरोपण किया। प्रदेश के अंदर थर्ड पार्टी के जरिए इनका सर्वे कराया तो पता चला कि 75-80 फीसदी पेड़ अभी भी जीवित हैं और अच्छी वाटिका के रूप में स्थापित हैं। वैश्विक संस्थाएं भी इसे मान्यता दे रही हैं। कार्बन उत्सर्जन से पर्यावरण को क्षति हो रही है। उसके बचाव के लिए किसानों ने पेड़ लगाने के अभियान के साथ अपना पंजीकरण कराया। वैश्विक संस्थाओं ने उनके कार्यों का निरीक्षण किया। ऐसे 10 किसानों को यहां कार्बन क्रेडिट के रूप में धनराशि उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई। सरकार के प्रयास का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश सरकार को इसके लिए 200 करोड़ का अनुदान प्राप्त हो रहा है। कार्बन उत्सर्जन रोकने में इन पेड़ों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। पांच वर्ष तक किसानों को लगातार यह धनराशि मिलेगी। पहले चरण में 25 हजार किसानों को इस सुविधा का लाभ प्रदान कर रहे हैं।



### 10 किसानों को कार्ड से हुई आय का चेक वितरित किया

पर्यावरण को सुरक्षित रखकर किसानों को कार्बन क्रेडिट कार्ड से भी आय होती है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इससे होने वाली आय का चेक किसानों को वितरित किया। चेक पाने वाले किसानों में ठाकरी सिंह, सितारा चंद्र, सलीम अहमद, विजयलक्ष्मी, विनोद कुमार, रामलोटन, प्रेमशंकर, कुलविंदर सिंह बाधवा, प्रभा देवी, व्यासमुनि मिश्र को कार्बन क्रेडिट कार्ड से होने वाली आय का चेक देकर सम्मानित किया।

### वन विभाग के नेतृत्व में हर कोई इस अभियान से जुड़ा है

सीएम योगी ने कहा कि हर कोई आज इस अभियान के साथ जुड़ा है। राज्यपाल सीतापुर में इस अभियान को बढ़ा रही हैं। वन विभाग के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सभी विभाग इससे जुड़े हैं। हर जनपद, सभी मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, ब्लाक प्रमुख समेत जनप्रतिनिधि भी जुड़े हैं। प्रदेश में पौधों की कमी नहीं है। वन व उद्यान विभाग के पास 50 करोड़ और निजी नर्सरी में चार करोड़ पौधे हैं। सीएम ने विश्वास जताया कि सायंकाल होते-होते शुभ सूचना मिलेगी कि उत्तर प्रदेश ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। जब 'एक पेड़ मां के नाम' पर लगा रहे हैं तो इसे बचाने की जिम्मेदारी भी हमारी है। पेड़ बचेगा तो पर्यावरण भी बचेगा। पर्यावरण बचेगा तो ग्लोबल वार्मिंग और हीट वेब की विभीषिका से बच पाएंगे। खतरे की घंटी बज चुकी है।

### सीएम ने छात्र-छात्राओं को भेंट किया पौधा

विद्यार्थियों में पर्यावरण की अलख जगाने के उद्देश्य से सीएम योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थी अतुल कुमार आनंद, अर्पित सिंह, शिष्ट कुमार तिवारी, पल्लवी शुक्ला, आकांक्षा दुबे को पौध भेंट किया। सीएम ने विद्यार्थियों को पौध लगाने और इसके संरक्षण का आग्रह किया।

### ग्लोबल वॉर्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण लंबे समय तक याद रहेगा मई-जून का महीना

सीएम योगी ने कहा कि गत वर्ष बड़े क्षेत्रफल में अक्तूबर में बाढ़ आई थी। बाढ़ का समय अगस्त से मध्य सितंबर तक रहता है। पहली बार जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होना पड़ा। इससे यूपी के 24 जनपद, 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित रही। नेपाल व उत्तराखंड की अतिवृष्टि के कारण यह बाढ़ के चपेट में आए। यह ग्लोबल वॉर्मिंग का दुष्प्रभाव है। इस बार मई-जून का महीना लंबे समय तक याद रहेगा। यहां का तापमान अमूमन 42-45 रहता था, लेकिन इस बार यह 47-50 तक पहुंचा। यह दुष्प्रभाव जल का संकट भी खड़ा करेगा। कहीं असमय बारिश तो कहीं सूखे का संकट होगा। इसके कारण होने वाले परिवर्तन से कई जगहों पर अकाल पड़ने की भी संभावना दिखेगी।

### बाराबंकी में विरासत वृक्ष ने कई पीढ़ियों को देखा

सीएम योगी ने कहा कि पीएम आवास योजना के 56 लाख लाभार्थियों के घरों में सहजन का पेड़ भी लग रहा है। प्रदेश में सरकार ने विरासत वृक्षों को बचाने की मुहिम को बढ़ाया है। हमें 100 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों को बचाना है। बारांबकी में कल्पवृक्ष है। उसकी आयु 5000 वर्ष है। इसने कई पीढ़ियां देखी हैं। द्वापर युग का यह पेड़ मौजूद है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत और प्रधान मुख्य वन संरक्षक- विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बृजलाल, संजय सेठ, विधायक ओपी श्रीवास्तव, डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, संतोष सिंह, इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, अपर मुख्य सचिव (पर्यावरण व वन) मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

---

# राजा भैया की पत्नी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

## कंपनी के पूर्व निदेशक ने दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भाइया की पत्नी भानवी सिंह पर शुक्रवार रात हजरतगंज थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर द प्रॉपर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक की तहरीर पर हुआ है। कंपनी के पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह का कहना है कि जब ये कंपनी बनी थी तब से वह शेयर होल्डर हैं। उनके फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ अन्य तमाम तरह का फर्जीवाड़ा व षड्यंत्र कर उनको कपनी के निदेशक पद से हटाया। आरोप है कि ये पूरा फर्जीवाड़ा भानवी सिंह ने किया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर भानवी सिंह पर नामजद व अन्य अज्ञात पर धोखाधड़ी, साजिश रचने, फर्जीवाड़ा करने व धमकी देने के धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। केस की विवेचना कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे। जो साक्ष्य होंगे उस आधार पर कार्रवाई होगी। आशुतोष के मुताबिक उन्होंने मामले की शिकायत कानपुर के रजिस्ट्रार ऑफिस में भी की है।

### दबाव डाल मांगा था इस्तीफा

एफआईआर के मुताबिक भानवी सिंह ने पहले आशुतोष से निदेशक पद से इस्तीफा मांगा। आशुतोष ने जब इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो उनको धमकी देकर दबाव डाला गया। आरोप है कि बाद में उनके फर्जी दस्तखकर इस्तीफा तैयार किया गया। जिसके आधार पर उनको कंपनी से बाहर निकाला गया।

---

# तीन आईपीएस के तबादले, अमित वर्मा लखनऊ के नए जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर बने

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने शनिवार को तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें ईओडब्ल्यू में तैनात रहे डीआईजी अमित वर्मा को लखनऊ कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेपीसी) कानून-व्यवस्था के पर तैनात किया गया। वहीं, इससे पहले इस पद पर तैनात रहे उपेन्द्र अग्रवाल को अब डीआईजी ईओडब्ल्यू के पद पर तैनात किया गया है। बता दें कि लखनऊ कमिश्नरेट में जेपीसी कानून-व्यवस्था रहे उपेन्द्र अग्रवाल लंबे समय से चिकित्सकीय अवकाश पर थे। इसी बीच सरकार ने उन्हें अब यहां से हटाकर ईओडब्ल्यू में तैनात किया है और उनके स्थान पर अमित वर्मा को भेजा है। इनके अलावा पुलिस मुख्यालय में तैनात एसपी संतोष मिश्रा को तकनीकी सेवा शाखा में भेजा गया है।

---

# स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी बेटी संघमित्रा मौर्य फरार

## लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दीपक कुमार स्वर्णकार मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व उनकी बेटी और पूर्व बीजेपी सांसद संघमित्रा मौर्य को भगोड़ा घोषत किया

- लखनऊ के गोल्फ सिटी निवासी पत्रकार दीपक कुमार स्वर्णकार व संघमित्रा मौर्य से जुड़े मामले में कार्रवाई
- बिना तलाक लिए धोखे से विवाह करने का मामला दीपक स्वर्णकार ने संघमित्रा पर दर्ज करवाया था
- तीन बार समन किया, दो बार जमानती वारंट, एक बार गैर जमानती वारंट जारी हुआ, फिर भी कोई हाजिर नहीं हुआ

**जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** विवादों से घिरे नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी बेटी संघमित्रा मौर्य की मुसीबत और बढ़ गई है। लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दीपक कुमार स्वर्णकार मामले में उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व उनकी बेटी और पूर्व बीजेपी सांसद संघमित्रा मौर्य को भगोड़ा घोषत किया है। दरअसल, बिना तलाक लिए धोखे से विवाह करने का मामला दीपक स्वर्णकार ने संघमित्रा पर दर्ज करवाया था। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ ही उनकी बेटी व बदायूं से पूर्व बीजेपी सांसद संघमित्रा मौर्य समेत तीन लोगों के खिलाफ लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दीपक कुमार स्वर्णकार प्रकरण में भा.द.सं. धारा 82 जारी किए जाने का आदेश दिया है। लखनऊ के गोल्फ सिटी निवासी पत्रकार दीपक कुमार स्वर्णकार व संघमित्रा मौर्य से जुड़े मामले में स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ ही अन्य तीन आरोपियों को एसीजेएम तृतीय एमपी-एमएलए अलोक वर्मा की कोर्ट ने तीन बार समन किया, दो बार जमानती वारंट जारी किए और एक बार गैर जमानती वारंट जारी किया था। फिर भी कोर्ट में हाजिर न होने से सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 82 जारी किया गया है।

### पिता-बेटी कोर्ट में एक भी सुनवाई में नहीं गए

वादी दीपक कुमार स्वर्णकार की ओर से उनके अधिवक्ता रोहित कुमार त्रिपाठी के साथ ही राजेश कुमार तिवारी ने कोर्ट के प्रति अपना आभार जताया और विश्वास होने और अति शीघ्र ही न्याय मिलने की बात कही है। दरअसल, बिना तलाक लिए धोखे से विवाह करने का मामला दीपक स्वर्णकार ने संघमित्रा पर दर्ज करवाया। दीपक ने मारपीट, गाली गलौच के साथ ही साजिश का भी केस दर्ज करवाया। मामले में पिता-बेटी कोर्ट में एक भी सुनवाई में नहीं गए। जिसके बाद अब एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों पिता-बेटी को फरार घोषित कर दिया।

### किसी को कब फरार घोषित किया जाता है?

अगर किसी अदालत ने किसी आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है और कई बार नोटिस या समन जारी करने के बावजूद आरोपी सरेंडर नहीं करता है तो उसे 'भगोड़ा' या 'फरार' घोषित कर दिया जाता है। किसी आरोपी को भगोड़ा घोषित करने का नोटिस अदालत जारी करती है। हालांकि, कानूनी भाषा में इसे भगोड़ा नहीं, बल्कि 'फरार व्यक्ति के लिए उद्घोषणा' कहा जाता है। अगर किसी व्यक्ति को फरार घोषित कर दिया जाता है तो पुलिस इसका नोटिस उसके घर पर लगाती है। अगर अदालत आदेश दे तो फिर स्थानीय अखबार में भी इसे छापा जाता है किसी फरार व्यक्ति के उद्घोषणा जारी करने का प्रावधान नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84 में किया गया है।

---


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


---

**रिपोर्ट** बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, परिवार को राहत सहायता देने, कृषि निवेश अनुदान समेत अन्य राहत कार्यों में खर्च की जाएगी धनराशि

# सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित 40 जिलों को जारी किये 120 करोड़ रुपए

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य आपदा मोचक निधि से जिलों को जारी की धनराशि
- 20 जिलों को पांच-पांच करोड़ तो 20 जिलों को एक-एक करोड़ की धनराशि की गई जारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



योगी सरकार ने बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, परिवार को राहत सहायता देने, कृषि निवेश अनुदान समेत अन्य राहत कार्यों के लिए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील 40 जिलों को 120 करोड़ की धनराशि जारी की है। यह धनराशि योगी सरकार ने राज्य आपदा मोचक निधि से बाढ़ प्रभावित जिलों को आवंटित की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से ज्यादा प्रभावित जिलों को 5 करोड़ जबकि सामान्य प्रभावित जिलों को एक-एक करोड़ की धनराशि आवंटित की है। बाढ़ तैयारियों को पुख्ता करने के लिए पहले जारी किये थे 10 करोड़ रुपए राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित इलाकों की खुद लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही समय-समय पर अधिकारियों को राहत कार्य संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए 40 जिलों को 120 करोड़ की धनराशि आवंटित की है। इससे पहले सीएम योगी ने बाढ़ तैयारियों को पुख्ता करने के लिए बाढ़ प्रभावित 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को 10 करोड़ की धनराशि जारी की थी। सीएम योगी द्वारा 40 जिलों को आवंटित धनराशि को बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, उनके परिजनों को सहायता धनराशि, क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा समेत अन्य राहत कार्यों में खर्च किया जाएगा।

### इन जिलों को जारी की गयी पांच-पांच करोड़ की धनराशि

लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोण्डा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया एवं उन्नाव।

### इन जिलों को जारी की गयी एक-एक करोड़ की धनराशि

महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं कासंगज।

### पहला निजी औद्योगिक पार्क झांसी में ले रहा आकार

झांसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के जिस प्लेज पार्क को विकसित करने की आधारशिला रखी थी, उसने आकार लेना शुरू कर दिया है। राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2023 में अगस्त महीने में झांसी के रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क के अवस्थापना विकास के लिए प्रथम किस्त का चेक प्रदान किया था। झांसी के दिगारा में स्थित तेरह एकड़ जगह में से 10.52 एकड़ जमीन पर प्लेज पार्क को विकसित किया जा रहा है। बाकी जमीन रिजर्व रखी हुई है। यह बुन्देलखण्ड का पहला प्लेज पार्क है, जो सभी तरह की सुविधाओं से युक्त है। हाइवे से नया अप्रोच रोड डाला जा रहा है। आधी सड़क बन चुकी है। यह पार्क हाइवे से दो किलोमीटर अंदर है। झांसी से इसकी दूरी 11 किमी है। पार्क के प्रवर्तक सिद्धार्थ आनन्दानी ने बताया कि इसकी अप्रोच बहुत अच्छी है। इंडस्ट्री के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें कम से कम रेट लेने की कोशिश की है। इसमें करीब 2200 वर्ग मीटर से लेकर 1000 वर्ग मीटर तक के प्लाट उपलब्ध हैं। अभी हमारे पास 14 प्लाट उपलब्ध हैं, जिसमें से दो की बुकिंग मिल चुकी है। बहुत जल्द रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रिक सप्लाई 24 घण्टे उपलब्ध है। पानी, वाटर हेड टैंक और वर्कर्स के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## सड़क किनारे नाले में गिरे मासूम की डूबकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के खकसीस में घर के बाहर खेल रहा मासूम नाली में गिर गया। जिसमें डूबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी जाविद मप्र के भिंड जिला स्थित कस्बा रौन में परिवार के साथ रहकर काम करता था। वह मोहर्रम पर्व पर परिवार के साथ ताजिया देखने के लिए गांव आया था। शुक्रवार की शाम चार बजे के लगभग उनका ढाई वर्षीय पुत्र आतिब घर के बाहर खेल रहा था। खेल खेल में मासूम सड़क किनारे बने नाले में गिर गया, कुछ देर बाद जब घर के लोगों ने पुत्र को खोजा, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। रात करीब नौ बजे खोजबीन के दौरान परिवार के लोगों को मासूम का शव नाले में उतराता हुआ मिला। नाले में मासूम का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंढ़र थाना प्रभारी नीलम सिंह ने बताया कि बालक की नाला में डूबकर मौत हो गई थी।

# अमृत सरोवरों में अधिक से अधिक कराएं पौधरोपण: जल शक्ति मंत्री

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

मंत्री जल शक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ नियंत्रण, परती भूमि, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र देव सिंह व मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा नोडल अधिकारी पौधरोपण जनपद चित्रकूट बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा सुनील सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, पहाडी सुशील द्विवेदी की उपस्थिति में विकास खंड मानिकपुर के हनुवा वन खंड मानिकपुर रैपुरा रेंज में पौधरोपण जन अभियान-2024 के अवसर पर हरिशंकरी का पौधा रोपण कर शुभारंभ किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी केशव, छक्की लाल, धानु, कमलेश, सुधा, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के लाभार्थी कैलाश नाथ, मुन्नीलाल, लक्ष्मण प्रसाद, आंगनबाडी कार्यकत्रियों में लक्ष्मी, चंदा, आरती एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं में राजेश, सनी, प्रमोद कुमार, कुपोषित बच्चों में सोमराज, हंस, कृष्ण कुमार व ज्योति को फलदार एवं सहजन के पौधे व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



जलशक्ति विभाग मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के आने के बाद जल संचय पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस वर्ष पूरे प्रदेश में 36 करोड 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें आज जनपद में 74 लाख 12 हजार 671 पौधों का रोपण किया जा रहा है। एक वृक्ष 10 बच्चों के बराबर होता है। पहले गांव में नीम, बरगद, पीपल, पाकड के पेड के नीचे दोपहर के समय हमारे बुजुर्ग बैठते थे तो वह स्वस्थ रहते थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह पौधरोपण अभियान चलाकर देश व प्रदेश को हरा-भरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों ने इस चित्रकूट की पावन धरती पर तपस्या की है। उन्होंने वन विभाग, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अमृतसरोवर बनाए और उन अमृत सरोवरों पर अधिक से अधिक पौधरोपण कराए। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि जन आंदोलन से वृक्ष को लगाकर सरकार जंगल नहीं बना सकती, लेकिन आपके सहयोग से जंगल तैयार होगा। आप लोग वृक्षों की सेवा करेंगे तो आपके यहां ऋषि मुनि का अवतार लेकर बच्चे पैदा होंगे।

मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री ने मानिकपुर विधानसभा के मटदर वन ब्लॉक में पौधरोपण किया था, जो काफी पेड बडे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उस वन ब्लॉक में जो पेड सूख गए हैं, उनकी जगह वन विभाग दूसरे पेड लगाए और इस वन ब्लॉक के भी जो आज पौधे लगाए जा रहे हैं वह भी हरे-भरे रहे इसका आप लोग विशेष ध्यान दें।

आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष पौधरोपण का पूरे प्रदेश में 36 करोड 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें जनपद में लगभग 74 लाख पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने जनपद बांदा व चित्रकूट में अपना अमूल्य समय दिया है और पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण किया है। बुंदेलखंड में खासकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नारा दिया है एक पेड मां के नाम है। हम सब इस नारे को सार्थक करते हुए एक पेड मां के नाम अवश्य लगाएं।

इसके बाद मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार, उपनिदेशक प्रभागी वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने मंत्री एवं विधायक का स्मृति चिन्ह चन्दन व रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इसके बाद सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनमानस में हनुवा वन ब्लॉक में पौधारोपण किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरण सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आभा सिंह, उप निदेशक कृषि राजकुमार, भाजपा के महामंत्री आलोक पांडेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रवि त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आषुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी शक्ति सिंह, राहुल पुरी द्वारा शिवमंगल यादव निवासी पयासी का पुरवा मजरा चिल्लीमल को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### शादी के घर में गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में लगी आग से झुलसा अधेड़

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरसी निवासी कंचन सिंह 45 वर्ष के भतीजे अभिषेक सिंह की शादी होकर आई है। शनिवार को घर में नववधू द्वारा रोटी छुआई का कार्यक्रम चल रहा था। तभी घर में मेहमानों के लिए खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में हुए रिसाव के चलते आग लग गई। आग बुझाने दौड़े कंचन सिंह तोमर आग बुझाते समय झुलस गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक वहां रखा गृहस्ती का कुछ सामान कूलर बाल्टी सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। वहीं परिजनों ने झुलसी अवस्था में कंचन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

### दुष्कर्म के आरोपी को तीन वर्ष की सजा व पांच हजार का लगा जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बीती 12 जून 2019 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके परिवार में शादी थी। इसी शादी में चिकासी थाना क्षेत्र के ग्राम रहक दिनेश पाल आया था। जो शादी में उसकी पांच माह की मासूम पुत्री को खिलाने के बहाने खेत पर झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मासूम के रोने पर उसकी बुआ आ गई थी और युवक दिनेश मासूम को छोड़ कर मौके से भाग गया था। पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जो गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में है। शनिवार को सुनवाई पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने आरोपी दिनेश पाल को दोषी पाते हुए तीस साल की सजा सुनाई और पांच हजार जुर्माना लगाया।

### धान रोपाई करते समय मजदूर की सर्प के डसने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** खेत में धान की रोपाई करते समय मजदूर महिला को सर्प ने डस लिया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बांदा जिले गांधी नगर तिंदवारी निवासी सुनीता 30 वर्ष पत्नी स्व. करन हमीरपुर जिले के राठ मौजा कांवर में धान रोपाई का काम करने के लिए ठेकेदार के साथ आई थी। शनिवार की सुबह खेत में धान रोपने के दौरान उसे सर्प ने डंस लिया। जिससे वह अचेत होकर गिर गई। हालत बिगड़ने पर उसे अन्य साथी मजदूर मेडिकल कालेज लाए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल देर शाम समाचार लिखे जाने तक मृतका के शव का पंचनामा नहीं हो सका है।

### धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आए अधेड़ की जहरीले कीड़े के काटने से मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के मोहल्ला तरीबुल्दा में बीते 12 जुलाई से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। जिसमें जनपद बस्ती के ग्राम भटहा पोस्ट कटया अकेला निवासी मोतीलाल गुप्ता पुत्र बालादीन भी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, और वही आश्रम में रूके थे। जिसे शुक्रवार की देर रात सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने कान के समीप डस लिया। शनिवार की सुबह नहाने के बाद वह नाश्ता करने के बाद बैठे और अचानक बेहोश होकर गिर गये। जिसके बाद वहां मौजूद लोग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गये। जहां पर चिकित्सक ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची? पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के? लिये भेज दिया। फिलहाल मामले की जानकारी होते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

### वार्ड नं-6 में फैली गंदगी की सभासद ने एसडीएम से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के वार्ड नंबर 6 रामचबूतरा में गंदगी व कूड़े के ढेर की समस्या को लेकर पालिका सभासद सुनील पटवा ने उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा है। नगर पालिका परिषद के सभासद सुनील पटवा ने उपजिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि वार्ड नंबर 6 में रामबाग प्राइमरी विद्यालय के गेट के बाहर विशाल कूड़े का ढेर लगा रहता है। इस बारे में कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन गंदगी, कूड़े के ढ़ेर के अलावा नालियां बजबजाती रहती हैं। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। सभासद ने समस्या का जल्द निस्तारण करने की मांग की है। पालिका के सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव ने कहा कि जहां-जहां गंदगी फैली है उसे गम्भीरता से साफ कराया जाएगा।

### जेसीबी से कागज फैक्ट्री तोड़ने पर तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर मोड़ में स्थित कागज फैक्ट्री को जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ करने व सामान गायब करने के मामले को लेकर पीड़ित फैक्ट्री संचालक ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मिर्जा मंडी कालपी निवासी अजय सिंह यादव पुत्र सावरेन सिंह यादव ने बताया कि जोल्हूपुर मोड़ में कागज फैक्ट्री पर 14 जुलाई को 10 बजे दिन में मेरे चाचा आरोपी छुट्टी पुत्र मूलचंद, मनोज उर्फ गुल्ली तथा राजाराम पुत्र छुट्टी निवासी मोहल्ला मिर्जामंडी कालपी जेसीबी मशीन लेकर कागज फैक्ट्री में आए व जेसीबी मशीन से कागज फैक्ट्री में तोड़फोड़ करने लगे। जानकारी होने पर मौसेरे भाई सुनील के साथ फैक्ट्री पहुंचा, तो उक्त आरोपी प्रार्थी की कागज फैक्ट्री को जेसीवी मशीन से तोड़ रहे थे तथा फैक्ट्री के बीटर टूटे पड़े थे व डेढ़ लाख रुपये कीमत के मोटर गायब थे। उक्त घटना की सूचना डायल-112 को भी दी गई थी। लगभग 5 लाख रुपये की क्षति हुई हैं। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी है।

# मण्डलायुक्त ने डीएम व एसपी के साथ किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा नोडल अधिकारी पौधरोपण जनपद चित्रकूट बालकृष्ण त्रिपाठी ने शनिवार को पौधारोपण अभियान के अवसर पर विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत लोढवारा में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में श्री राम ग्राम वन पौधरोपण का फीता काटकर शुभारंभ कर पौधारोपण किया। साथ ही गतवर्ष में ग्राम लोढवारा में श्री कालेश्वर नाथ वन ब्लॉक में किए गए पौधारोपण का निरीक्षण किया। जहां पर हरा भरा पाए जाने पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह तथा ग्राम प्रधान शकुंतला देवी को बधाई दी। साथ ही कहा कि इस वर्ष के जो भी वृक्ष लगाए गए हैं, वह भी इसी तरह हरे भरे रहे।

आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के एक पेड मां के नाम अभियान को लेकर हर व्यक्ति में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए वरदान साबित होगा। इसके पूर्व डीसी मनरेगा तथा ग्राम प्रधान ने मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डीसी मनरेगा ने बताया कि इस वन ब्लॉक में 500 पौधे आज रोपण किए गए हैं। साथ ही पौधों का नवग्रह भी बनाया गया है। इसके पूर्व मण्डलायुक्त ने नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी की ओर से शहर के अटल पार्क में हरिशंकरी का पौधा आरोपित किया।

इस मौके पर नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

## ऑन डियूटी जेई पर हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मऊ पुलिस टीम ने ऑन डियूटी जेई पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि बीती 6 जुलाई को 33/11 के.वी विद्युत उत्तर मऊ चित्रकूट के जेई मोहित नवलानी ने थाना मऊ में सूचना दी कि वो कस्बा मऊ में ड्यूटी पर थे। इस दौरान विजयराज गुप्ता व सुरेश गुप्ता निवासी मऊ ने कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न करते हुये जान से मारने की नियत से डंडे से सिर पर हमला कर दिया। इस सूचना पर थाना मऊ में विजयराज गुप्ता व सुरेश गुप्ता के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय ने घटना को संज्ञान में लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौतम को निर्देशित किया। उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौतम एवं आरक्षी राहुल पाण्डेय द्वारा विजयराज गुप्ता को घटना में प्रयुक्त डंडे के साथ गिरफ्तार किया गया।

# छात्रों से अभद्रता करने पर एसआई लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस | राठ (हमीरपुर)**

नवोदय विद्यालय के छात्रों ने बिजली पानी और खाना की समस्या से निजात के लिए तीन घंटे तक हंगामा किया। जाम लगाकर बैठे छात्रों के अंदर न जाने पर एसआई ने छात्रों से अभद्रता की। विधायक की शिकायत पर एसपी ने एसआई को लाइनहाजिर कर दिया। एसडीएम ने विद्यालय पहुंच छात्रों से वार्ता कर जनरेटर की व्यवस्था व खाने की गुणवत्ता चेक की।

बृहस्पतिवार शाम को 15 दिनों से बिजली पानी से परेशान व खाने की गुणवत्ता को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने उरई मार्ग पर जाम लगाकर तीन घंटे तक विद्यालय गेट पर विद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की थी। प्रदर्शन के दौरान 10 छात्र-छात्राओं की हालत बिगड़ने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया था।

मौके पर पहुंचे तहसीलदार कुमार भूपेंद्र व नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह प्रधानाचार्य निधीश कुमार ने समझाने का प्रयास किया था। परंतु छात्रों ने उनकी बात नही सुनी थी। तभी विधायक मनीषा अनुरागी विद्यालय पहुंची और छात्रों को समझा बूझकर शांत करा। उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराने की बात कही थी।

वही एसआई सुरेंद्र सिंह ने छात्रों के अंदर न जाने पर अभद्रता कर दी थी। जिस पर विधायक मनीषा अनुरागी की शिकायत पर एसपी ने एसआई सुरेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। अमर उजाला ने विद्यालय की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था।

शुक्रवार को एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे विद्यालय पहुंचे जहां पर बिजली की समस्या हल करते हुए किराए पर जनरेटर की व्यवस्था कराई और खाने की गुणवत्ता चेक की वह सही पाई गई।

वहीं प्रधानाचार्य निधीश कुमार से विद्यालय के उपयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद के बारे में जानकारी मांगी गई तो जानकारी देने से इंकार कर दिया गया।

# फर्जी तरीके से बना दिया कामदगिरि का पांचवा मुखारबिंदु

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**


मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट में अजीबोगरीब घटना सामने आई है। यहां पर विराजमान भगवान कामतानाथ पर्वत के चार द्वार बताए गए हैं। इसका उल्लेख वेद पुराणों में भी मिलता है। एक युवक ने अपनी पान की दुकान को तोड़कर पांचवा मुखारविंद बना लिया है। जिसकी शिकायत लक्ष्मी नारायण मंदिर बड़ा अखाड़ा के महंत श्याम दास ने पुलिस से की है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी कर दी है। पांचवा मुखारविंद बनने से चित्रकूट में रहने वाले संतों पर भारी आक्रोश दिख रहा है। महंत श्याम दास ने बताया कि यह मंदिर के बहाने वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इस तरह भगवान का पांचवा मुखारविंद बनाकर भगवान कामता नाथ की महिमा का उपहास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व यह तृतीय मुखारविंद में पुजारी थे इनको मेरे द्वारा लगाया गया था। कुछ कमियां और लापरवाहियों के चलते इनको मंदिर से हटा दिया गया है इसके 1 साल बाद इन्होंने अपनी पान की दुकान को तोड़कर पांचवा मुखारविंद बनाकर वन विभाग की जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहा तो साधु संत आंदोलन के लिए तैयार हो जाएंगे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी आरोपी नहीं मिला है। उसका भाई मौके पर था उससे अभी पूछताछ जारी है।

## वन महोत्सव के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधरोपण अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कोलगदहिया मरजादपुर में लोन्ग फायरिंग बट के लिए आवंटित भूमि में बरगद का पौधा लगाया। इस दौरान लोन्ग फायरिंग बट के लिए आवंटित भूमि में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह सहित लगभग 50 पुलिस कर्मियों ने पौधे लगाकर पौधरोपण कर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया। इसके बाद वन महोत्सव अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा सोनेपुर स्थित पुलिस कार्यालय में पौधरोपण कर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया गया।

# आबकारी टीम ने छापा मारकर बरामद की 45 लीटर शराब, नष्ट किए 400 किग्रा लहन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



अवैध शराब का कारोबार करने वाले कारोबारियों की कमर तोडने के लिए आबकारी विभाग टीम ने छापामार अभियान चलाया। साथ ही बडे पैमाने पर लहन नष्ट किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर आबकारी टीम द्वारा आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा व नीरज वर्मा के नेतृत्व में कोतवाली कर्वी अन्तर्गत तरौहा छिपतहरी में मंदाकिनी नदी के किनारे दबिश दी गयी। दबिश के दौरान मौके से कुल 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। साथ ही लगभग 400 किग्रा लहन नष्ट किया गया।

इस मौके पर आबकारी सिपाही धर्मेन्द्र राजपूत, शिवसागर, अकरम खान, धीरेन्द्र प्रताप, सुमित्रा, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसिड अटैक के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिले में एसिड अटैक के पहले मामले में शनिवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया है। जिसमें विवाहिता को एसिड अटैक के जरिए जलाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर उसके पति को 10 वर्ष कारावास और 15 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बांदा जिले के बबेरू कस्बे की नहर पट्टी निवासी साधना देवी ने इस मामले में अपने पति दिनेश कुमार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार बीती 4 फरवरी 2016 को उसकी शादी बांदा जिले के नहर पट्टी बबेरू निवासी दिनेश कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज को लेकर ताना मारने लगे और मायके से मोटरसाइकिल, सोने की जंजीर और 50 हजार रूपए लाने का दबाव बनाने लगे। इसकी जानकारी उसने माता-पिता को दी। जिस पर पिता ने गरीबी का हवाला देते हुए और अधिक दहेज देने में अस्मर्थता जताई और उसे समझाकर ससुराल भेज दिया। इसके बाद बीती 31 दिसम्बर 2016 को रात 9 बजे ससुरालीजनों ने उसे कमरे में बंद कर तेल डालकर आग लगा दिया और कमरे का दरवाजा बाहर से बंद करके चले गए। जिससे वह जलने लगी और कपडे उतारकर किसी तरह अपनी जान बचाई। हालाकि इस दौरान वह बुरी तरह जल गई और उसके गर्भ में पल रहा शिशु की भी आग से जलने से मृत्यु हो गयी। इसकी शिकायत उसने बांदा जिले के पुलिस अधिकारियों से की, किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके लगभग 1 साल बाद वह सामाजिक दबाव के कारण फिर से ससुराल चली गयी। जहां बीती 9 जुलाई 2020 को ससुरालीजनों ने उसका सामान छीनकर मारपीट करने के बाद घर से निकाल दिया। मायके भरतकूप आने पर ससुरालीजन बीती 12 जुलाई को वहां भी पहुंच गए और गाली गलौच करते हुए मुकदमा दायर करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना उसने इलाकाई पुलिस को दी, किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके चलते उसने न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें चित्रकूट के मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा आदेश दिए जाने पर भरतकूप थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी।

## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर तबाह

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट कस्बे के वार्ड नंबर 2 महारानी लक्ष्मीबाई नगर में रहने वाले देवेंद्र पिरौनिया पूर्व बीडीसी सदस्य रोज की तरह खाना खाकर लाइट ना आने के कारण परिवार सहित छत पर सो रहे थे। तभी देर रात को मकान के अंदर बनी एक कच्चे कमरे में आग लग गई। कुछ ही समय में आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया और आग पूरे मकान में फ़ैल गई। मौजूद लोगों ने किसी तरह कड़ी मशक्कत के बाद बाल्टियों द्वारा पानी फैंक कर आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा ग्रहस्ती समेत लाखों रुपए का सामना जलकर तबाह हो गया। मोहल्ले वालों का कहना है कि उस समय लाइट आ रही होती तो समरसेबिलो द्वारा आग पर काबू पा लिया जाता और इतना नुकसान नहीं होता।

# तुलसीपीठ में तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव में जगद्गुरू फहराएंगे 108 फिट ऊंचा वैष्णव पताका

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

धर्मनगरी चित्रकूट स्थित तुलसीपीठ में इस बार गुरू पूर्णिमा के पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गयी हैं। जिसके तहत तुलसीपीठाधीश्वर जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज गुरू पूर्णिमा रविवार को तुलसीपीठ में 108 फिट ऊंचे वैष्णव पताका का ध्वजारोहण करेंगे। गुरू पूर्णिमा महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों के सम्बन्ध में तुलसीपीठाधीश्वर जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने बताया कि इस बार श्री तुलसीपीठ के पावन परिसर में गुरू पूर्णिमा एवं दीक्षा महोत्सव का आयोजन 21 से 23 जुलाई के बीच किया जाएगा। जिसमें जगदुरू स्वामी



रामभद्राचार्य महाराज द्वारा 108 फिट की वैष्णव पताका का ध्वजा रोहण किया जाएगा। इस दौरान 1100 दीपकों द्वारा जगदुरू महाराज की आरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए दिल्ली के कमल कुमार शर्मा दो ट्रक फूलों के जरिए तुलसीपीठ की सजावट करा रहे हैं। तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव में प्रतिदिन शायन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रेम प्रकाश दुबे अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा विनोद द्विवेदी द्वारा द्रुपद गायन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भी विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस दौरान देश विदेश से आए शिष्यों द्वारा जगदुरू महाराज का पादुका पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सभी का सौभाग्य है कि जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की कृपा प्राप्त हो रही है। जगदुरू महाराज के तप के प्रभाव से आज सभी लोग श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्रीरामलला के दिव्य भव्य मन्दिर के दर्शन कर पा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक सनातन धर्मी जगदुरू महाराज का ऋणि है और श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए इस बार तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 19 से 21 जुलाई, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 40.8 (+5.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 29.4 (+2.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 54 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 9.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# रोजगार व क्रय शक्ति वर्धक हो नया बजट

**✻ चिकित्सा बीमा व बीमा किस्तों पर जीएसटी घटाएं, 80 सी व डी की सीमा बढ़ाएं**

**जन एक्सप्रेस । डॉक्टर हर नारायण मिश्र**



कानपुर। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आगामी 24 जुलाई को पेश किया जाएगा जिसे देश के कृषक वर्ग के हितों की रक्षा के लिहाज से तैयार किए जाने की जरूरत है । इससे पूर्व संसदीय चुनाव से पहले प्रस्तुत पूर्वानुमान पर आधारित अर्ध बजट की अपेक्षा इस बजट की प्राथमिकताओं में परिवर्तन करके ही मोदी सरकार अपने नुकसान की भरपाई कर सकती है।

केन्द्र सरकार का नया बजट देश में बढ़ती खपत में तेजी लाने, कारखानों की रफ्तार बढ़ाने, रोजगार बढ़ाने के अलावा आवश्यक व जीवन रक्षक वस्तुओं की मंहगाई बढ़ने के कारण गहस्थी के संचालन में आने वाली दिक्कतों से आम आदमी को उबारने में सहायक होगा। ऐसी अपेक्षा वित्त मंत्री से की जा रही है

वर्तमान सरकारी अर्थशास्तियों को कुछ चीजे साफ तौर पर समझ लेनी चाहिए जैसे मध्यमवर्ग और उच्च मध्यम वर्ग की खरीद क्षमता में वृद्धि किये बिना देश का सकल घरेलू उत्पाद नहीं सुधारा जा सकता है। क्रय शक्ति बढ़ने पर ही उद्योगों की तरक्की होगी जिसके परिणाम स्वरूप जब हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भरेशा तभी सरकार आयकर की दरों

में कटौती कर सकेगी। यह कटौती लम्बे समय से अपेक्षित है । यहां उस वर्ग को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है जो आयकर के साथ अन्य करों का भुगतान भी कर रहे हैं जबकि उनके बच्चे ना तो मुफ्त शिक्षा पा रहे हैं और ना ही उन्हें मुफ्त चिकित्सा सुविधा ही मिल पा रही है। विदित हो कि वर्तमान समय में हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भरा हुआ है और जिसका लाभ उठाते हुए हम एक देश एक टैक्स योजना को लागू करें ताकि बैंकों से टैक्स का लेनदेन हो और व्यापारियों का समय कम लगे। 80 सी की सीमा बढ़ाकर 2 लाख करें इसी के साथ लंबे अरसे से प्रतिक्षित 80 डी सीमा बढ़ाए, इन मदों में जमा रकम सरकार के लिए उपयोगी हुआ करती है ।इसी श्रृंखला में चिकित्सा बीमा पर लगने वाली 18त्न जीएसटी घटाएं, बीमा को महत्वपूर्ण बनाने के लिए प्रीमियम पर लगने वाला टैक्स कम किया जाए याद रखें की दर घटने से टैक्स की वसूली नहीं घटती है कृषि क्षेत्र ही सर्वाधिक रोजगार देता है लिहाजा उसे सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही मध्यम वर्ग को कर संबंधी छूट दे ताकि खरीददारी व खपत बढ़ सके।

# विश्वविद्यालय में एक सैकड़ा से अधिक पौधों का किया गया रोपण




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर मे शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत नीम, आंवला, पीपल, बरगद, इत्यादि के 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि पेड़ पौधे जीवन को बचाने में ही नहीं अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं, जैसे-जैसे हम अपने दैनिक जीवन में आगे बढ़ते हैं, पेड़ों से मिलने वाले अनेक लाभों को हल्के में लेना आसान हो जाता है। पेड़ न केवल सुंदर और महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के बारे में सभी को जानकारी है अतः पेड़ लगाना और उनकी देख रेख करना सभी लोगो का परम कर्तव्य है उन्होंने कहा कि पेड़ ही हैं जो जलवायु परिवर्तन के कुप्रभावों को कम करने की क्षमता रखते हैं, जिसके लिए वृक्षारोपण अभियान जारी रहना जरुरी है। इसी से जलवायु में सुधार संभव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की समस्या का दायरा अत्यंत व्यापक है और स्वास्थ्य से इसका सीधा संबंध है। अतः पौधे लगाना और उनका रखरखाव प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.राजेश राय, डॉ.अरुण कुमार सिंह, डॉ.खलील खान, डॉ.निमिषा अवस्थी के साथ शोध सहायक शुभम यादव व गौरव शुक्ला मौजूद रहे।

## मंधना कस्बे में महिला के साथ हुई चैन लूट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते 10 दिनों के भीतर ही दूसरी लूट की घटना ने बिठूर पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। सूत्रों के मुताबिक रामादेवी से अपने पुत्र अंकित दुबे के साथ मायके शादीपुर जा रही महिला के साथ मंधना चौकी से मात्र 50 कदम की दूरी पर लुटेरे ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। महिला के शोर मचाने पर चोर कल्याणपुर की ओर मोटर साइकिल से फरार हो गए। घटना के संबंध में महिला ने मंधना चौकी में प्रार्थना पत्र दिया है। अंकित दुबे पुत्र स्वर्गीय प्रभाकर दुबे बीती शुक्रवार की रात अपने मामा के यहां शादीपुर जा रहा था। मंधना क्रॉसिंग बंद होने की वजह से अंकित ने अपनी स्कूटी वंदना चौकी के सामने रोक दी। इस वक्त एक युवक ने पीछे बैठी महिला को झपट्टा मार कर छीन लिया। और कल्याणपुर की ओर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। लूट की घटना के बाद महिला अपने पुत्र के साथ मंधना चौकी पहुंची, और पूरी घटना से चौकी इंचार्ज को अवगत कराया। चौकी इंचार्ज अमित मलिक ने बिना वक्त गवाए हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कारण लेकिन अभी तक लुटेरे का कोई पता नहीं चला है। फिलहाल पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर लुटेरों की तलाश में जुट गई है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर/चौबेपुर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को मनाया गया। इसी कड़ी में बिठूर, चौबेपुर अंतर्गत थाना परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया।

आपको बताते चलें बीते दिन शनिवार को पी एम नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए थाना स्तर पर पौधरोपण किया गया हैं। इस पौधरोपण अभियान में आम जनमानस से अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसकी सही देखभाल करने का आवाहन किया गया हैं, पौधरोपण अभियान में मुख्य अथिति बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अश्वनी (गोपाल) दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा, थाना प्रभारी राजेंद्र कांत शुक्ला, सब इंस्पेक्टर आनन्द पांडेय, सब इंस्पेक्टर गौतम सिंह, सब इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र, सब इंस्पेक्टर बाबी सिरोही, सब इंस्पेक्टर अरविन्द सिंह, कांस्टेबल करण राजपूत, कांस्टेबल ऋषी कुमार, कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल श्याम सिंह, हेड मोहर्रर कुलदीप सिंह एवं पूरे स्टाफ ने मिल कर पौधरोपण किया, वहीं लोहिया के ब्रांड एंबेसडर रोहित टेक चंदानी, घड़ी ग्रुप के योगेश श्रीवास्तव, अखिलेश विश्वकर्मा प्रकाश नर्सिंग होम, वी वी आई पी पुरुषोत्तम बाजपेई, खरगपुर प्रधान रामेंद्र तिवारी ने भी पौधरोपणरोपण अभियान में पौधा रोपण कर सहभागिता निभायी चौबेपुर क्षेत्र के व्यापारी वर्ग ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लेकर पौधा रोपण किया।

## सपा विधायक ने विद्यालय में लगवाया इंटरएक्टिव बोर्ड



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कंपोजिट विद्यालय दाल मंडी सदर बाजार कानपुर नगर में शनिवार को विधायक अमिताभ बाजपेई द्वारा विद्यालय में इंटरएक्टिव बोर्ड लगवाया गया है जिसका उद्घाटन विधायक अमिताभ बाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज की प्रधानाध्यापक शगुफ्ता परवीन शिक्षामित्र शबाना परवीन, कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव द्विवेदी कंपोजिट विद्यालय परमिट के प्रधानाध्यापक सदर बाजार के अध्यापक फुरकान अली तथा अन्य विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे जहां उन्हें इंटरएक्टिव बोर्ड को संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करके शिक्षकों ने कहा कि इससे बच्चों को पढ़ने तथा पढ़ाने में बहुत आसानी होगी और छात्र संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। विधायक अमिताभ बाजपेई द्वारा विद्यालयों को स्मार्ट बनाए जाने के उद्देश्य से यह इंटरएक्टिव बोर्ड विद्यालयों में लगाये जा रहे हैं जिसके क्रम में अन्य विद्यालयों जैसे प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज,परमट, सदर बाजार आदि में भी इंटरएक्टिव बोर्ड लगवाये जाएगे तथा विद्यालयों में जो भी कमियां हैं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन में मोहम्मद सरिया, पार्षद रजत बाजपेई, पार्षद मोहम्मद परवेज आलम, मंडल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी संगठन मोहम्मद शारिक आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने अपनी मां के नाम से रोपे पौधे

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में दक्षिण जिले के सभी बूथों पर शनिवार को वृक्षारोपण अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत सांसद, विधायक, एमएलसी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पार्षदों के अलावा प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारी व मंडल से लेकर बूथ कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने बूथों पर अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए। इस अवसर पर दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को सुधारने और लगातार बढ़ते प्रदूषण से बचाव एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। पार्टी कार्यकर्ता अपने वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित व उज्ज्वल बनाने के लिए वृक्षारोपण महाभियान से जुड़ें। उन्होंने कहा कि भाजपा दक्षिण जिले की ओर से 15 हजार पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ के संकल्प के साथ 15 अगस्त तक चलने वाले वृक्षारोपण महाभियान के प्रति जनान्दोलन बनाने का आह्वान किया। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने किदवई नगर, बर्रा, जूही थाने के अलावा गणेश पार्क में अपनी मां के नाम पर पीपल का पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को शुद्ध वतावरण देने के लिए सबको वृक्षारोपण और जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने होंगे। इस अवसर पर राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, अंकित शर्मा, अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता, सत्यम शुक्ला, राजन चौहान, शिव पूजन सविता, आदि मौजूद रहे।

## देवर ने विधवा भाभी पर बांके से किया जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। थाना गुजैनी क्षेत्र में विधवा महिला से कहासुनी होने पर गुस्साए उसके देवर ने उस पर पहले डंडे से हमला किया और बेहोश होने के बाद लोहे के बांके से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। विधवा भाभी हैलट में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। डॉक्टरों ने महिला की हालत नाजुक होने की जानकारी दी है। वहीं आरोपी देवर घटना के बाद से फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। घायल महिला के बड़े बेटे तरुण ने बताया कि वह गुजैनी थाना क्षेत्र के एच ब्लाक कच्ची बस्ती का निवासी है, उसके पिता राजेश की डेढ़ साल पहले शराब पीने के कारण मौत हो चुकी है। उसके तीन भाई अरुण सिंह,श्याम सिंह,सुंदर सिंह हैं। पिता की मौत के बाद घर चलाने के लिए वह और उसकी मां मधु प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते हैं। वह दोनो कल काम पर गए थे। मां मधु घर पर थी। वह कल से काम पर था। छोटे भाई स्कूल गए थे सुबह उसे जानकारी हुई कि उसके नशेबाज चाचा राजेश ने मां को बांके से मार कर लहू लुहान कर दिया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायल महिला को हैलट अस्पताल भेजा जहां महिला हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जानलेवा हमाल करने की वजह अभी पता नहीं चली है आरोपी की तलाश की जा रही है।

# कलयुगी मां ने खुद नदीम को उतरवाया था मौत के घाट





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीती 4 जून को जनपद उन्नाव के अजगैन थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। युवक की हत्या करवाने में कोई बाहरी नहीं बल्कि उसको खुद जन्म देने वाली मां का हाथ था, मां ने ही अपने प्रेमी संग मिलकर भाड़े के हत्यारे से अपने बेटे के हत्या कांड को अंजाम दिलवाया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ज्ञातव्य हो कि कानपुर जनपद के थाना अनवरगंज क्षेत्र में रहने वाले कपड़ा कारोबारी नदीम की हत्या कर शव उन्नाव अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दरबारी खेड़ा गांव में एक कुएं में फेंक कर आरोपी फरार हो गए थे। मामा ताहिर की तहरीर पर अजगैन कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। जैसे-जैसे जांच बढ़ती गई वैसे-वैसे पुलिस को अहम सुराग हाथ लगते गए। 45 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद आखिर अजगैन पुलिस, एस ओ जी टीम, सर्विलांस टीम की मदद से हत्यारों तक पहुंच गई। ए.एस.पी. प्रेमचंद्र ने उन्नाव पुलिस लाइन में हत्याकांड का खुलासा किया तो सभी दंग रह गए। एएसपी के मुताबिक सर्विलांस की मदद से राजस्थान अजमेर के मोहल्ला लौंगिया के रहने वाले सलीम को पुलिस ने 2 दिन पहले हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो आरोपी ने सनसनीखेज खुलासा किया है। आरोपी ने बताया कि म्रतक की मां आरफा बेगम का राजस्थान के अजमेर के कोडरा पसन नागपडी वाली मंदिर किशनगंज के रहने वाले हासम अली से प्रेम संबंध थे। मां के प्रेम संबंधों में नदीम आड़े आ रहा था। इसके अलावा करोड़ो की संपत्ति भी उसी के नाम पर दर्ज थी। आरफा संपत्ति को बेचकर प्रेमी हासम अली के साथ राजस्थान में ही शिफ्ट होना चाह रही थी। बेटा नदीम इसका विरोध कर रहा था । जीवन के 50 बसंत पार कर चुकी आरफा प्रेम में पागल हो चुकी थी। जिसके बाद उसने अपने खून यानि कि सगे बेटे नदीम की प्रेमी हासम अली के साथ मिलकर हत्या की खौफनाक साजिश रच डाली। योजना के तहत मां ने शूटर सलीम को ढाई लाख रुपए देकर 4 जून को बेटे की हत्या करा दी। आरोपी सलीम ने कानपुर में धारदार हथियार से गले व चेहरे पर कई वारकर मौत के घाट उतारने के बाद शव को लखनऊ-कानपुर हाइवे पर उन्नाव के अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कुएं में फेंककर फरार हो गया था। बेटे की हत्या करने के लिए मां ने ढाई लाख की रकम शूटर को दी थी।

## कानपुर यूनिवर्सिटी में वृक्षारोपण कार्यक्रम सपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट विभाग में शनिवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 200 पौधे लगाए गए। इस वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार करना, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरणा देना रहा। । कार्यक्रम में स्कूल आफ बिजिनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो.अंशू यादव, डीन प्रशासन प्रो. सुधांशु पाण्डया, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नीरज कुमार सिंह, सह निदेशक डॉ.सुदेश कुमार श्रीवास्तव, सह आचार्य स्कूल आफ बिजिनेस मैनेजमेंट डॉ. विवेक सिंह सचान एवं एलमुनाई के सदस्य प्रो. सुनील शुक्ला मौजूद रहे।



# शौकत पहलवान का एक और फ्लैट पुलिस करेगी सीज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में इरफान सोलंकी के करीबियों पर लगातार पुलिस की कारवाई जारी है। शनिवार को आगजनी से जुड़े गैंगस्टर मामले में शौकत अली के एक ठिकाने ग्वालटोली पर पुलिस की टीम ने पहुंचकर शौकत अली की पत्नी आईशा बेगम के नाम से फ्लैट मे रह रहे किरायदार को नोटिस दिया है और फ्लैट खाली करने के भी निर्देश दिए हैं इसके बाद पुलिस इस फ्लैट को भी सीज करने की कारवाई करेगी। ज्ञातव्य हो कि इरफान सोलंकी और उसके करीबियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ग्वालटोली में स्थित इस फ्लैट में पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। किरायेदार को नोटिस देकर फ्लैट खाली करने के निर्देश देने के बाद पुलिस ने उस फ्लैट की तलाशी ली और संबंधित दस्तावेजों की जांच की है।

# अधिवक्ता के घर पर फायरिंग कर आरोपी फरार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना नजीराबाद क्षेत्र स्थित हर्ष नगर में बाइक सवार बदमाशों ने अधिवक्ता अश्वेंद्र सोनकर के घर पर फायरिंग की और फरार हो गए,सूचना पर नजीराबाद थाने की पुलिस समेत अन्य अफसर मौके पर पहुंचे। अधिवक्ता के घर पर लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि दो बाइक सवार युवक वकील के घर के बाहर रुकते हैं इसके बाद गोली चलाते हुए भाग निकलते हैं मामले के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। एसीपी स्वरूप नगर शिखर ने बताया हर्ष नगर में अधिवक्ता अश्वेंद्र सोनकर का घर है अधिवक्ता के घर के बाहर बाइक सवार दो युवकों ने फायरिंग की इसके साथ ही गाली गलौज करते हुए भाग निकले अधिवक्ता की सूचना पर नजीराबाद थाने की पुलिस फोर्स मौके पर जांच करने पहुंची थी।जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दो बाइक सवार कैद हुए हैं दोनों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ अधिवक्ता अश्वेंद्र सोनकर ने बताया कि उन्होंने बीती छह जुलाई को कई लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के एफआईआर दर्ज कराई थी उन्हें आशंका है की रंजिश के चलते उन्हें धमकाने की नीयत से घर के बाहर दबंगों ने फायरिंग की है। मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए नजीराबाद थाने में तहरीर दी गई है एसीपी स्वरूप नगर ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है इसके साथ ही एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# कोल्हापुर मे रज़ा जामा मस्जिद शहीद करने वालों पर राष्ट्र द्रोह का मुक़दमा दर्ज करने की मांग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




संस्था एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी की अगुवाई मे एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कल कानपुर कार्यालय पहुंचा और महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि महाराष्ट्र के विशालगढ मे रज़ा जामा मस्जिद को शहीद कर बाबरी विध्वंस कांड को पुनः दोहराने की मंशा से मुल्क को नफ़रत की आग मे झोंकने और दंगे फसाद करने के उद्देश रज़ा जामा मस्जिद को शहीद कर मस्जिद मे रखे कुरआन शरीफ को भी जलाया गया है,उस इलाके मे इंदिरा आवास योजना के तहत आवंटित आवासो मे रहने वाले दर्जनों मुस्लिम परिवारों को जान से मारने का प्रयास किया गया।

घटना को रोकने के लिए आए पुलिसकर्मीयों पर भी उक्त आतंकियों ने हमला किया जिसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए, कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों से भी मारपीट की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी ने कहा कि कहा कि जैसा कि आप स्वयं विदित हैं कि विगत दिनों महाराष्ट्र के कोल्हापुर के समीप विशालगढ मे कायम रज़ा जामा मस्जिद को कुछ आतंकी संगठन के आतंकवादियों द्वारा देश को दंगे की आग मे झोंकने के उद्देश्य से पुनः बाबरी मस्जिद जैसे प्रकरण को दोहराने की कोशिश की। साथ ही उस इलाक़े मे रह रहे मुस्लिम परिवारो के घरो मे तोड़ फोड़ की गई तथा जान से मारने की कोशिश भी की गई जिसे 6 स्थानीय लोग घायल हुए 12 पुलिस, कई मीडिया कर्मी घायल हुए उक्त आंतकियों का मंशा साफ है कि वो मुल्क हिन्दुस्तान को नफरत-दंगे की आग मे झोंकना चाहते थे।

## पति से प्रताड़ित विवाहिता ने एसीपी से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। कल्याणपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला अपने पति की हरकतों से परेशान है। आए दिन पति पत्नि पर झूठे आरोप लगाकर मुकदमा लिखाने का प्रयास करता है। पति की हरकतों से परेशान होकर महिला कल कल्याणपुर एसीपी कार्यालय पहुंची जहां महिला ने अपने पति की शिकायत की है। कल्याणपुर सत्यम विहार निवासी सरिता प्रजापति ने पति पर आरोप लगाते हुए बताया है कि उसका अपने पति सुनील कुमार से विवाद चल रहा है। गुजारा भत्ता, घरेलू हिंसा और तलाक का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमा वापस लेने के लिए पति आए दिन षडयंत्र रच कर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास करता है। पूर्व में भी उसके ऊपर एक फर्जी एफआईआर दर्ज करा चुका है। बीते दिनों उसकी 15 वर्षीय बेटी जो पति के साथ रहती है कहीं गायब हो गई। पति ने फोनकर उस पर बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाया और मुकदमा लिखाने की धमकी दी। बेटी मां से मिली तो बेटी ने बताया कि पापा ने उसके साथ मारपीट की थी जिस कारण वह घर छोड़ कर चली गई थी इसकी सूचना उसने पुलिस को दी। पति से अलग कल्याणपुर सत्यम बिहार में रहने के बावजूद आए दिन पति प्रताड़ित करता है। वहीं पुलिस ने जांच कर पति के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## के.डी. पैलेस में सावनी हाट मेला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। आल इण्डिया वूमेंस कांफ्रेंस व संरक्षण संस्था के तत्वावधान में महिलाओं व उनके द्वारा संचालित समितियों द्वारा निर्मित जीवनोपयोगी उत्पादों के लिए खरीददार उपलब्ध कराने के लिए के डी पैलेस में सावनी हाट बिक्री मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ शुभारंभ उप श्रम आयुक्त सौम्या पाण्डेय, अनीता, गर्ग, रमिन्दर कौर अरोड़ा व रीता गुप्ता द्वारा समवेत रूप से किया गया। आयोजकों के अनुसार यह मेला उन कामकाजी महिलाओं के लिए जीविकोपार्जन व प्रतिभा निखारने का अवसर है। 60 स्टालों द्वारा सुसज्जित मेले में मसाला परियोजना को बढ़ावा देने के लिए अच्छे कच्चे माल से मसाले तैयार करने वाली समितियो को पूरी तरह प्रोत्सा-हित किया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम : योगी सरकार के कृषि मंत्री ने अयोध्या में पौधा लगाकर किया जन अभियान का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण जन अभियान 2024 के तहत योगी सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विरासत वृक्ष वाटिका में पौधरोपण कर वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ मिल्कीपुर तहसील के ग्रामसभा सहुलारा में फीता काटकर पूरे विधि विधान के साथ पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर वन संरक्षक समीर कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं ग्राम प्रधानों व ग्रामवासियों द्वारा बरगद, नीम, पीपल, आंवला आदि का पौधा रोपण किया गया। इसी के साथ एक पेड़ मां के नाम महा अभियान के तहत मातृ वन का निर्माण डाभासेमर अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के पास किया जायेगा। योगी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण जन अभियान 2024 के तहत स्वयं पौधा रोपण करने के साथ साथ वहां उपस्थित सभी अधिकारियों, ग्रामवासियों, महिलाओं व बच्चों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए विरासत वृक्ष वाटिका में प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विरासत वाटिका के माध्यम से हम अपने पेड़ों की विरासत और अपने पूर्वजों की विरासत को जोड़कर अभियान को सफल बनाने का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहनीय सोच की हम सब अपने मां से अत्यंत प्रेम करते हुये तो उनके नाम पर प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाने का आहवान किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि विरासत वाटिका की स्थापना का मुख्य उद्देश्य केवल वृक्ष लगाना नही है बल्कि जिस प्रकार हम सबको विरासत में अपने पूर्वजों से जमीन, जायदाद आदि मूल्यवान चीजें प्राप्त होती है उसी प्रकार इस विरासत वृक्ष वाटिका के माध्यम से हम अपने आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति का एक मूल्यवान विरासत देने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष कोरोना काल के दौरान आक्सीजन की भारी कमी का सामना करना पड़ा था ऐसा हमारे बच्चों को समस्या न हों इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने किसी भी परिजन के नाम से एक पौधा अवश्य लगाये और उसको पाल पोषकर, सींचकर एक वृद्ध वृक्ष में बड़ा करें, क्योंकि वृक्षों के माध्यम से प्रकृति द्वारा हमें आपार आक्सीजन की मात्रा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्र सामान मतलब एक पौधे को लगाने का मतलब है उसकी देखभाल करना तथा उसे विशाल वृक्ष में बदलने तक 10 पुत्रों के बराबर मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने संकल्प दिलाया कि यदि 28 करोड़ लोग 10-10 पौधा लगाने की जिम्मेदारी ले लेते है तो आने वाले समय में 280 करोड़ पौधों के माध्यम से प्रकृति में बहुत सुधार हो जायेगा और जो इस वर्ष जून के 9 दिन सबसे गर्म रहे थे और विगत 50 वर्षो का रिकार्ड टूटा है तो उस समस्या का भी समाधान अपने आप हो जायेगा। इसके साथ ही प्रत्येक व्यक्ति बरगद, पीपल, नीम के साथ साथ आंवला, आम, जामुन आदि फलदार वृक्ष भी अवश्य लगाये, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्राकृतिक खान-पान की बेहतर व्यवस्था हो सकें और जैविक खेती को बढ़ावा दें।

### जिले में 39 लाख 79 हजार 734 पौधों का रोपण

विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज पूरे भारत में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके बारे में यहां पर उपस्थित लोगों को एक-एक वृक्ष लगाने का आहवान किया और लोगों को वृक्ष की आवश्यकता, उसके फायदे आदि की विस्तृत जानकारी दी।

### जिले को प्राप्त लक्ष्य को 26 विभागों के माध्यम से पूर्ण करने का कार्य

मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि जिले को प्राप्त लक्ष्य को 26 विभागों के माध्यम से पूर्ण करने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसमें वन विभाग द्वारा 1352738, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 1422870, राजस्व विभाग द्वारा 115000, पंचायती विभाग द्वारा 139000, कृषि विभाग द्वारा 309024, उद्यान विभाग द्वारा 169000, पर्यावरण विभाग द्वारा 248000 सहित अन्य विभागों के लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जिसको शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए उनके विभाग के विभागाध्यक्ष को जिम्मेदारी सौपी गयी है। उन्होंने बताया कि वन प्रभाग कार्यालय में मॉनीटरिंग के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम के अधिकारी द्वारा विभागों को सौपे गये लक्ष्यों के अनुरूप पौधा रोपण का विवरण आन-लाइन फीड करेंगे।

## राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में किया गया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, 25 शैय्या, नगर, रायबरेली में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर रवि प्रकाश सोनकर की उपस्थिति में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार राय और चिकित्साधिकारी डॉक्टर विजया लक्ष्मी द्वारा वृहत् स्तर पर पौधारोपण किया गया एवं आयुष उपवन की स्थापना की गयी। योग प्रशिक्षक डॉक्टर रवि प्रताप सिंह, स्टाफ नर्स सूफिया शाहीन, निधि मौर्य, फार्मासिस्ट श्री अखिलेश कुमार वर्मा, श्यामा शंकर, करन और राम निवास का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर पीपल, नीम, सहजन, अमरूद, जामुन, अशोक, अर्जुन, शहतूत, पाकर, निम्बू आदि पौधों को रोपित किया गया। इसके साथ ही अन्य सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों पर भी वृहत् वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया।

## स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सृजित करने हेतु वृक्ष लगाएं : वेद प्रकाश गुप्ता

**जन एक्सप्रेस । पूरा बाजार - अयोध्या**

पौधरोपण जन अभियान के तहत ग्राम मड़ना में एसबीएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने वृक्षारोपण किया उन्होंने आम जामुन पीपल पाकड व नीम के वृक्ष लगाए पौधरोपण में स्कूल प्रांगण व सड़क के किनारे 115 वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पौधरोपण जन अभियान के तहत प्रदेश में 36 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण है स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण सृजित करने हेतु खेतों में सड़कों के किनारे व सार्वजनिक स्थानों पर वृक्ष लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं कार्यक्रम की



अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक राजवंत सिंह व संचालन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने किया।
पौधरोपण में अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गौड़ गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा यादव मंडल महामंत्री राजेश पाठक ग्राम सचिव नीरज सिंह सामाजिक कार्यकर्ता विजय प्रताप सिंह अजय सिंह उर्फ बच्चे ने भी वृक्षारोपण में मुख्य अतिथि का सहयोग किया।

## प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण अभियान में हरिशंकरी पौधा लगाया, एक पेड़ मां के नाम का दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

वृक्षारोपण जन अभियान 2024 के दृष्टिगत प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने महानंदपुर स्थित मियावाकि पार्क में नोडल अधिकारी डॉ पिंकी जोवेल, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ हरिशंकरी का पौधा लगाकर उपस्थित लोगों को पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई।
इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनिश्चित होगा। कोरोना काल के बाद यह और भी आवश्यक हो गया है कि धरती माता की हरितमा को बचाए रखा जाए। इसके लिए सरकार द्वारा 36 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि पर्यावरण सुंदर और सुरक्षित रहे। उन्होंने उपस्थित जनता, स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आंगनबाड़ी बहनों को सहजन के




पौधे वितरित करते हुए कहा कि इसके औषधि गुण के बारे में वह अन्य महिलाओं को भी बताएं।
इस अवसर पर नोडल अधिकारी /सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा डॉ पिंकी जोवेल ने भी बताया कि वृक्षारोपण से आर्थिक लाभ के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। उन्होंने बताया कि जिन प्रदेशों में वृक्ष अधिक लगे हैं वहां का तापमान अन्य स्थानों से 5 से 6 डिग्री सेंटीग्रेड काम रहता है। वर्तमान समय में बढ़ते तापमान को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनको संरक्षित करें। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों की देखभाल करती है और बच्चा बड़े होने के बाद अपनी मां की देखभाल करता है। ठीक उसी प्रकार हम सब को भी अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और अपने बच्चों की तरह उनका लालन पोषण करना चाहिए। यही पौधे वृक्ष बनाकर कल हमारे आने वाले पीढ़ियों की रक्षा करेंगे।
डीएफओ आशुतोष अग्रवाल ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में 52 लाख 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जा रहे हैं। सभी विभागों को पौधे उपलब्ध करा दिए गए हैं और उनका लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए। लोगो से भी पौधे लगाने की अपील की जा रही है।
इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल,पूर्व विधायक रामलाल अकेला, अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह,जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के अतिरिक्त जनप्रतिनिधि,व्यापार एवं उद्योग मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## आरटीओ ऑफिस अयोध्या एवं डीटीटीआई में हुआ पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

(वन) में बृहद पौधरोपण अभियान को पूरे प्रदेश में एक साथ किए जाने के निर्देश के अनुक्रम में सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अयोध्या एवं डीटीटी आई, उदया चौराहा अयोध्या में परिवहन विभाग द्वारा सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या ऋतु सिंह, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रेम सिंह, एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पीपल, आम, नीम, अर्जुन, वोगन बेलिया, आदि पेड लगाये गए। आरटीओ द्वारा बताया गया। कि पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ते प्रदूषण, पेड़ों के कटान को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण, मानव जीवन एवं हमारी धरती माँ को बचाने के लिए बेहद आवश्यक है। पेड़ों से उत्सर्जित ऑक्सीजन वाहनों एवं अन्य मशीनों से निकलने वाली हानिकारक गैसों से होने वाले प्रदूषण को कम करने



में सहायक होती है। साथ ही बाढ सूखा आदि रोकने में सहायक सिद्ध होती है। हाल ही में ट्रांसपोटर्स, डीलर्स एवं अयोध्या जनपद के स्कूल प्रधानाचार्य के साथ बैठक कर उन्हें भी वृक्षारोपण के इस महा अभियान में सक्रिय योगदान व वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। आरटीओ द्वारा बताया गया कि अयोध्या सम्भाग के समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) को निर्देश दिए गए कि शासन एवं आयुक्त महोदय, अयोध्या मण्डल, अयोध्या के पत्र के क्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वन विभाग से पौधे प्राप्त कर विभिन्न स्थानों एवं कार्यालयों में वृक्षारोपण करना सुनिश्चित करें एवं उसकी देख-भाल हेतु उचित प्रबन्ध करना सुनिश्चित करें।

## 51 बच्चों पर 5 अध्यापक की तैनाती, एक ही कमरे में कैसे पढ़ाएं

**जन एक्सप्रेस । मवई- अयोध्या**

सरकारी स्कूलों में बच्चों की रुचि बढ़ाने को लेकर सरकार नए नए फार्मूला तैयार कर रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मवई ब्लाक में एक ऐसा परिषदीय विद्यालय है जिस में 51 छात्रों की पढ़ाई के लिए 5 अध्यापकों की नियुक्ति तो की गई लेकिन स्कूल में सिर्फ़ एक कमरा है अब आखिर बच्चों को कैसे पढ़ाए। मामला प्राथमिक विद्यालय बरतरा का है जहां पर 4 वर्ष पूर्व विद्यालय का जर्जर भवन गिर चुका है तब से लेकर आज तक भवन का निर्माण नहीं हो सका है मात्र एक अतिरिक्त कक्ष में सभी कक्षाओं के बच्चे एक साथ मे ही पढ़ने को मजबूर हैं वहीं इस विद्यालय में एक शिक्षा मित्र सहित पांच अध्यापक की तैनाती है। ऐसी दशा में साफ अंजादा लगाया जा सकता है कि बच्चे क्या पढ़ते होंगे और अध्यापक क्या पढ़ाते होंगे। शनिवार को टीम ने जब पड़ताल किया तो पता चला इस विद्यालय में कुल 51 बच्चों का पंजीकरण है। जिसमे शनिवार को 36 बच्चो की उपस्थिति रही। एक मात्र अतिरिक्त कक्ष में ही पांच अध्यापक पढ़ाते हुए नजर आए। प्रधानाध्यापक मोहम्मद शरीफ अंसारी ने बताया कि भवन निर्माण के लिए कई बार बीएसए को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया गया है। किंतु अभी तक भवन का निर्माण नही हो सका है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय निषाद ने बताया कि विद्यालय गांव के अंदर होने की वजह से भवन निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन नही है, जिसके लिए लेखपाल के माध्यम से जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव तहसील प्रशासन को सौंप दी गई है।

## फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज में किया गया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

फीरोज गांधी डिग्री कालेज रायबरेली (सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ) में आज दिनांक 20 जुलाई 2024 को वृहद पौधरोपण किया गया।
महाविद्यालय के प्रबंध मंत्री इंजी0 अतुल भार्गव संयुक्त मंत्री डॉ0 एस0 के0 पाण्डेय तथा कालेज प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी ने पौधरोपण किया। प्रबंध मंत्री इंजी0 अतुल भार्गव ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पौधरोपण व उनका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हरा-भरा वातावरण ही हमारे जीवन का मूलाधार है
पौधरोपण के इसी क्रम में एन0सी0सी0 प्रनारी प्रो0 राजेश कुमार प्रो0 नीलान्शु अग्रवाल डॉ0 सी0 लाल चीफ प्राक्टर डॉ0 अरविन्द सिंह शिक्षक सघ मंत्री डॉ0



सुभाष बन्द, रेन्जर्स प्रभारी डॉ0 किरन श्रीवास्तव रोवर्स प्रभारी डॉ0 अजय सिंह चौहान एन0एस0एस0 प्रभारी डॉ0 आजेन्द्र प्रताप सिंह डॉ0 शामिनी श्रीवास्तव डॉ0 विनय सिंह डॉ0 प्रवेश कुमार डॉ0 धनजय सिंह डॉ0 गुलाब डॉ दब्बे भारती आदि प्रोफेसर्स व दिनेश सिंह, आलोक त्रिवेदी, सुशील मौर्य, विनोद मिश्रा आदि कर्मचारी तथा सैकड़ो छात्र/छात्राओं ने पौधरोपण किया।

## डी ए वी पब्लिक स्कूल छात्र छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद के एन टी पी सी ऊंचाहार स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं का बैज अलंकरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मनदीप सिंह छाबड़ा मुख्य महाप्रबंधक एन टी पी सी परियोजना, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार महाप्रबंधक परिचालन, श्रीमती रूमा डे शर्मा प्रमुख मानव संसाधन, एवम श्री निवास शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन उपस्थित रहे।
सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्र जी ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।
विद्यालय के बच्चों ने मंगलाचरण के साथ अतिथियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अत्यंत मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया




गया। अतिथियों ने थीम **द वर्ल्ड ऑफ़ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** पर आधारित वॉल मैगज़ीन का अनावरण किया।रंगोली प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी को भी खूब सराहा गया। विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान प्रक्षेपण के सिद्धांत पर आधारित वर्किंग मॉडल, वाटर लेवल डिटेक्टर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। स्कूल कोर कमेटी को मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों के द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया।
स्कूल कोर कमेटी में हेड बॉय आदर्श सोनी, हेड गर्ल मनु यादव, डिप्टी हेड बॉय वैभव शुक्ला, अशवी सिंह चुने गए जबकि सी.वी.रमन हाउस में कैप्टन अर्पित यादव एवं हिमानी यादव, हरगोविंद खुराना हाउस में कैप्टन वार्षिकेय रॉय एवं मानसी मिश्रा, होमी जे. भाभा हाउस में कैप्टन जैनित अग्रहरि एवं समृद्धि त्रिपाठी जबकि रामानुज हाउस में कैप्टन निखिल सिंह एवं श्रेया सिंह को चुना गया। मुख्य अतिथि ने सभी नवचयनित कमेटी सदस्यों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। प्रधानाचार्य ने नवचयनित कोर कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर स्कूल के अनुशासन में सहयोग करने को प्रेरणा भी दी।

## धरती माँ हम सभी की जीवनदायिनी : कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' के अन्तर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने आम के पौधे रोपित कर वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया। इस वृक्षारोपण अभियान में लवकुश व सरयू छात्रवास, आईईटी परिसर, फार्मेसी संस्थान में एक हजार से अधिक वृक्षों को रोपित किया गया। मौके पर कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि धरती माँ हम सभी जीवनदायिनी है। इसे बचाये रखने के लिए पौधा जरूर रोपित करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा। समाज के सभी लोगों को पर्यावरण के महत्व को समझते हुए पौधा जरूर रोपित करें। इसके साथ ही समाज को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करें।
विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पौधरोपण अभियान के तहत परिसर में चार हजार वृक्ष रोपित किए जायेंगे। जिसमें प्रथम दिन एक हजार पौधा रोपण किए गए है।

## प्रशासन ने हटवाया खलिहान से अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राजस्व अभिलेखों में दर्ज खलिहान की कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर किए गए निर्माण को शनिवार को प्रशासन द्वारा मुक्त करा लिया गया। तहसील गौरीगंज के परगना गौरा जामो के ग्राम सभा दूरामऊ में राजस्व अभिलेखों में खलिहान के खाते में दर्ज सड़क के किनारे की कीमती जमीन पर गांव के बशीर ने शौचालय निर्माण कर अवैध कब्ज़ा कर लिया था। ग्राम प्रधान द्वारा इसे हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए एसडीएम दिग्विजय सिंह ने नायब तहसीलदार जामो को अवैध कब्जा हटवाये जाने के लिए निर्देशित किया। बताते चलें कि खलिहान सुरक्षित श्रेणी की भूमि होती है।जिस पर किसी प्रकार का निर्माण अवैध निर्माण की श्रेणी में आता है।जिसे हटवाने के लिए ग्राम प्रधान के साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल की जिम्मेदारी बनती है।इस मामले में लेखपाल की हीलाहवाली को देखते हुए शनिवार को नायब तहसीलदार जामो अनुश्री त्रिपाठी ने मौके पर पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से गिरवा दिया। प्रशासन की कार्यवाही से जहां भूमाफियाओं के लिए बड़ा संदेश गया है,वहीं ग्राम प्रधान और गांव के लोग न्याय में विश्वास व्यक्त कर रहे हैं।




## एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत एडीएम प्रशासन किया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रधानमंत्री की शुरू की गई मुहिम एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी ने शहर की बेलीगंज में स्थित कंपोजिट स्कूल बेलीगंज में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत किया। वृक्षारोपण अभियान में एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल ने अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाया और उसको संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आज जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है भीषण गर्मी से लोगों को गंभीर बीमारियों का प्रभाव हमारे जीवन पर पढ़ रहा है उससे बचाव का सिर्फ एक ही तरीका है। सभी लोग एक पेड़ जरूर लगाए। अभी एक माह पूर्व जून में भीषण गर्मी, तपिश और परेशानी झेलकर आम जनमानस त्राहिमाम कर गया था। हम मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण करके आने वाली पीढियां को सुरक्षित और संरक्षित कर सकते हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कक्षा 1 और कक्षा 2 के बच्चों को NCERT की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। बीएसए ने कहा अब सरकारी स्कूल के बच्चे भी NCERT की पुस्तकें पढ़ेंगे। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के संयोजक ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शंशाक सिंह राठौर, प्रभारी प्रधानाध्यापक रीनू सिंह, डॉ विवेकानंद त्रिपाठी अमिता पांडे, स्वयंप्रभा, सुमन, जया, लज्जावती, ताबिश, सागर, मायाराम, प्रवीण, शिव कुमार, भारत समेत अभिभावगण आदि मौजूद रहे।

## 04 माह नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 05 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के अनुसूचित जाति/जनजाति (सब प्लान-ट्राइबल सब प्लान) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजनान्तर्गत युवक/युवतियों को स्वरोजगार के उद्देश्य से मेडिकल नर्सिंग (आया) एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर में 04 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।
उपयुक्त उद्योग ने कहा है कि अनुसूचित जाति/जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के इच्छुक महिला/पुरुष अभ्यर्थी जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य तथा विशेष ट्रेड के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण हो, आवेदन-पत्र आनलाइन वेबसाइट- https://diupmsme.upsdc.gov.in/ पर 05 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किए जाएंगे।

# कस्बे से लेकर गांव तक चला वृक्षारोपण अभियान

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शनिवार को पूरे जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मंत्री, विधायक के साथ ही अन्य जन प्रतिनिधियों तथा पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भूमि पूजन कर पौधे लगाए। वहीं सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पर्यावरण बचाने के इस महाअभियान में हिस्सा लिया। शहर से लेकर गांव तक चलाए गए अभियान में जनपद में एक दिन में साढे छियालिस लाख से अधिक पौधे लगाए गए।



### जगदीशपुर के ततारपुर में हुआ पौधरोपण का शुभारंभ

जगदीशपुर ब्लॉक के ततारपुर में वनविभाग के वृक्षारोपण स्थल पर तीन हेक्टेयर भूमि नोडलअधिकारी यूपीपीसीएल के एमडी पंकज कुमार, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक गौरीगंज राकेश सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, डीएम निशा अनंत एवम एसपी अनूप सिंह द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन कर पौधारोपण किया गया। नोडल अधिकारी ने हरीसंकरी का पौधा लगाया।ततारपुर में पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर, आम, नीम, महुआ, करौंदा नींबू,जामुन,अर्जुन सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। वहीं लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु तार की बैरिकेडिंग कराई गई।राज्य मंत्री ने सभी से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि धरती पर हरियाली रहेगी तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। डीएम एवं एसपी ने स्कूली छात्र छात्राओं को आम के पौधों का वितरण कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैया को लेकर सभी से ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे अन्य पदार्थों का उपयोग बंद करने के लिए जागरूक किया।

### कलेक्ट्रेट व अन्य कार्यालय में भी हुआ पौधरोपण

कलेक्ट्रेट परिसर में विधायक राकेश सिंह, एसडीएम गौरीगंज दिग्विजय सिंह, तहसीलदार नरेंद्र बहादुर यादव, तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी ने वृक्षारोपण किया। गौरीगंज सीओ मयंक द्विवेदी ने नवीन पुलिस लाइन परिसर में सीओ अमेठी लल्लन सिंह ने नवीन थाना परिसर अमेठी में पौधारोपण किया। बीएसए संजय तिवारी एवं कार्यालय कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। और लगाए गए पौधों के देखभाल का संकल्प लिया गया।जिले के सभी ग्राम ग्राम पंचायतों में संबंधित ग्राम प्रधान के नेतृत्व में अमृत सरोवर व ग्राम समाज की खाली भूमि पर पौधरोपण किया गया।

# मुआवजे और पुनर्वास के लिए अकबर नगर के निवासियों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह तब हुआ, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल नदी के किनारे पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। प्रदर्शनकारी वही लोग हैं, जिनको हाल ही में अकबर नगर से वसंत कुंज में विस्थापित किया गया है। इनका कहना है कि हम सब अकबर नगर जाकर सीएम से मुलाकात करना चाहते थे। लोगों के हाथ में पोस्टर-बैनर बैनर थे। इसमें लिखा था- योगी जी हम लोगों के साथ इंसाफ करो। हमसे भेदभाव क्यों। प्रदर्शनकारियों के समर्थन में लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान विधायक ने सीएम पर कई सवाल उठाए।

### सीएम कार्यालय का नक्शा पास नहीं, क्या वह भी अवैध?

मुख्यमंत्री कार्यालय का भी नक्शा पास नहीं है, क्या वह भी अवैध है? भाजपा और सीएम योगी आदित्यनाथ प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने 60 साल से जिंदा रहे अकबर नगर को उजाड़ने का काम किया है। सरकार जुल्म और अन्याय पर उतारू है। यही कारण है कि अकबर नगर के बाद खुर्रम नगर, पंत नगर, अबरार नगर को भी तोड़ने के लिए सोच रही है। सरकार ने अकबर नगर के उन लोगों को उजाड़ा है, जो लोग 50-60 सालों से रह रहे थे। अब उनको एक रूम में शिफ्ट कर दिया है। इसके भी पैसे लिए गए हैं। किसी को मुआवजा नहीं दिया गया है। विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाएंगे। मुआवजे की मांग की जाएगी। कुकरैल की जमीन को वापस करने के साथ इन लोगों को मुआवजा दिया जाए।



### ज्ञापन सौंपकर सुनाई समस्या

धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम रविदास मेहरोत्रा और एसीपी को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान अकबर नगर की बस्ती को दोबारा बसाने और मुआवजा देने की मांग की है। वसंत कुंज के लोगों को कहना है कि सुबह 11 बजे से लाइट की कटौटी हुई है। देर शाम तक नहीं आई है। ऐसी स्थिति रोज रहती है। शिकायत करने पर बिजली विभाग के लोग फोन नहीं उठाते। पीने का जो पानी आती है वह भी गंदा रहता है। इसके चलते हम लोगों को बीमार होने का डर बना है। लोगों ने कहा- हमें फ्लैट नहीं हमारा घर चाहिए।

### बुलडोजर चलाकर कर दिया तहस-नहस

लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक मंडल के सदस्य इमरान रजा ने कहा अकबरनगर के साथ सरकार ने अन्याय किया है। पूरे क्षेत्र को डूब क्षेत्र घोषित करने की नोटिस दी गई और बुलडोजर लगाकर तहस-नहस कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। सभी को रोजगार से महरूम कर दिया।

### विस्थापित लोगों के परिवार में भुखमरी जैसी समस्या

इमरान रजा ने कहा कि जिन लोगों को हटाया गया उनके परिवार में भुखमरी जैसी समस्या है। हालत ये है कि जिंदगी जी पाना मुश्किल होता जा रहा है। सरकार अब 35 मीटर कुकरैल रिवर फ्रंट के लिए ले रही है। कुकरैल के दोनों तरफ 50 मीटर फ्लड प्लेन जोन की अब उसे न तो आवश्यकता है और ना कोई प्रस्ताव है। 500 मीटर दूर बसे अकबर नगर को ध्वस्त कर दिया गया। सरकार को अकबर नगर निवासियों को दोबारा बसाने चाहिए, लेकिन सरकार उस जगह 25 एकड़ में पार्क और पेड़ पौधे लगा रही रही है। इंसान को बेघर कर पेड़ लगाने की घोषणा करना अमानवीय है। धरना दे रही महिलाओं का कहना है कि हमारे साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा। हमें बेघर क्यों किया। हमारा घर हमें वापस करो।

### घर मिला तो जिंदगीभर रहेंगे सीएम के आभारी

स्थानीय निवासी फरहान शाह ने कहा कि यहां पर रोजी रोजगार नहीं है। बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। लोग लगातार समस्याओं का समाधान करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कुछ भी सुना नहीं जा रहा है। वसंत कुंज में विस्थापित किए गए लोगों को फिर से अकबर नगर में घर दिया जाना चाहिए। यहां के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी रहेंगे।

### एक कमरे में नहीं हो पाता गुजारा

प्रदर्शन कर रही महिला का कहना है कि यहां एक कमरा और एक बरामदा मिला है। इसमें पूरे परिवार का गुजारा नहीं हो पाता है। हम लोग परेशान हैं। जिस तरह से अन्य जगहों में 35 फीट तक बने घरों को गिराया गया है। उसी तरह अकबर नगर में भी होना चाहिए था। हमें अकबर नगर में फिर से घर दिया जाए।


### अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर विकसित होगा वन

सीएम ने कहा- लखनऊ के आसपास के क्षेत्र को स्टेट कैपिटल के रूप में विकसित किया जायगा। इसके भौतिक प्रयास के साथ प्रकृति का भी ख्याल हमें रखना होगा। अकबर नगर में अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई 25 एकड़ भूमि पर वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। जिसमें शीशम, जामुन, बेल, अर्जुन, आम, इमली, आंवला, कटहल, अमरूद समेत 32 प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। इसमें छह हजार बड़े पौधे, जबकि 4 हजार छोटी प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे। हर्ब प्रजाति में नींबू, करौंदा और चांदनी के पौधे लगाए जा रहे।

# तीन नए आपराधिक कानून पर कार्यशाला का समापन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कुलाधिपति सतीश चंद्र मिश्रा, प्रति-कुलाधिपति श्री कपिल मिश्रा एवं कुलपति डॉ. प्रशांत त्रिवेदी के मार्गदर्शन में टी.एस मिश्रा विश्वविद्यालय मे आज तीन नए आपराधिक कानून पर कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में पहले दिन के मुख्य वक्ता जामिया मिलिया विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफ़ेसर असद मलिक तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर वागेश्वरी देशवाल थीं। द्वितीय दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेंटर फ़ॉर पोस्टग्रेजुएट लीगल स्टडीज की डायरेक्टर प्रोफ़ेसर प्रीति सक्सेना एवं यहीं के स्कूल आफ लीगल स्टडीज की अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रीति मिश्रा थीं। प्रो. सक्सेना ने उन कानून की प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा की जो कि दंड के बजाय न्याय प्रदान करते हैं तथा संवैधानिक प्रावधानों को कानून की मूलभूत तिकड़ी से जोड़ते हैं। प्रो. मिश्रा ने ÷पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण÷ के माध्यम से आपराधिक न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन पर विचार कर नए कानून




के प्रवर्तन के बारे में बताया। संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी.सिंह ने दोनों अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ÷सरकार द्वारा तीन पुराने ड्रैकोनियन कानून को निरस्त कर तीन नए आपराधिक कानून को लाना एक सराहनीय कार्य है, इस कानून के लागू होने से जहां एक ओर अधिकतम 3 वर्ष में न्याय प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर अपराधियों को दोषसिद्ध करने की दर में वृद्धि होगी परंतु झूठी एफआईआर करना, झूठी गवाही देना, झूठी चार्जशीट फाइल करना, दहेज अधिनियम एवं अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम के दुरुपयोग आदि को भारतीय न्याय संहिता में अपराध घोषित नहीं किया गया है। इन्हें अपराध घोषित करने पर मुकदमों की संख्या में कमी आएगी, इसके अतिरिक्त नार्को पॉलीग्राफिक ब्रेन मैपिंग टेस्ट को अनिवार्य किया जाना चाहिए और इसकी रिपोर्ट को विधिपूर्ण साक्षी माना जाना चाहिए उनका कहना था कि पुलिस अधिनियम 1861 को निरस्त करके नया पुलिस अधिनियम बनाया जाना चाहिए, प्रो. प्रीति मिश्रा का स्वागत प्रो. उपेंद्र तिवारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. शिप्रा मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अन्नपूर्णा त्रिवेदी द्वारा किया गया।



# डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी को दुबई में किया गया सम्मानित

- डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी ने देश विदेश में किया लखनऊ का नाम रोशन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

डॉ आदर्श त्रिपाठी को दुबई में आयोजित विश्व होम्योपैथिक सम्मिट 2024 में सर्वश्रेष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट विशेषज्ञ (होमियोपैथिक किडनी स्पेशलिस्ट) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।डॉ आदर्श त्रिपाठी ने इस सम्मान से देश विदेश में लखनऊ का नाम रोशन किया है। उक्त सम्मान श्री अश्विनी चौबे,अभिनेता अनुपम खेर जी, प्रसिद्ध कवि कुमार,क्रिस गेल और बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी डॉ नीतीश चंद्र दूबे द्वारा डॉ आदर्श त्रिपाठी को दिया गया। दुबई में हुए कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेट जगत से जोंटी रॉट्स,बॉलीवुड से श्री मनोज तिवारी जैसी मशहूर हस्तियां भी उपस्थित रही।कार्यक्रम का आयोजन दुबई में विश्व प्रसिद्ध 7 सितारा होटल बुर्ज अल अरब में बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु-पूजन का पर्व है। सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु-शिष्य की सुदीर्घ परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। शास्त्रों के अनुसार इस पूर्णिमा की तिथि पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए व्यास पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान बताया गया है। गुरु शिष्य को रचता है, इसलिए वह ब्रह्मा है। गुरु, शिष्य की रक्षा करता है, इसलिए वह विष्णु है। गुरु शिष्य के सभी दोषों का संहार करता है, इसलिए वह साक्षात महेश्वर है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानीगंज गांव में प्रमोद कुमार बाजपेई पुत्र शिवराम बाजपेई निवासी ग्राम अमानीगंज की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सिल्वर रंग की घर के बाहर खड़ी थी। वहीं प्रमोद बाजपेई ने बताया कि शुक्रवार रात 10 बजे मेरी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी हो गई जिसकी शिकायत मैंने थाने पर की हैं। बता दे कि बीते शुक्रवार रात 10 बजे अमानीगंज गांव में प्रमोद बाजपेई के घर के बाहर से उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल रंग सिल्वर नंबर यूपी 32 एल ई 5403 अज्ञात चोर चुरा कर फरार हो गए। प्रमोद कुमार ने बताया कि घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी की लिखित शिकायत स्थानीय दरोगा को देखकर कार्यवाहीं की मांग की थी। पूरा मामला बीते शुक्रवार रात 10 बजे का है। वहीं मोटरसाइकिल चोरी होने से पीड़ित का काम बाधित हो रहा है पीड़ित परेशान है।

### गुरु पूर्णिमा पर मंत्रियों ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस/ लखनऊ।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंत्रियों ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। गुरु सच्ची राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने प्रदेशवासियों को इस विशेष अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।मंत्रियों ने अपने संदेश में गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमारे गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करने का है। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अवसर पर गुरुओं का आशीर्वाद लेने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की। मंत्रियों ने विश्वास व्यक्त किया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व सभी के जीवन में ज्ञान और समृद्धि का प्रकाश लेकर आएगा।

### डॉ. उज्ज्वल कुमार ने किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस/ लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''एक पेड़ मां के नाम'' जन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शनिवार को विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग के मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, डालीगंज में संपन्न हुआ।मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की। उन्होंने पीपल, पाकड़ और बरगद के पौधे रोपे। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और हरियाली को प्रोत्साहित करना है।इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र की प्राचार्य तनुजा, अन्य विभागीय अधिकारी, और कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।

### हाईकोर्ट परिसर में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/ लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ के परिसर में आज को वृहद वृक्षारोपण जन-महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य न्यायमूर्ति अरूण भंसाली वरिष्ठ न्यायमूर्ति लखनऊ खण्डपीठ एआर मसूदी एवं अन्य न्यायमूर्ति एवं रजिस्ट्री के अधिकारी,कर्मचारी सम्मिलित हुये।इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ के रजिस्ट्रार प्रोटोकाल सुबेदार सिंह ने बताया मुख्य न्यायमूर्ति व अन्य न्यायमूर्ति द्वारा पौधों की अलग-अलग प्रजातियों जैसे टैबेबुइया पिंक ट्रपेट अमलतास, सहजन, लीची इत्यादि का रोपण किया गया है।उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण जन-महाअभियान कार्यक्रम का अयोजन उत्तर प्रदेश वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कम्पार्टमेंट परीक्षाएं संपन्न

**जन एक्सप्रेस/ लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित 2024 की हाईस्कूल कम्पार्टमेंट इम्प्रूवमेंट और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षाएं प्रदेश में निर्धारित 93 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुईं। परीक्षाओं का आयोजन वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में किया गया।प्रथम पाली में हाईस्कूल कम्पार्टमेंट इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए 20,729 परीक्षार्थियों में 1,851 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए 23,633 परीक्षार्थियों में से 1,350 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षाओं में 3,201 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# इटौंजा चेयरमैन ने नगर पंचायत कार्यालय पर किया वृक्षारोपण

- इटौंजा नगर पंचायत के सभी वार्डों में लगाए जायेंगे हजारों पेड़: अवधेश अवस्थी कमल

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ जिले की इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय परिसर में चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने कार्यालय के पदाधिकारी व कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया। बता दे कि 2024 वृक्षारोपण अभियान ÷एक पेड़ मां के नाम÷ जोकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाया गया हैं। उसी के तहत लखनऊ जिले की इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय पर इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश कुमार अवस्थी कमल ने अपने नगर पंचायत के कर्मियों एवं पदाधिकारी के साथ कार्यालय परिसर में पांच पौधे लगायें। वहीं इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने बताया कि इटौंजा नगर पंचायत के सभी वार्डों में वृक्षारोपण किया जायेगा तथा पीपल पकड़ व अन्य पेड़ लगवाए जाएंगे, कहा कि पेड़ हम सभी को आगे चलकर ऑक्सीजन एवं शुद्ध वातावरण देगें। इस मौके पर इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, अरुण अवस्थी, नगर पंचायत पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# बहराइच में रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, 194 की बचाई गई जान

- अचानक घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से फंस गये थे खेतों में काम कर रहे ग्रामीण
- नेपाल से अचानक पानी छोड़े जाने से घाघरा नदी का बढ़ गया था जलस्तर
- जिला प्रशासन ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बचायी ग्रामीणों की जान
- बचाये गये ग्रामीणों में पुरुषों के साथ ही महिलायें एवं बच्चे भी शामिल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

### बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने को रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि राज्य इमरजेंसी सेंटर को शुक्रवार शाम 6:30 बजे बहराइच में बाढ़ के पानी में सैकड़ों लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। इस पर मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील और बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी को सूचना दी गयी। इस पर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी आनन फानन में मौके पर पहुंचे। मंडलायुक्त देवी पाटन शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि ग्राम चहलवा परगना धर्मापुर तहसील मिहीपुरवा (मोतीपुर) बहराइच के करीब सौ से अधिक ग्रामीण घाघरा नदी के दूसरी ओर अपने खेतों में काम करने गये थे। इस दौरान घाघरा का जलस्तर कम था। वहीं शाम को नेपाल से अचानक पानी छोड़े जाने से घाघरा का जलस्तर बढ़ गया। इसकी वजह से ग्रामीण अपने खेतों में फंस गये। मामले की सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां जानकारी मिली कि बाढ़ के पानी में करीब 194 ग्रामीण फंसे हैं, जिसमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने बताया कि एसएसबी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर रात में ही 63 लोगों को बचा लिया, जबकि अन्य 131 लोगों को करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 9 बजे तक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। डीएम ने बताया कि पानी के तेज बहाव और अंधेरे की वजह से देररात में कुछ देर के लिए ऑपरेशन को रोका गया ताकि कोई जनहानि न हो। इसके बाद फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

योगी सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की लगातार मॉनीटरिंग कर रही है। यहां प्रशासन की ओर से आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार शाम बहराइच में अचानक नेपाल से छोड़े गये पानी से खेत में काम कर रहे 194 लोग फंस गये। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू टीम ने बाढ़ में फंसे 63 लोगों को रात में ही सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 131 लोगों को बचाने के लिए सुबह 9 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू में बचाये गये लोगों में पुरुषों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलायें और बच्चे भी शामिल रहे। बाढ़ में फंसे लोगों की स्वास्थ्य जांच कराने के बाद सभी को उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया गया। इस दौरान सभी को राहत सामग्री भी वितरित की गयी।

### मेडिकल चेकअप के बाद सभी को भेजा गया घर

जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ में फंसे सभी 194 लोगों का सुरक्षित निकाल लिया गया। इसके बाद सभी का मेडिकल चेकअप कराने के बाद उनके खाने-पीने की व्यवस्था की गयी। इसके बाद सभी को वाहनों से उनके गांव में पहुंचाया गया। इस दौरान आपदा से फंसे पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की गयी। इसके साथ ही घाघरा नदी के आस-पास बसे गांव के लोगों से नदी के पास न जाने की अपील की जा रही है। इसको लेकर गांवों में रेस्क्यू टीम द्वारा लगातार अलर्ट किया जा रहा है।

# ऊर्जा मंत्री ने आजमगढ़ के तमौली गांव में लगाया 'मौलश्री' का पौधा

- मंत्री के नेतृत्व में हुआ 75 सौ पौधों का रोपण
- अनुकूल जलवायु के लिए पौधरोपण बहुत आवश्यक: शर्मा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा 20 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उनके पवित्र विचार तथा सांस्कृतिक धरोहर के रूप में एक पेड़ मां के नाम पर आजमगढ़ जिले के तमौली ग्रामसभा में मौलाश्री का पौधा लगाकर पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने नागरिकों, महिलाओं, ग्रामीणों को पौधों का वितरण भी किया और ग्रामवासियों से वृक्षारोपण अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने तथा आजमगढ़ जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण की अपील की। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में 36.50 करोड़ पौधरोपण किया जाना है, इसमें से 58 लाख पौधे आजमगढ़ जिले में लगाए जाएंगे।इस अवसर पर तमौली में मंत्री के नेतृत्व में 75 सौ पौधों का रोपण किया गया। ग्रामसभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एके शर्मा ने कहा कि हमारी धार्मिक परंपरा और आध्यात्मिक चेतना पेड़ पौधों और प्रकृति में साक्षात ईश्वर का दर्शन कराती हैं। इसी धार्मिक परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का बोध कराने के लिए ही प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का आह्वान किया था। उन्हीं की प्रेरणा से आज पूरे देश में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। हम सब का यह प्रयास हो कि हमारे आसपास का वातावरण सुंदर और हरा-भरा हो, आने वाले पीढ़ियों को ऐसा वातावरण मिले कि वे स्वस्थ रहें। सुखद जीवन के लिए प्रकृति का संरक्षण बहुत जरूरी है, हमारे धर्मशास्त्रों में प्रकृति को दूसरी मां का स्थान मिला है। हमारी संस्कृति ने वृक्षों में देवताओं का वास बताया है, हम वृक्षों की पूजा करते हैं।

# विधानसभा सत्र 29 से, हंगामेदार होने के आसार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का सत्र 29 जुलाई से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने कल आधिकारिक घोषणा कर दी है। विधानसभा सत्र को लेकर तैयारियां शुरू कर हैं। विधानसभा के मानूसन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार है। विपक्ष ने सरकार को घेरने के लिए कमर कस ली है। संसद सत्र में सपा ने मोदी सरकार पर जमकर प्रहार किया था, अब यहा सपा योगी सरकार को निशाने पर लेगी। सरकार ने विपक्ष को जवाब देने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनावों के बाद उत्तर प्रदेश में विधानसभा का यह पहला सत्र होगा। चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 37 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि भाजपा गठबंधन 34 सीटें जीत पाया, जो बीते लोकसभा चुनाव 2019 से काफी कम है। लोकसभा चुनाव 2014 में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने 73 और 2019 के चुनाव में 64 सीटों पर जीत हासिल की थी।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नोटिस संख्या- 51245328 दिनांक: 19.07.2024

इलेक्ट्रानिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रम संख्या | निविद संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245328 | Set of TPU Ring consisting of 04 items as per Annexure-'A'. (For Secondary Coil Spring type FIAT LHB Bogie) | 60 Set | 20.08.2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2197/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मिट्टी में मिलते कुम्हारों के अरमान

**पहले मिट्टी वन विभाग की जमीन से लाई जाती थी। वर्तमान में इस पर रोक लगा दी गई है। पानी की समस्या एवं कोयले के दाम में बढ़ोतरी ने भी इस धंधे की कमर तोड़ कर रख दी है। परिवार के चार सदस्यों की कड़ी मेहनत के बाद एक दिन में 250 खपड़े का निर्माण हो पाता है, जिसे पकाकर तीन हजार रुपये में बेचा जाता है। लागत के अनुसार उन्हें लाभ नहीं मिल पाता है। मिट्टी के बर्तन बनाने के अलावा इनके पास और कोई दूसरा रोजगार नहीं है, न ही कृषि करने के लिए इनके पास भूमि है। और न अन्य साधन, जिससे आय हो पाए।**

*आधुनिक फ्रिज और एसी ने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारीगरों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। ये मिट्टी के बर्तन बनाकर रखते तो हैं लेकिन बिक्री न होने की वजह से खाने के भी लाले पड़ जाते हैं। परिवार कैसे चलेगा। कोई भी मटके खरीदने नहीं आ रहा है। धंधे से जुड़े लोगों ने ठेले पर रखकर मटके बेचने भी बंद कर दिए हैं। देश भर में प्रजापति समाज के लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं। कुम्हार अपना पुश्तैनी काम छोड़ नहीं सकते। इसलिए उनके पास मिट्टी के बर्तन और गर्मी के दिनों में घड़े बेचने के अलावा कमाई का दूसरा विकल्प नहीं है। हालात ये हैं कि अब कुम्हार परिवार अपने काम को जिंदा रखने के लिए कर्ज लेकर व्यवसाय कर रहे हैं। लेकिन इससे भी इनकी लागत नहीं निकल रही। कुम्हार (कुंभकार) जाति के लोग मिट्टी से ही अपना रोजी-रोटी एवं जीवनयापन करते हैं। कुम्हार शब्द, कुम्भकार से निकला हुआ प्रतीत होता है, जिसका अर्थ कुम्भ, यानि घड़ा बनाने वाला होता है। इन्हें कुम्भार, प्रजापति, प्रजापत, घूमियार, घूमर, कुमावत, भांडे, कुलाल या कलाल आदि नामों से भी अलग-अलग प्रदेशों में जाना जाता है। कुम्हारों की हस्तकला ही, उनके रोजगार का साधन होता है। कुम्हार अपने हाथों से मिट्टी की वस्तुएं बनाते हैं। कुम्हार मिट्टी से वस्तुएं बनाने के लिए काली मिट्टी, लाल मिट्टी, रेत व राख आदि को एक साथ मिलाकर, पानी डाल कर अच्छे से मिक्स करते हैं। उसके बाद चाक (चकरी) में मिट्टी को रखकर उनको आकार देते हैं, और भिभिन्न-भिभिन्न वस्तुओं का निर्माण करते हैं। देवी-देवताओं की मूर्तियां, दीया, बोरा, बैल, करसा, क्लास, ठेकुआ, पुरा, मर्की, ओम, देवा, चूल्हा व बच्चों के खिलौने। मिट्टी के बर्तन पकने के बाद, उनको नजदीकी बाजार एवं चौक-चौराहों में बेचने के लिए ले जाते हैं। और उसके बाद, उसी वस्तुओं के पैसे से जो आमदनी उनको प्राप्त होती है, उसी से यह अपना जीवनयापन और अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। लेकिन इन मिट्टी के बर्तन या खिलौने का मूल्य उतना ज्यादा नहीं रहता, जितनी उसमें मेहनत लगती है। और-तो-और लेने वाला व्यक्ति भी, वस्तुएं लेने पर मोलभाव करके, उसमें पैसा कम करवा ही लेता है। इन कुम्हारों का रोजगार उतना अच्छा नहीं रहता। क्योंकि, पहले के समय में सभी लोग मिट्टी के बर्तन व मिट्टी के वस्तुएं उपयोग करते थे। वर्तमान समय में मिट्टी के बर्तनों को लोग नहीं के बराबर इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि, सभी लोग स्टील के बर्तन, फाइबर के बर्तन आदि का अधिक यूज करते हैं, जिससे इनकी आमदनी, पहले के समय से कम होती है। गणेश पक्ष, दुर्गा पक्ष व विश्वकर्मा पक्ष आदि में ही इन लोगों को थोड़ी आमदनी हो पाती है और बाकी समय में इनको एक दिन में 100 से 200 रुपये भी मिलना मुश्किल हो जाता है। बहुत से कुम्हार, आमदनी अच्छी ना होने के कारण, मिट्टी के वस्तुएं बनाना छोड़ चुके हैं। और कुछ अन्य काम, अपने जीवनयापन करने के लिए पकड़ लिए हैं और उसी में लगे हुए हैं। वह लोग इस काम को और करना नहीं चाहते, क्योंकि, इसमें मेहनत अधिक और आमदनी कम है। वर्तमान में कुम्हारों का स्थिति बहुत ही खराब है, क्योंकि, पहले की तरह लोगों ने मिट्टी के समान का उपयोग करना बंद कर दिया है। इस कारण, इनके पास जो बनी हुई वस्तु भी रहती है, वह भी बिक नहीं पाती है, जिससे इनको नुकसान ही उठाना पड़ता है। बाकी मिट्टी के वस्तुएं, अपने सीजन में ही बिक पाती हैं। बाकी समय इनका बिकना मुश्किल हो जाता है। मिट्टी व पानी की समस्या ने भी इस धंधे की कमर तोड़ दी है। पहले इस व्यवसाय के लिए यह गांव काफी चर्चित था। लेकिन समय बीतने के साथ सब कुछ खत्म होने लगा है। गांव में कच्चे मकानों की संख्या काफी कम हो गई है। जिस कारण छत में लगने वाले खपड़े की बिक्री नहीं के बराबर होती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आज का गुरु उस तत्त्व को नहीं पा सका जिसको शास्त्रों में कहा गया है, जो स्वयं शास्त्रों के कथन के अनुसार नहीं चलता, वह कैसे किसी का गुरु हो सकता है। आज गुरू शिष्य परंपरा में गुरूपूर्णिमा बस एक पर्व के निर्वहन करनें जैसी ही रह गयी हैं, केवल गुरू पूर्णिमा है तो गुरू जी से भेंट कर लिया और कुछ उपहार और पैसे उन्हे भेंट कर दिए। हमारे सनातन संस्कार में एक संस्कार हैं जिसको हम गुरूमुख होना कहतें हैं, जिसमें शिष्य गुरू को श्रद्धा पूर्वक आमंत्रण करके उनसे गुरूमंत्र लेता हैं, जिसे गुरू गुप्त रूप से शिष्य के कानों में देता जिस मंत्र को गुप्त रखना और हमेशा ध्यान और जाप करना शिष्य का धर्म होता हैं, यह संस्कार शिष्य दम्पति भी कर सकता हैं।**

# औपचारिकता मात्र रह गयी है गुरू शिष्य परंपरा और गुरू पूर्णिमा पर्व



प्रतीक तिवारी

**इस परम सनातनी संस्कार की आज समाज में धज्जियां उड़ती दिख रहीं हैं, लोग धर्म और परंपरा के निर्वहन के लिए गुरुमुख तो हो जातें हैं, पर न गुरु को याद रखतें हैं न उनके दिए गुरुमंत्र को और न ही गुरु के दीक्षा का पालन करतें हैं। कई बार तो हमनें देखा हैं की गुरु सामने से निकलता हैं तो चेला तिरछी नजर करकें किनारे से निकल जाता हैं।**

हर वर्ष अषाढ़ पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास के जन्म तिथि के सुअवसर पर गुरूजनों के आराधना, वंदना और पूजन का सनातनी पर्व गुरू पूर्णिमा अनादिकाल काल से मनाया जारहा हैं। इस पर्व के लिए आषाढ़ मास का ज्योतिषीय महत्व है। ज्योतिषियों का मानना है कि यह धनु राशि को पूर्ण चंद्रमा के साथ मिथुन राशि में सूर्य को एक करने का सबसे अच्छा समय बताता है। इस प्रकार, गुरु पूर्णिमा का त्योहार इन खगोलीय पिंडों की स्थिति से ज्योतिषीय महत्व रखता है क्योंकि यह लचीलापन और दृष्टि (छात्र की) को गुरु कृपा के दिल से जोड़ने का एक शुभ समय है। भगवान बृहस्पति के उपासक भी त्योहार को ज्ञान और ज्ञान के ग्रह से प्रार्थना करने का एक शुभ समय मानते हैं। ज्योतिष में गुरु ग्रह को गुरु ग्रह कहा गया है। गुरु पूर्णिमा का त्योहार मुख्यता 2 प्रमुख समुदायों से जुड़ा हुआ है। पहला है हिंदू धर्म, गुरु पूर्णिमा को भगवान शिव की पूजा के लिए मनाया जाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव ने अपने सात अनुयायियों (सप्तऋषियों) को योग का ज्ञान दिया, और इस तरह एक गुरु बन गए। दूसरा है बौद्ध धर्म, यह त्योहार बुद्ध को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने धर्म की नींव रखी। बौद्धों का मानना है कि इस पूर्णिमा के दिन, बुद्ध ने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त करने के बाद, उत्तर प्रदेश के सारनाथ शहर में अपना पहला उपदेश दिया था। तभी से उनकी पूजा के लिए गुरु पूर्णिमा के पर्व को चुना गया है। गुरू वह हैं जो हमें इस संसार रूपी भवसागर से पार उतरनें के लिए मार्ग दर्शन करतें हैं। गुरू वह हैं जो हमें हमेंपुरुषार्थचतुष्टय धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को पाने का ज्ञान और मार्ग दिखा सकतें हैं, बस हमनें सही गुरू को चुना हो जो हमारें धर्म, संस्कृति और आचरण के अनुकूल हो और हम उनपर विशेष श्रद्धा और विश्वास का भाव रखतें हों। हमारें धर्म ग्रंथों में वर्णित हैं कि गुरू का चयन अपनें लिए बहुत ही सावधानी पूर्वक करना चाहिए ,अपनें प्रवृति ,धर्म और मार्ग के अनुसार ही गुरू का चयन करना चाहिए, जैसें अगर किसी परम आस्तिक ने किसी नास्तिक को अपना मान लिया तो उसे नास्तिक बनना ही पड़ेगा नहीं तो गुरू शिष्य का संबंध चल नहीं पाएगा। जैसे एक और उदाहरण किसी कम और निम्न ज्ञान वालें ने परम ब्रह्मज्ञानी या प्रकांड विद्वान को अपना गुरू बनाया तो उसके उपदेशों का उसे बोध ही नहीं हो पायेगा। शास्त्रों से लेकर लोकाचारों तक



**गुरू शब्द बहुत सुन्दर अर्थ हैं 'गु' का अर्थ है अंधेरा और 'रु' का अर्थ है अंधकार को दूर करना। इस प्रकार, एक गुरु को ऐसा माना जाता है जो हमारे जीवन से अंधकार को दूर करता है। और हमें एक सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित करता हैं हमनें तो बहुत से लोगों को देखा और सुना हैं जो पूरे विधिवत तरीके से अपनें गुरूजी की निंदा करतें है और उनके गुणों अवगुणों की समीक्षा करतें हैं।**

में गुरू की अपार महिमा का बखान मिलता हैं। हमारी पौराणिक कथाएं हो या ऐतिहासिक गाथाएँ जिन शिष्यों पर उनके सद्गुरू की कृपा हुई उन्होंने इतिहास रच दिया।पौराणिक बात करे तो गुरू वशिष्ठ जी से ही राम जी ने ज्ञान और मर्यादा की दीक्षा पाकर हर क्षेत्र में मर्यादा को बरकरार रखतें हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बन गए। श्रीकृष्ण ने अपनें गुरू संदीपनी ऋषि से ज्ञान और कलाओं की शिक्षा पाकर सोलह कलाओं से परिपूर्ण बनें। इतिहास की बात करें तो कौटिल्य और चन्द्रगुप्त, स्वामी समर्थ रामदास और शिवाजी आदि गुरू शिष्यों का वर्णन मिलता हैं। गुरू की अपार महिमा को देखतें हुए ही इन श्लोक और दोहों को रचा गया हैं- गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय। बलिहारी गुरु आपनो, जिन गोविंद दियो बताय ।। गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवों महेश्वरा गुरुः साक्षात्परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नम पर आज के समय में गुरू शिष्य परंपरा में बहुत बदलाव आगया हैं।आज के वर्तमान युग में न गुरू की गरिमा कायम रह पारही हैं और न ही शिष्य अपनें मर्यादा का पालन कर पा रहें हैं। आज हर रिश्तों में आए बदलाव के साथ गुरू शिष्य के रिश्तें भी पूरे बदल गए हैं। गुरू शिष्य अध्यात्मिक मार्ग के हो, या भौतिक मार्ग के मर्यादा किसी क्षेत्र में नहीं बची, जो हैं भी तो वो बस दिखावा कहें या उसे औपचारिकता कहें। आजकल सच्चे गुरु प्रायः नहीं मिलते! वास्तव में गुरु सदा ही मुश्किल से मिलते थे! फिर आजकल तो बहुत से लोभी-लालची और कामी-कपटी काम-कंचन-कीर्ति चाहने वाले लोग गुरु बन गये हैं, इस लिये गुरुवेश कलंकित -सा हो गया है! अतः बहुत ही सावधानी से गुरु बनाना चाहिये! जो संस्कारहीन हो, वेद--शास्त्रों जानता-मानता न हो, जो वेद शास्त्रों को जान कर भी उनका व्यापार करता हो, जो धर्म के नाम पर वेद-शास्त्रों को छपा कर जीविका चलाता हो, कामिनी-कांचन में आसक्त हो, लोभी हो, मान, यश और पूजा चाहता हो, वैदिक कर्मों को न करता हो, असत्य बोलता हो, क्रोधी हो, शुष्क या कटुभाषण करता हो, शिष्यों को अपना मिशन चलाने के लिये धनार्जन करने के लिये कहता हो, असत्य बोलता हो, निर्दयी हो, पढ़ाकर पैसा लेता हो, कपटी हो, शिष्य के धन की ओर दृष्टि रखता हो, मत्सर करता हो, व्यसनी हो, दुष्ट बुद्धि हो, बाहरी चमत्कार दिखाकर लोगों का चित्त हरता हो, नास्तिक हो, ईश्वर और गुरु की निंदा करता हो, अभिमानी हो, अग्नि और गुरु में श्रद्धा न रखता हों, अग्नि को प्रकट कर पाखंड करता हो, पूजा आदि के नाम पर पैसा कमाता हो, आलसी हो, विलासी हो, धर्महीन हो, धर्मी होकर भी यश-कीर्ति का लोभी हो, वेद-शास्त्रों का क्रय-विक्रय करने वाला हो, त्यागी न हो, सन्यासी होकर भी त्यागी न हो, जो शिष्य बनाने में विश्वास रखता हो, किसी भी तरह से धर्म के नाम पर अपना प्रचार कराता हो, वेद-शास्त्रों, देवी देवताओं के नाम पर यज्ञा, मन्त्र-तंत्र-यंत्र की पुस्तकें छपा कर धन अर्जित करता हो और परस्त्रियों को दीक्षा देता नरक का अधिकारी होता है। जब तक चौदह इंद्र अपना राज्य नहीं भोगते तब तक वह गुरु तथा शिष्य नरकों में रहते हैं। इस बात को बहुत अच्छी प्रकार से समझ लेना चाहिये कि आज गुरु का अर्थ उल्टा हो गया है, पहले कहते थे गुरु भेजे नरक को तो स्वर्ग कि करो आस! आब गुरु भेजे स्वर्ग को तो नरक की करो आस! आज गुरु अँधेरे से निकाल कर प्रकाश की ओर नहीं ले जा रहा, आज तो वह प्रकाश से निकालकर अँधेरे की ओर ले जा रहा है। आज किसी भी गुरु में ऐसी शक्ति नहीं है कि वह वह मोक्ष को दिला दे।

## एक्सप्रेस कविता

*समय विपरीत है आतताई है काल,*
*मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखनाद्य*
*संगी छूटे, साथी छुटे,छूटे रिश्तेदार।*
*इस समय मनोबल बनाये रखना।*
*ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल इस घड़ी में,*
*सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।*
*अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।*
*परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।*
*आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय शक्ति।*
*बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए रखना।*
*जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।*
*आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये रखना।*
*रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।*
*इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***यदि आप अपने जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार नहीं चला पाते, तो आपको अपनी परिस्थितियों को अवश्य ही स्वीकार कर लेना चाहिए***

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 15:43 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 24:04 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | विष्कंभ, 21:07 |
| सूर्योदयः | 05:40 |
| सूर्यास्तः | 19:13 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 17:31-19:13 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### आयी बात निकल कर !

*है दिया भरोसा ।*
*होगा पूरा न्याय ।।*
*आयी बात निकल कर ।*
*आगे भी सहाय ।।*
*चल रहा है काम ।*
*देकर सब कुछ ध्यान ।।*
*कोशिश है अब पूरी ।*
*लौटे फिर सम्मान ।।*
*इंतज़ार है करना ।*
*हैं कितने गंभीर ?*
*दिख जाए धरातल ।*
*चमके जब तकदीर ।।*
*चली लंबी बातचीत ।*
*आए अब परिणाम ।।*
*सकारात्मक चल रही ।*
*अटकलें तमाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फैशन वाले चश्मे पहनने से आंखों को हो सकता है नुकसान



**गर्मियों** के दिनों में फैशन वाले सनग्लोसेस पहनना हमेशा ट्रेंड में रहता है। इससे लुक अच्छा नजर आता है और स्टाइल भी अलग दिखता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अगर आप सस्ते सनग्लासेस पहनते हैं, तो यह आपकी आंखों के लिए बिल्कुल सही नहीं है। इससे आपकी आंखों को भारी नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ हमेशा सलाह देते हैं कि आंखों के लिए हमेशा अच्छी क्वालिटी के सनग्लासेस खरीदें। आइए, आगे जानते हैं कि आखिर सस्ते सनग्लासेस पहनने से आंखों को किस तरह के नुकसान हो सकते हैं।

**यूवी रेज से प्रोटेक्शन नहीं मिलती:** आमतौर पर हम सनग्लासेस क्यों खरीदते हैं? ताकि हम सूरज की तेज रोशनी से खुद को बचा सकें। साथ ही, यूवी रेज से हम अपनी आंखों की प्रोटेक्शन कर सकें। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि सस्ते सनग्लासेस में कभी भी यूवी प्रोटेक्शन नहीं होता है। अगर होता भी है, तो पर्याप्त नहीं होता है। ध्यान रखें कि यूवी रेज की वजह से आंखों को भारी नुकसान हो सकता है। इसलिए, जब भी घर से बाहर निकलें, अच्छी क्वालिटी के सनग्लासेस पहनकर ही बाहर निकलें।

**आंखों पर दबाव:** कई बार खराब सनग्लासेस पहनने की वजह से आंखों अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जानते हैं क्यों? क्योंकि सस्ते सनग्लासेस के लेंस अच्छे नहीं होते हैं। इससे सही तरह से देखने के लिए आंखों पर काफी दबाव बनने लगता है। जिससे आंखों में दर्द, सिरदर्द और असहजता बढ़ जाती है। अगर आपके साथ अक्सर ऐसा हो रहा है, तो वक्त आ गया है कि आप अपने फैशनेबल बदल दें और अच्छी क्वालिटी के सनग्लासेस यूज करें।

**धुंधला नजर आना:** जैसा कि हमने कुछ देर पहले ही बताया है कि सस्ते सनग्लासेस में अक्सर खराब लेंस का इस्तेमाल होता है। ऐसे में स्पष्ट देखने के लिए आंखों पर काफी दबाव बनने लगता है। शायद आपको यह न पता हो कि जब आप आंखों पर अतिरिक्त प्रेशर बनाते हैं, तो इससे कई बार कुछ समय के लिए आंखें धुंधली हो जाती हैं। अगर आप लंबे समय तक खराब सनग्लासेस यूज करते हैं, तो इसका प्रभाव लंबे समय तक भी बना रह सकता है। इस तरह की समस्या से बचने के लिए कोशिश करें कि आप अच्छे सनग्लासेस ही पहनें।

**जब खरीदें सनग्लासेस:** हालांकि, जब भी आप धूप में निकलते हैं, तो आंखों की प्रॉपर केयर और प्रोटेक्शन जरूरी होती है। ऐसे में सनग्लासेस एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हां, जरूरी नहीं है कि महंगे सनग्लासेस ही आंखों के लिए सूटेबल हो। आपको चाहिए कि जब भी सनग्लासेस खरीदें, तो कुछ चीजों को ध्यान में रखें, जैसे- लेंस का ध्यान रखें। ऐसी सनग्लासेस न खरीदें, जिसके लेंस खराब हों और आई स्ट्रेन का कारण बनें। सुनिश्चित करें कि जो भी सनग्लासेस आप खरीद रहे हैं, उससे प्रॉपर यूवी रेज से प्रोटेक्शन मिल रही है। अपने सनग्लासेस के मैटीरियल को चेक करना न भूलें। सनग्लासेस का मैटीरियल सही क्वालिटी का होगा, तो आंखों पर दबाव कम पड़े। इस तरह, सिर दर्द या आंखों में दर्द होने की समस्या भी नहीं होगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# गुरु के सम्मान का पर्व है गुरु पुर्णिमा



रमेश सर्राफ धमोरा

**स्वयंसेवक संघ ने अपने गुरु के स्थान पर भगवाध्वज को स्थापित किया है। भगवाध्वज त्याग, समर्पण का प्रतीक है। स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है। संपूर्ण जीवों के शाश्वत सुख के लिए समर्पण करने वाले साधु, संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं।**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रति वर्ष गुरु पूर्णिमा उत्सव अपनी सभी शाखाओं पर मनाता है। संघ के छह उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा भी है। गुरु पूर्णिमा के दिन देश में संघ की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक इस उत्सव को मनाएंगे। संघ के स्वयंसेवक किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हैं। उस दिन भगवा ध्वज की पूजा करने के साथ-साथ गुरु के प्रति जो भी बनता है समर्पण भी करते हैं।**

**गुरु** शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है और इसका गहन आध्यात्मिक अर्थ है। इसके दो अक्षरों गुरु में गु शब्द का अर्थ है अज्ञान। रु शब्द का अर्थ है आध्यात्मिक ज्ञान का तेज जो आध्यात्मिक अज्ञान का नाश करता है। संक्षेप में गुरु वे हैं जो मानव जाति के आध्यात्मिक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं और उसे आध्यात्मिक अनुभूतियां और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं । गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरम्भ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शान्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। गुरु पूर्णिमा गुरु व शिष्य की परंपरा के लिए विशेष उत्सव होता है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में पूजा की जाती है। महान संत कबीरदास जी ने गुरु के महत्व को इस तरह बताया है- अर्थात यदि भगवान और गुरु दोनों सामने खड़े हो तो गुरु के चरण पहले छूना चाहिये क्योंकि उसने ही ईश्वर का बोध करवाया है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य को अपना गुरु बनाकर ही राज सिंहासन पाया था। इतिहास में हर महान राजा का कोई न कोई गुरु जरुर था। गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत मधुर होता है। प्राचीन भारत में आज की तरह स्कूल, कॉलेज नहीं होते थे। उस समय गुरुकुल प्रणाली द्वारा शिक्षा दी जाती थी। समाज के सभी वर्गों के बालक गुरुकुल जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। वो गुरुकुल (आश्रम) में ही रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे। गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्यों सप्तऋषियों को सबसे पहले योग का ज्ञान प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदि गुरु यानी पहले गुरु बने। सप्तऋषि इस ज्ञान को लेकर पूरी दुनिया में गए। आज भी धरती की हर आध्यात्मिक प्रक्रिया के मूल में आदियोगी द्वारा दिया गया ज्ञान ही है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है। ताकि वह अपने भीतर ही सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। योग साधना और ध्यान का अभ्यास करने के लिए गुरु पूर्णिमा को विशेष लाभ देने वाला दिन माना जाता है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। भक्तिकाल के संत घीसादास का भी जन्म इसी दिन हुआ था वे कबीरदास के शिष्य थे। गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम त्योहार है। सिख धर्म केवल एक ईश्वर और अपने दस गुरुओं की वाणी को ही जीवन का वास्तविक सत्य मानता है। आषाढ़ की पूर्णिमा को चुनने के पीछे गहरा अर्थ है कि गुरु तो पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह हैं। जो पूर्ण प्रकाशमान हैं और शिष्य आषाढ़ के बादलों की तरह। आषाढ़ में चंद्रमा बादलों से घिरा रहता है जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरु घिरे हों। गुरु अंधेरे में भी चांद की तरह चमक सके। उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके तो ही गुरु पद की श्रेष्ठता है। इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा का महत्व है। गुरु का आशीर्वाद सबके लिए कल्याणकारी व ज्ञानवर्धक होता है। इसलिए इस दिन गुरु पूजन के उपरांत गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। आज के भागदौड़ भरे भौतिकतावादी समाज में हमें गुरु की बहुत अधिक जरूरत होती है। गुरु का महत्व सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि व्यापक अर्थ में देखने को मिलता है। अब तो आध्यात्मिक शांति के लिए अनेक लोग किसी न किसी गुरु की शरण में चले जाते है। इसलिए हर भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग दिखाने का काम गुरु की कर सकता है। इसलिए गुरु का अर्थ बहुत व्यापक और बड़ा है। हम सभी को अपने गुरु जनों को कोटि-कोटि प्रणाम करना चाहिये।

# बेटी को किया कॉल, मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं, बुजुर्ग ने पुल से शारदा नदी में लगा दी छलांग

* बुजुर्ग ने ऐरा पुल से शारदा नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई





जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर बने ऐरा पुल से शारदा नदी में शनिवार की सुबह करीब 11 बजे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने छलांग लगा दी। छलांग लगाने से पहले बुजुर्ग ने अपने विवाहित बेटी को कॉल करके आत्महत्या करने की जानकारी दी थी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर नदी में उतारकर बुजुर्ग की तलाश करा रही है, लेकिन बहाव तेज होने के कारण अभी उसका कोई पता नहीं चल सका है। थाना खमरिया क्षेत्र में शारदा नदी पर बने ऐरा पुल से शनिवार की सुबह करीब 11 बजे एक बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते नदी में छलांग लगा दी और गहरे पानी में समा गया।कुछ देर बाद पुल पर पहुंचे बुजुर्ग के बेटे राम किशन ने बताया कि उसके पिता श्रीराम (60) पुत्र गयादीन ग्राम डंडपुरवा मजरा शेखनापुर थाना लहरपुर जिला सीतापुर के रहने वाले हैं। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे रिता ने अपनी विवाहित बेटी के फोन पर नदी में कूद कर आत्महत्या करने की बात कही। वह कुछ कहती।इससे पहले ही उन्होंने फोन काट दिया था। फोन पर सूचना मिलते ही बेटी ने अपने भाइयों को सूचना दी।तो सभी लोग ऐरा पुल के लिए घर से निकल लिए। पुल पर पहुंचे परिजनों को सिर्फ पुल पर रखी श्रीराम की साइकिल, चप्पल, मोबाइल और शर्ट बरामद हुई। जिससे परिजन श्रीराम के नदी में कूदकर आत्महत्या करने की आशंका जता रहे है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। एनडीआरएफ टीम के लिए एसडीएम धौरहरा को सूचना दी गई है।

# पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री मा0 अजय मिश्र टेनी पहुंच कर कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है।और बताया कि 2027 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता संगठित होकर काम करें। और बताया कि पूरी दुनियां में मोदी जी की लोकप्रियता से विपक्षी परेशान थे। इसीलिए पूरा विपक्ष एक हो गया था। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश के अलावा कहीं कोई नहीं जानता है।वह एक झुनझुना की तरह है। जनता को छल-कपट कर, झूठे वादे कर कर्ज माफी, एक लाख रुपए सालाना प्रत्येक महिलाओं को देने का वादा कर विपक्ष ने लोगों को गुमराह किया। लोग झूठे वादों में फंसते गए। उत्साह के साथ राष्ट्रीय हित के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। जो राष्ट्र का नहीं वह हमारा नहीं है। इस दौरान अरविंद सिंह संजय, निघासन चैयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य, कनक पाल सिंह राणा, दयाशंकर मौर्य, संगमलाल मिश्रा रतीराम लोधी, राजीव मिश्रा, दिलीप शुक्ला, संजय गिरि, शिव भगवान सिंह बनवारी लाल यादव, के के तिवारी, शंभू दयाल गुप्ता व प्रदीप शुक्ला, श्रीप्रकाश कनौजिया, राम सनेही गिरी, संतोष, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी को प्रेषित भारतीय बजरंग दल ने पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

* श्रावण माह में लगने वाला शिव महिमा मेला में भारतीय बजरंग दल के सुझाव पर गंभीरता से लेकर समय से निस्तारित किए जाने की मांग



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

भारतीय बजरंग दल के प्रतिनिधि मंडल ने पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जिसमें श्रावण मास में लगने वाला शिव महिमा मेला में मांस मछली अंडा की दुकानों को बंद रखने व शिव मंदिर परिसर में मुस्लिमसमाज की दुकानों को बंद कराने, मानक के अनुसार मिष्ठान की बिक्री हो मानक विहीन मिष्ठान की बिक्री बंद हो जैसी मुख्य मांगे हैं। जानकारी के अनुसार भारतीय बजरंग दल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर धार्मिक नगर छोटीकाशी में लगने वाला शिवमहिमा मेला में निम्न लिखित सुझाव व अपने आदेश का सही ढंग से पालन कराने की मांग की है। बताते चलें कि श्रावण मास में समूचे परिक्षेत्र में मीट मछली अंडा आदि की बिक्री बंद रहती थी जिसका कडाई से पालन कराते हुए दुकानों को बंद रखा जाए शिव महिमा मेला में बाहर से आने वाले कांवडियो के सामने सबसी बड़ी समस्या दुकान दारों की पहचान की है इसलिए सभी दुकानों पर बोर्ड लगा कर सही सही पहचान अंकित कराया जाए, श्रावण मास में शिव - पार्वती का स्वरूप रखकर नर्त करते व अश्लील गीत पर कडाई के साथ बंद कराया जाए क्योंकि इससे हिन्दू भावना आहत होती है। मानक से हठकर मिलावटी मिष्ठान व कैमिकल दूध पर कड़ी कार्रवाई नही होती है इसलिए खाद्य निरीक्षक को जांच व सैंपल भरने का निर्देश दिया जाए। ज्ञापन में भारतीय बजरंग दल के प्रदेश सचिव अशोक जोशी, जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा एडवोकेट जिला गौरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह आदि थे।

# महेवागंज उस्मानी डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण महा अभियान चलाया गया



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शासन के निर्देशानुसार उस्मानी डिग्री कॉलेज महेवागंज में वृक्षारोपण महा अभियान के क्रम में कॉलेज के प्रबंधक अब्दुल मन्नान उस्मानी प्राचार्य डॉ सुरेश तिवारी उपप्राचार्य मो0 वसीम गाजी वीरेंद्र कुमार आमिर बेग की शीबा आर बी शर्मा मेहताब धीरेंद्र संतोष जेपी सिंह सुधा वर्मा उपेंद्र एवं समस्त शिक्षक शिक्षकाओ विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक अब्दुल मन्नान उस्मानी के द्वारा प्रतिवर्ष पेड़ लगाने और उन्हें बचाने की समस्त स्टाफ को शपथ दिलाई गई।

# गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक हुए रामपुर मदारी उमरपुर के ताजिए

* चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी मूडा निजाम के अंतर्गत कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सिंह के कुशल नेतृत्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ रामपुर मदारी उमरपुर में ताजियों का मेला लगता है जहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जयजा लेने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार सी ओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी चंद्र शेखर सिंह व कई थानों की फोर्स मेले के कई प्वाइंटो पर तैनात रही, रामपुर मदारी उम्मरपुर का मेला तीन दिन तक चलता है जहां पर मोहर्रम की 11व 12 व 13 तारीख को एक विशाल ताजियो के मेले का आयोजन होता है जहां पर सबसे बड़ा ताजिया औरंगाबाद व दूसरे नंबर पर चठिया और तीसरे नंबर पर मूड़ा निज़ाम रहा जहां पर दूर-दराज से अकीदत मंद मेले में शिरकत करने आते हैं मोहर्रम का महीना पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके कुनबे में शामिल लोगों की शहादत को याद दिलाता हैं इस मोहर्रम के महीने की 10 तारीख को कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन और उनके कुनबे के 72 लोगों की शहादरा हुई थी जिनकी याद में मोहर्रम के महीने में ताजियों के मेले का आयोजन किया जाता है जहां पर रामपुर मदारी, करौंदा, पिपरिया कप्तान, बसखेड़ा, चठिया, उमरपुर, मूडा निजाम, मुकुंडापुर, लौकी खेड़ा, बहादुरपुर आदि ग्रामो के ताजिए कर्बला में एकत्र होते हैं जहां पर एक विशाल मेले का आयोजन किया जाता है जहां पर प्रशासन की तरफ से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही चौकी प्रभारी मूडा निज़ाम हिमांशु आनंद सिंह के कुशल नेतृत्व में एक सफल मेले का आयोजन किया गया जहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक चंद्र शेखर सिंह सिंह चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह उप निरीक्षक रमेश चंद्र शुक्ला, हेड कांस्टेबल विवेक कुमार सिंह, कांस्टेबल रोहित पटेल, कांस्टेबल रवि खुराना, तथा भारी संख्या में पुलिस फोर्स ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस मौके पर ताजियादार जावेद खान उर्फ रिंकल, शमीम खान उर्फ गुड्डु, रफीउल्ला खान, फिरोज खान, जावेद खान, शराफत खान सिद्दीक खान, जकाउल्ला खां, आदि ताजियादार एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोग तथा क्षेत्र की बड़ी तादाद में जनता मौजूद रही।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगरपालिका खैराबाद में अभिषेक गुप्ता व ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने सभासदों के साथ किया पौधरोपण





जन एक्सप्रेस । सीतापुर

निर्वतमान जिला अध्यक्ष व भाजपा नेता अचिन मेहरोत्रा ने भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ करते हुए एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण किया तथा पौधा लगाकर कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण की सबसे अधिक मूल्यवान संपदाओं में से एक हैं। एक अकेला वृक्ष कई प्राणियों को ऑक्सीजन देने के साथ अन्य कई संसाधनों की पूर्ति भी करता है। सीतापुर में एक नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। आइए, अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण और प्रकृति की शुचिता व संरक्षण का संकल्प लें।

खैराबाद नगरपालिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान की आज पूरे विधि विधान से शुरुआत हुई। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने खैराबाद के ललियापुर में पेड़ लगाकर अभियान की शुरुआत की।

इस दौरान नगरपालिका प्रशासनिक अमला और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिले में करीब 75 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभिषेक गुप्ता ने पेड़ लगाने के साथ ही पेड़ के रख रखाव की अपील भी लोगों से की। कार्यक्रम में प्रेम शंकर गुप्ता ने लोगो को हमारे जीवन में वृक्षों के महत्व पर जानकारी दी गई और उपयोगिता को बताई गई।अभिषेक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सबको संकल्प लेना चाहिए की अपने आसपास जितना अधिक पेड़ लगा सकें लगाएं, क्योंकि वृक्ष हमें जीवन प्रदान करता है। पौध रोपण करने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संतुलित करना है। क़खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पौध रोपण करने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संतुलित करना है और पर्यावरण के सुरक्षित रहने से ही वातावरण संतुलित रह सकता है। कार्यक्रम में संदीप गुप्ता, निखिल अवस्थी, आलोक बाजपेई, जावेद, मुर्सलीन अंसारी, जहीर अहमद, नसीम खान, विष्णु गौतम, शकील खान, निरंकार गुप्ता, राकेश गुप्ता, हसीन खान, सफी अहमद, इदरीश अहमद, अनुज, आदि सभासद व गड़मान्य लोग उपस्थित रहे।

# छोटी काशी : कांवड़ यात्रा के रास्ते पर दुकानदारों को बतानी होगी पहचान

* खाने पीने की दुकानों पर संचालक मालिक का नाम पहचान लिखना होगा
* सीएम योगी ने कांवड यात्रियों के लिए उठाया कदम, पहले तीन जिलों में ही था प्रभावी
* अब छोटी काशी गोला में भी चिह्नित की जा रही दुकानें व ढाबे
* फल वालों, ढाबा संचालकों व रेहड़ी वालों को लिखना होगा अपना नाम



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सावन माह में कावड़ यात्रा के दौरान प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा अहम कदम उठाया है। अब कावड़ यात्रा के रूट पर पड़ने वाले दुकानदारों को अपनी पहचान बतानी होगी। खाने पीने की दुकानों पर संचालक और मालिक का नाम पहचान लिखना जरूरी कर दिया गया है। अब छोटी काशी गोला में भी ऐसी दुकानों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। छोटी काशी में शनिवार को सावन मेले को लेकर मंदिर परिसर और कई अन्य जगह का निरीक्षण किया लेकिन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाह ने क्षेत्र का जायजा तो लिया परंतु किसी भी ढाबे औरकिसी दुकानदारों का नाम व पहचान पत्रिका ना लगी होने का कोई भी जिक्र नहीं आया। कायों की सुचिता और आस्था को ध्यान रखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने अहम निर्णय लिया है। अब पहचान छुपा कर दुकान के नाम पर कावड़ियों को खाद्य सामग्री परोसने वालों का फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। खाने-पीने की दुकानों पर संचालक और मालिक का नाम लिखना जरूरी कर दिया गया है। पहले केवल प्रदेश के तीन जिलों में यह निर्णय लागू होना था, पर अब यह 33 जिलों में भी बढ़ा दिया गया है। खास बात यह है कि छोटी काशी गोला में भी खाने पीने की दुकानों और ढाबों को चिन्हित किया जाएगा। माना जा रहा है कि जो भी ढाबा और दुकान संचालक, मालिक ऐसा नहीं करेगा तो कड़ी कार्रवाई हो सकती है। केवल दुकानदार और ढाबा संचालक ही नहीं फल और रेहडी वालों को भी अपनी दुकान और ठेले पर अपना नाम लिखना होगा।सीएम का आदेश होने के बाद भी अभी छोटी काशी इलाके में खाने-पीने की दुकानों, ढाबा संचालकों और रेहडी वालों ने अभी अपना नाम लिखना शुरू नहीं किया है। छोटी काशी में तो चारों रोड़ों से कांवड़ लेकर भक्त आते हैं। पीलीभीत और शाहजहांपुर रोड से भक्त गंगा नदी से कावड़ लेकर छोटी काशी पहुंचते हैं। जबकि लखीमपुर रोड और अलीगंज रोड से शारदा नदी से कांवड़ गोला लाई जाती है।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

शुरू हो रहे सावन माह में कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्रशासन तैयारी में जुट गया है। जिसके चलते हाईवे के किनारे अतिक्रमण को अभियान चलाकर शुरू किया गया है।

शनिवार को एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने पालिका कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू करते ही व्यापारी और प्रशासन के बीच तीखी नोंकझोंक होने लगी थी।

इसी बीच हाईवे के किनारे अतिक्रमण को हटाना शुरू किया गया है। गुलौली तिराहे से अंबेडकर चौराहे तक सड़क के दोनों छोरों पर लगे ठेला और रखे खोखों को पालिका प्रशासन ने जेसीबी से उठाकर नगर पालिका में जमा कराए गए है।

दुकानदारों ने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाया है।

एसडीएम के अनुसार अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान की सूचना एक सप्ताह पूर्व व्यापारियों को दी जा चुकी थी।

# विधायक अमन गिरी ने शासन द्वारा चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शनिवार को विधायक अमन गिरी ने शासन द्वारा चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत श्री गुरु नानक कन्या डिग्री कॉलेज, खुटाररोड स्थित महाविद्यालय प्रांगण में छायादार, फलदार एवं औषधि गुण वाले पौधोंरोपण किया। और महाविद्यालय परिवार के सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और विधायक ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व ग्लोबल वार्मिंग एवं वायु प्रदूषण से त्रस्त है जिसका मुख्य कारण पेड़ पौधों एवं वनों का नुकसान होने की वजह से हो रहा है अगर इस समस्या से छुटकारा पाना है तो हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनका संरक्षण करें।तत्पश्चात महाविद्यालय में शासन द्वारा चलाये छात्र एवं छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत स्मार्टफोन का वितरण किया, विधायक ने छात्राओं को लगन एवं निष्ठा से पढ़कर विभिन्न प्रकार की जनहित की सेवाओं से जुड़कर अपने सपने एवं देश को समृध्द करने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर के0के0 शुक्ल, हरीश भारती, सार्थक तोमर, सचिन सिंह सहित महाविद्यालय प्रबंधन, स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रही।

इसके पश्चात लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज मैलानी में चल रहे क्रिकेट मैच के फाइनल में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर राजेश शर्मा, नीरज बाजपेयी, हरीश भारती, अमित गुप्ता, के के शुक्ला, राकेश अरोड़ा, धर्मेंद्र शर्मा, प्रेम बहादुर, अनुज अरोड़ा, अशोक यादव, सार्थक तोमर, सचिन सिंह सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीडीओ व ब्लाक प्रमुख ने ग्राम पंचायत में पौधरोपण किया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को पौधारोपण किया गया। खैराबाद विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया सनी में अभियान के तहत पौधा रोपे गए। अमृत वाटिका में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल व ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने पौधे रोपे।

पौधारोपण के उपरांत ग्राम पंचायत में ग्राम वन निर्माण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने गौशाला व अमृतसरोवर का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक भारतीयों को पर्यावरण के लिए प्रोत्साहित किया है। एक पेड़ मां के नाम लगाने की देश वासियों से अपील की है। प्रधानमंत्री के पदचिन्हों पर चलते हुए हम सभी पौधारोपण कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पौधरोपण के लिए बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। यही वजह है कि प्रतिवर्ष पौधारोपण के मामले में उत्तर प्रदेश नया रिकार्ड बना रहा है। इस दौरान ग्रामीणों को पौधारोपण व उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। इधर शहीद लालबाग पार्क में भाजपा निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने पौधारोपण किया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, खैराबाद खंड विकास अधिकारी मनीष मौर्य, एपीओ मनरेगा नितिन गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि आशु अवस्थी, उत्तम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने श्रावण मास में अधिकारियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई ड्यूटी

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने श्रावण मास में आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा व प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को प्रमुख शिव मन्दिरों में जलाभिषेक हेतु अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के एकत्रित होने के कारण किसी अप्रिय घटना को टालने एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उपरोक्त त्योहार सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु प्रमुख मन्दिरों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगायी है।



जिला मजिस्ट्रेट ने नामित कार्यपालक मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि वे डीपीआरओ, ईओ नगरपालिका परिषद व नगर पंचायत, अधीक्षण अभियंता विद्युत एवं अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, निर्माण खंड व प्रांतीय खंड, सीएमओ, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी से समन्वय स्थापित करते हुए समय से सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्यूटी समाप्ति के पश्चात् बिना प्रतिस्थानी के आये अधिकारियों द्वारा ड्यूटी स्थल नहीं छोड़ा जायेगा। कोई भी अधिकारी ड्यूटी से न तो अनुपस्थित होगा और न ही ड्यूटी समय में अपने स्थान को छोड़ेगा। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि आकस्मिक परिस्थितियों में अपर जिलाधिकारी प्रशासन से पूर्व अनुमति प्राप्त कर ड्यूटी स्थल छोड़ा जा सकता है, परंतु दी गयी अनुमति समाप्त होने के पश्चात तुरन्त ड्यूटी पर हाजिर होना होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन प्रतिस्थानी मजिस्ट्रेट गण की उपस्थित सुनिश्चित कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे। महेन मंदिर में लगे मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय कर सुनिश्चित करेंगे कि मन्दिर के सरोवर में कोई भी स्नान या तैराकी न करे। बरहज घाट पर लगे मजिस्ट्रेट भी सम्बन्धित पुलिस अधिकारी से समन्वय कर सुनिश्चित करेंगे कि नदी से जल भरने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में भगदड़ न हो तथा सुगमता से जल भर कर जा सके। जलाभिषेक हेतु जल भरने वाले श्रद्धालु नदी में अनियंत्रित तरीके से जल भरने हेतु प्रवेश न करें, ताकि कोई दुर्घटना न हो।

### ससमय मंदिरों की साफ-सफाई व्यवस्था करें सुनिश्चित

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि बैकुण्ठपुर शिव मंदिर बाई पास रोड, महेन मन्दिर, सोहगरा धाम मन्दिर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मन्दिर एवं शिवालय की साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी उत्तरदायी होंगे। सोमनाथ मन्दिर, न्यू कालोनी छोटा पार्क के पास शिव मंदिर नगर पालिका परिषद, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, दीर्घेश्वरनाथ मंदिर तथा बरहज घाट के अतिरिक्त नगरीय क्षेत्रों में पड़ने वाले सभी मंदिरों/शिवालयों की साफ-सफाई प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद,नगर पंचायतें प्रभारी अधिकारी होंगे।

# पौधारोपण से पर्यावरण होगा स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



कलेक्ट्रेट परिसर पर्यटन भवन पर जिलाधिकारी के नेतृत्व में राजपत्रित अधिकारियों, कर्मचारियों ने किया पौध रोपण। शनिवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह, एडीएम सीटी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़, नगर मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे, एसीएम अमित जायसवाल, तहसीलदार सदर न्यायिक विकास कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चंद्र, नाजिर राकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने शरीफा, नाशपाति व अनार के पौधे का रोपण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया।

अपने पाल्यों की तरह करें पौधों की सुरक्षा-डीएम कृष्णा करुणेश ने कहा कि ऑक्सीजन की समस्या से प्रायः प्रत्येक व्यक्ति को जूझना पड़ा है। इसका एक मात्र स्थाई उपाय पौधारोपण करना है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने और इसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। पौधारोपण से पर्यावरण साफ, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ यह हमारे लिए कई प्रकार से लाभकारी सिद्ध हो रहा है। पौधरोपण के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्य को लेकर सभी को जागरूक होना होगा। जिस प्रकार से अपने परिवार और बच्चों की चिंता की जाती है। वैसे ही हम सभी को मिलकर वृक्षों की चिंता करनी होगी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से ही जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को खत्म किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने हाथों से लगाए हुए पेड़ जब बड़े हो जाते हैं। तब उनके पास जाकर बड़ा सुकून मिलता है। वृक्ष हमेशा से ही मनुष्य के लिए अहम रहे हैं और हमारे बुजुर्गों को इस बात का पता है। प्राचीन काल से ही जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय रहा है और हमारे ऋषि मुनि इस बात से अवगत थे और वे हमेशा पानी, पृथ्वी व प्रकृति आदि की चिंता किया करते थे तथा इसी को लेकर उन्होंने ऐसे प्रावधान बनाएं कि लोगों का वृक्षों एवं प्रकृति आदि के प्रति एक भाव पैदा हो। उन्हीं संस्कारों के चलते हमारे देश में नदी, पेड़ व पृथ्वी आदि को आज भी माता कहा जाता है।उन्होंने कहा कि दुनिया के विकास के चलते प्रकृति के साथ संतुलन बिगड़ा है। विकास मानव के लिए जरूरी है। लेकिन इसके साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना उससे भी ज्यादा जरूरी है। पौध रोपण कार्य करें, उसे संरक्षित करें।

# पतरैठा की सरकारी भूमि को तहसील प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

**✻ ग्राम प्रधान ने बांसगांव एसडीएम से की थी शिकायत**

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



बांसगांव तहसील अंतर्गत उरुवा थाना क्षेत्र के पतरैठा गांव में विगत दिनों तहसील प्रशासन द्वारा सरकारी चकरोड व भूमिगत नाली के जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया था।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकवल यादव ने बताया कि मौजा पतरैठा में आराजी नंबर 142,126 चकमार्ग व 143 बंजर भूमि है जिससे इस रास्ते से लोगों का आना-जाना नहीं पाता है, लोग अपने वाहन लेकर गिर जाते हैं। चकरोड की पैमाइश तहसील प्रशासन के नेतृत्व में एक टीम गठित कर विगत दिनों कराया गया। तत्पश्चात उक्त भूमि पर चकरोड व भूमिगत नाली का कार्य करवाया जा रहा था। जिसका विरोध गांव के कुछ दबंगों द्वारा किया जा रहा था।

इस संबंध में ग्राम प्रधान ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी बांसगांव को शिकायत देकर दबंगों पर कार्यवाई की मांग कर बताया कि 15 जुलाई को सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव पतरैठा के ही रामबहाल व जीतन पुत्रगण सोलई विनोद व मुन्ना पुत्रगण रामबहाल व अमरजीत पुत्र जीतन मौके पर गली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से मजदूरों को खदेड़ दिए व सरकारी कार्यो में बाधा उत्पन्न कर रहे है तथा गाटा संख्या 143 मि में रातो रात मड़ई आदि का निर्माण कर लिये है। ग्रामप्रधान ने विकास कार्यो में बाधा उत्पन्न करने वाले वांछितों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की मांग किया था। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए एसडीएम बांसगांव ने एक टीम गठित कर मौके से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

एसडीएम के कड़े तेवर के बाद भी उरुवा पुलिस पल्ला झाड़ने में लगी रही। एसडीएम के निष्पक्ष कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# महाविद्यालय कर्मियों को घर जाते समय अज्ञात युवकों ने घेरकर किया लहुलुहान

**जन एक्सप्रेस। गगहा गोरखपुर**



गगहा थाना क्षेत्र के करवल मझगांवा स्थित राधिका महाविद्यालय से दो कर्मचारी अपना काम निपटाकर कर अपने घर वापस जा रहे थे तभी डिहुलापार के समीप दर्जनों अज्ञात युवकों ने घेरकर बुरी तरह पीटकर कर लहुलुहान कर दिया। घायल को एम्बुलेंस108से सीएचसी गगहा ले जाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गगहा थाना क्षेत्र के करवल मझगांवा स्थित राधिका महाविद्यालय में रामपुर बघौरा निवासी 21वर्षीय मुकेश गौतम व सुनील कुमार आफिस में कार्यरत हैं वे महाविद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का फीस जमा करने के साथ डाटा फिडिग का कार्य करते हैं। दोनों कर्मचारी महाविद्यालय का कार्य निपटाकर शनिवार को अपने घर रामपुर बघौरा जा रहे थे अभी वह ग्राम पंचायत डिहुलपार पहुंचे थे कि तभी अज्ञात दर्जनों युवकों ने बाईक घेरकर दोनों कर्मचारियों को उतारकर बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। दोनों घायल कर्मचारियों को एम्बुलेंस से सीएचसी गगहा ले जाया गया।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष सिंह ने बताया कि दोनों बहुत सरल व मिलनसार लड़के हैं। दोनों महाविद्यालय के आफिस में कार्यरत थे। घटना किस कारण हुआ है मुझे नहीं मालूम है। मैने थानाध्यक्ष को घटना की सूचना दे दी है.वहीं महाविद्यालय में पिछले दो वर्षो से मुकेश गौतम व एक साल से सुनील कुमार कार्य कर रहे हैं.घायल दोनों कर्मचारी अज्ञात युवकों को नहीं पहचान रहे हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि ऐसा क्या कारण है कि दोनों कर्मचारियों को युवकों ने क्यों पीटा? दूसरा यह कि राधिका महाविद्यालय से छुट्टी होने के बाद यह फोरलेन होकर रावतपार चौराहे से रामपुर बघौरा जाते थे।

# एसडीएम संग राजस्व व पुलिस अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण



**जन एक्सप्रेस। चौरीचौरा**

पर्यावरण वन एवं जलवायु विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शनिवार को चौरीचौरा तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशान्त वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा नितीन तनेजा, तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार राजेश सिंह ने वृक्षारोपण किया। इसी क्रम में अधिवक्ताओं ने भी तहसील परिसर में ही वृक्षारोपण कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम प्रशांत वर्मा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण बहुत ही जरूरी है। वर्तमान में वातावरण दूषित होने का मुख्य कारण पेड़ पौधों का अभाव है।हम सभी को पेड़ पौधों की रक्षा के लिए संकल्पित होना चाहिए।। जिससे वातावरण व जलवायु शुद्ध हो सके। इस दौरान तहसीलदार संजय सिंह, नाजिर, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह, संतोष जायसवाल सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्माण के छः महीने में ही ध्वस्त हुई इंटरलाकिंग सड़क

**जन एक्सप्रेस/निचलौल/महराजगंज।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खेसरहा शीतलापुर में लाखों की लागत से बनी इंटरलॉकिंग सड़क की एज वॉल मानक विहीन निर्माण कार्य की वजह से लगभग 20 मीटर ध्वस्त हो गई वहीं कई जगह इंटर लॉकिंग सड़क धंस गई है।

इंडो नेपाल सीमा से सटे ग्राम पंचायत खेसरहा शीतलापुर में एसएसबी रोड से बॉर्डर टोला तक लाखों की लागत से इंटर लॉकिंग सड़क का निर्माण छः महीने पूर्व कराया गया था। लेकिन मानक विहीन निर्माण कार्य की वजह से इंटर लॉकिंग सड़क कई जगह धंस गई है तो वही लगभग 20 मीटर एज वॉल ध्वस्त हो गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि मानक विहीन इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण के वजह से मात्र छः माह के भीतर ध्वस्त हो गई है। कई जगहों पर एज वॉल टेढ़ी हो गई है जिसके ढहने की आशंका है।

# चौरी-चौरा विधायक ने पुलिस प्रशासन पर लगाया मनमानी का आरोप

**✻ जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रहा है, स्थानीय पुलिस प्रशासन - ई. सरवन निषाद**

**जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा**



स्थानीय विधायक ई. सरवन निषाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए चौरी चौरा पुलिस प्रशासन पर मनमानी एवं कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विधायक ने भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक कुमार जायसवाल के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार को घोर निंदनीय बताया है।

विधायक सरवन निषाद ने कहा, राजनीति में मुकदमे दर्ज होना सामान्य बात है, इसका मतलब यह नहीं है कि व्यक्ति अपराधी है। चौरी चौरा पुलिस द्वारा एक सम्मानित व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार समाज में गलत संदेश देता है और कार्यकर्ताओं में निराशा फैलाता है।

### जेल से धमकी मिलने पर मिली सुरक्षा हटाकर, पुलिस ने की मनमानी

विधायक ने अपनी सुरक्षा हटाए जाने को लेकर भी जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि **एक वर्ष पूर्व मुझे जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसके बाद मुझे सुरक्षा प्रदान की गई थी। अब जिला प्रशासन ने मनमानी तरीके से मेरी सुरक्षा हटा ली है।**

निषाद समाज के नेताओं की हत्याओं का जिक्र करते हुए विधायक ने कहा, हमारे समाज के नेताओं की निर्मम हत्याएं होती रही हैं, चाहे वह जमुना निषाद हों या बिहार के मुकेश सहनी के पिता। इसके बावजूद, प्रशासन मेरी सुरक्षा हटा कर मनमानी रवैया अपना रहा है।

### मुख्यमंत्री से मिल कर देंगे जानकारी, दोषियों करेंगे कार्रवाई की मांग

विधायक सरवन निषाद ने यह भी कहा कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराएंगे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने निषाद समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई में समर्थन की अपील की और कार्यकर्ताओं को निराश ना होने का संदेश दिया।

# अमृत सरोवर योजना की आड़ में सरकारी धन की खूब हो रही लूट-खसोट

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

केंद्र व प्रदेश सरकार अमृत सरोवरों का बड़े पैमाने पर निर्माण करा रही है। राज्य सरकार हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनावा रही है ताकि सरोवरों का पानी साफ रहे, उनमें गांव या शहर का गंदा पानी प्रवेश न करने पाए और सरोवर ग्रामीणों के पर्यटन का केंद्र बनें रहें, इसके लिए ग्राम्य विकास विभाग ने भी विस्तृत खाका खींचा है। जल संरक्षण के लिए चलाई जा रही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर योजना विभागीय उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। अमृत सरोवर का भी काम अधूरा है और वहां अव्यवस्थाओं का अंबार है। तो वहीं मस्टररोल में फर्जी तरीके से मजदूरों के नाम दर्ज कर मजदूरी भुगतान भी किया जा रहा है।



### ना बना वाकिंग एरिया, ना ही लगे बेंच, कागजों में काम हुए पुरे, धरातल पर अधूरे

जनपद के गोला ब्लॉक क्षेत्र में कुकरहा गांव में बने अमृत सरोवर कागजी कार्रवाई में पूर्ण हो गए हैं, लेकिन सरोवरों की जमीनी हकीकत अलग ही है। इसी तरह से कई अन्य ग्राम पंचायत में भी पाया गया। बताते चलें कि शासन के निर्देश के क्रम में सभी अमृत सरोवरों के चारों ओर वॉकिंग एरिया, ध्वजारोहण के लिए फाउंडेशन, चारों ओर पौधरोपण, बैठने के लिए सीटें आदि का निर्माण होना है। बैठने के लिए सीट तक नहीं, इंटरलॉकिंग कार्य भी अधूरा जिम्मेदारों की ओर से अमृत सरोवरों के कच्चे कार्य पूर्ण होने व पक्के निर्माण कार्य शुरू होने का दावा किया जा रहा है, जबकि हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस टीम की पड़ताल में 60 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण नहीं मिले। कच्चे कार्यों की बात की जाए तो कई सरोवरों पर खुदाई तो कहीं पटाई का कार्य होता दिखा। वहीं कई जगहों पर इनलेट-आउटलेट का कार्य होता दिखा। सरोवरों पर वॉकिंग ऐरिया निर्माण, पौधरोपण, बैठने के लिए सीट नहीं दिखी। वहीं इंटरलॉकिंग कार्य भी अधूरा दिखा। वहीं कुछ जगहों पर मानक विहीन ईंटों का प्रयोग होता पाया गया। ऐसा तब है जब प्रत्येक अमृत सरोवर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, रोजाना निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करता हैं।लेकिन गांव में बन रहे अमृत सरोवर योजना जिसमें पोखरे की खुदाई कर उसे सुंदरीकरण करना है, जिसमें मनरेगा मजदूरों द्वारा श्रम की व्यवस्था है, लेकिन आपको बताते चलें कि गोला विकास खंण्ड के ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के अन्तर्गत पोखरे की खुदाई का कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन यह सिर्फ कागजी आंकड़ों में ही खुदाई दिखाई दे रहा है.योजना पूरी तरह भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

### बेनाम हाजिरी लगा करा रहे हैं मजदूरी भुगतान

ग्रामीणों की माने तो इस निर्माण कार्य के जिम्मेदारों ग्राम प्रधान, सचिव, इंजीनियर ने शासकीय राशि का जमकर बंदरबांट किया है। वहीं तालाबों के समीप कराया गया पौधरोपण भी लगभग नदारद है। जल संरक्षण व पुराने तालाबों के जीर्णोद्वार के लिए शासन की ओर से वृहद स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर विकसित किए जा रहे हैं।

### ब्लॉक के जिम्मेदारों ने झाड़े पल्ला तो कमी नहीं किया फोन काल रिसीव

इस संबंध में जब विकास खंड के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करनें का प्रयास किया गया तो किसी ने मुनासिब जवाब न देते हुए पल्ला झाड़ते नजर आए तो कई जिम्मेदारों ने तो मोबाइल फोन काल तक रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा। इस मामले में सहायक अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार सिंह से बात किया गया, उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए जा रहे गांव में कई मद से कार्य किया गया है जिसे जानकारी कर उचित निर्देश दिया जाएगा।

### संबंधितों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई: सीडीओ

इस प्रकरण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर संजय मीणा ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम के जिले में भाई के हत्या मामले में न्याय की आस में दर-दर भटक रहा रवि

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

जनपद के चिलुआताल थाने में तहरीर के अनुसार धारा लगाने तथा गवाहों की गवाही न दर्ज करने एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में 20 जुलाई 2024 शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को रवि गुप्ता ने पत्रक सौंपा। पिडित रवि गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम गति निवासी झुगिया बाजार, थाना- चितुवालाल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उसका भाई मनोज गुप्ता घर से सब्जी लेने गया था, मनोज सब्जी लेकर घर वापस लौट रहा था कि पुरानी रंजिश को लेकर मकबूल पुत्र अज्ञात निवासी फतेहपुर डिहवा तथा बाइक पर पीछे बैठे कमलेश द्वितीय पुत्र राम सुरेमन द्विवेदी निवासी मझगावां जगतबेला, थाना-चिलुवाताल, वाहन संख्या यूपी 57 बी 2757 से पीछे से हमारे भाई को जान से मारने की नीयत से जानबूझकर ठोकर मार कर गिरा दिया तथा दूसरी गाड़ी पर बैठे कमलेश के अन्य दो साथियों ने हमारे भाई मनोज को मां बहन की गाली गुप्ता देने लगे रवि ने बताया कि भाई ने जब गाली देने से मना किया तो उपरोक्त लोग हमारे भाई को मारने पीटने लगे, मेरे भाई को कमलेश द्विवेदी तथा मकबूल और कमलेश के साथियों ने दोनों पैरों को पकड़ कर जमीन पर पटक दिया जिससे हमारे भाई के सिर में गंभीर चोटे आईं और उसकी मृत्यु हो गई।



उपरोक्त के क्रम में रवि गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचा तथा अपने भाई को बचाने का बहुत प्रयास किया लेकिन बचा न सका।

तत्पश्चात उपरोक्त लोग हम प्रार्थी को भी मारने पीटने के लिए दौड़ा लिये और मकबूल हमारे भाई का गला दबा कर कह रहा था कि साले तुम जानते नहीं हो कि हम कौन हैं तुम्हें और तुम्हारे सारे परिवार वालों की हत्या कर देगे हमारे भी नाक, कान व मुह से खून आने लगा तब तक घर के राजकुमार व गांव के अन्य दो व्यक्तियों तथा गांव के अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंचे और उपरोक्त लोगों को पकड़ने का प्रयास किया तो उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए वहां से भाग गए।

रवि गुप्ता ने कहा कि मकबूल, कमलेश द्विवेदी तथा उनके दो साथियों के ऊपर अन्य कई स्थानों पर गंभीर धारा में पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है और वे लोग पेशेवर अपराधी हैं जिनके मारने से ही हमारे भाई की मौके पर मृत्यु हो गई। हमने तत्काल घटना की सूचना थाने पर दिया लेकिन पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0507/2024 धारा 281/105/115(2)/352/351(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया जबकि हमारे भाई की मृत्यु मौके पर हो गई थी और गुलहरिया थाना पुलिस द्वारा हत्या की धारा न लगाकर 110 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एसडीएम ने सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने में दो लेखपालों को किया निलंबित

**जन एक्सप्रेस/गगहा।** उपजिलाधिकारी केशरी नन्दन तिवारी के कड़े तेवर के चलते शनिवार को सरकारी कार्यों की समीक्षा के दौरान दो लेखपालों के समय से कार्य पूरा न किए जाने के आरोप में निलम्बित करते हुए उन्हें निलंबन अवधि में रजिस्ट्रार कार्यालय बांसगांव से सम्बद्ध करने का निर्देश दिया। जानकारी के मुताबिक मौजा कोठा मुस्तक़िल में तैनात हल्का लेखपाल सुशील कुमार यादव तथा मौजा अतायर में तैनात हल्का लेखपाल शेषनाथ द्वारा खतौनी में अंश निर्धारण एवं मृतक व्यक्तियों के वरासत प्रार्थना पत्र के डिफॉल्ट होने पर उपजिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुए दोनों लेखपालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, निलंबन अवधि के दौरान दोनों को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। जिसके चलते तहसील में कार्यरत अन्य लेखपालों एवं कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

# गड्ढे में सड़क या सड़क में गड्ढे, खोल रहे विकास की पोल, जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान

**जन एक्सप्रेस। रूद्रपुर (देवरिया)**

**✻ सड़क में गड्ढे व जलभराव हादसों को दे रहे दावत, कीचड़ भरी सड़क से गुजरने को मजबूर जनता**

रूद्रपुर दुग्धेश्वरनाथ रोड़ से रामचक गांव जाने वाली सड़क टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गई है और एक साल पूर्व सड़क किनारे बनी नाली की खुदाई कर जलनिगम द्वारा वाटर सप्लाई की पाईप डालकर वैसे ही छोड़ दिया गया, जिससे नाली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। नालियों का पानी सड़क पर जमा होने से हमेशा सड़क पर कीचड़ व जलभराव बना रहता है। जो इस रास्ते गुजरने वाले लोगों व स्कूली बच्चों के लिए आफत बना हुआ है। उक्त सड़क से गुजरने वाला राहगीर अथवा छात्र कब दुर्घटना का शिकार हो जाए कहा नहीं जा सकता। अभी बीते शुक्रवार को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल सवार दिव्यांग उस गड्ढे में फंस गया जिसे एक ग्रामीण द्वारा धक्का देकर कीचड़ से बाहर निकाला गया, गनीमत रहा कि कोई दुर्घटना नहीं हुई।



### सालों साल जमा रहता कीचड़ युक्त पानी

ग्राम मरकरी निवासी दिव्यांग सचिन सिंह मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल से गाँव-गाँव जाकर मोबाइल कम्पनियों के सिम सेल करने का कार्य करता है। उसने बताया कि करीब चार-पाँच वर्षों से इस सड़क पर हमेशा कीचड़युक्त पानी भरा रहता है। वहीं बारिश होने पर दो से तीन फीट पानी जमा हो जाता है। बता दें कि यहाँ पास में ही प्रत्युष विहार स्कूल संचालित होता है, जहाँ नित्य बच्चे उसी रास्ते से स्कूल आते-जाते हैं, जो आये दिन कीचड़ की वजह से गिरकर चोटिल होते हैं। खासकर महिलाओं व बच्चियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गड्ढों में तब्दील सड़क पर जलजमाव के कारण स्कूली छात्राओं की परेशानी का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। छोटे-छोटे बच्चे भी इसी कीचड़ भरे सड़क से होकर स्कूल जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहाँ नियमित रूप से नाली की सफाई भी नहीं होती है, जिसके कारण पानी की निकासी बंद है। पानी जमा होने से लोगों में संक्रमण की बीमारी फैलने का भी डर बना है। जलनिकासी की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने के कारण आस-पास के लोगों को हमेशा इस परेशानी से गुजरना पड़ता है।

# एक दिन में रोपे गए 54 लाख 72 हजार 882 पौधे

**✻ वन क्षेत्र में बढ़ रहा उत्तर प्रदेश ये हमारे लिए है खुशखबरी : आशीष पटेल**

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



शनिवार को एक दिन में 54 लाख 72 हजार 882 पौधरोपण किया। शासन द्वारा निर्धारित टारगेट के मद्देनज़र वन विभाग सहित जिले के 23 विभागो ने मिलकर लक्ष्य के सापेक्ष पौधे रोपित किए। इस मौके पर प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है इसकी रिपोर्ट एफआरआई ने दी है, ये हमारे लिए खुशखबरी है कि वन क्षेत्र हमारे लिए बढ़ रहा है।मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने हम सबको प्रेणना दी है कि एक पेड़ मां के नाम रोपित करके जलवायु परिवर्तन करने के लिए मोटीवेशन चला उसी में एक काम ये भी करें। मैं खुशी के साथ जानकारी दे रहा हूं पिछले सात वर्षो में हमारी सरकार ने जो वृक्षारोपण का कार्य किया है उसमें उत्तर प्रदेश में जो वन क्षेत्र है उसमे वृद्धि हुई है। जो एफआरआई (फारेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट) की रिपोर्ट दी है। यह हमारे लिए खुशखबरी है कि वन क्षेत्र उत्तर प्रदेश में बढ़ रहा है। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह रहा हूं कि आज भी जो पौधे रोपित होंगे उन पौधों को हम लोग अधिकतम सुरक्षित रखने में कामयाब होंगे। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अयोध्या मण्डल के मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा एवं डीएफओ अमित सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।बता दे कि शनिवार को समूचे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ जिले में वृक्षारोपण जन अभियान कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित हुआ। हालांकि इस बार उत्तर प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित है। सुल्तानपुर में 54 करोड़ 72 लाख 8 सौ 82 पौध रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित है। डीएफओ अमित सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण जन अभियान में जिले के कुल 23 विभागों के पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमे वन विभाग (लक्ष्य आवंटित 2742200) समेत जिले के अन्य 22 विभाग जिसमे ग्राम्य विकास विभाग (1780921), राजस्व विभाग (121000), पंचायतीराज विभाग (147000), आवास विकास विभाग (0), नगर विकास विभाग (25719), लोक निर्माण विभाग(12701), जल शक्ति विभाग (11000), कृषि विभाग (339578), पशुपालन विभाग (4000), सहकारिता विभाग (8740), उद्योग विभाग (13026), ऊर्जा विभाग (2800), बेसिक शिक्षा विभाग (18712), प्राविधिक शिक्षा विभाग (1800), माध्यमिक शिक्षा विभाग (13718), उच्च शिक्षा विभाग (20668), श्रम विभाग (2200), स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग (14599), परिवहन विभाग (2000), रेलवे विभाग (2500), उद्यान विभाग (178000) एवं गृह विभाग (10000) मिलकर अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष पौधे रोपित करेंगे। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण जन अभियान में छायादार, शोभादार एवं फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे जिसमें खासकर सागौन, पीपल, पाकड़ कचनार एवं अन्य कई प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए।

# उद्योग विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु लगाया गया कैंप

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर




उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों एवं पारम्परिक कारीगरों के विकास हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग एस सिद्दकी ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत जनपद में बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री एवं हलवाई ट्रेड के अन्तर्गत आनलाइन आवेदन पत्र अभ्यर्थियों से आंमत्रित किया जा रहा है। वहीं एस सिद्दकी द्वारा यह भी बताया गया कि इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में विकास खंड भीटी ब्लॉक में शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 12 आवेदन पत्र, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 18 आवेदन पत्र, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में 01 आवेदन पत्र, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 28 आवेदन पत्र, पी0 एम0 विश्वकर्मा योजना में 94 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त एस सिद्दकी ने कहा कि अभ्यर्थियों के चयन के बाद उनके कौशन वृद्धि हेतु उन्हे 10 दिवसीय प्रशिक्षण के साथ निर्धारित दर पर मानदेय भी प्रदान किया जायेगा। बताया गया कि आवेदनकर्ता जनपद का मूल निवासी तथा 18 वर्ष से कम नही होना चाहिए। आवेदनकर्ता किसी पारम्परिक कारीगरी से जुड़ा हो और बैंक डिफाल्टर नही होना चाहिए साथ ही इस योजनान्तर्गत परिवार का कोई एक ही व्यक्ति इस योजना का लाभ ले सकता है। उन्होने कहा कि इच्छुक आवेदक अपने आवेदन पत्र को किसी भी साइबर कैफे/जनसेवा केन्द्र पर जाकर आनलाइन आवेदन करा सकता है। इस कैम्प के आयोजन में भीटी ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि खण्ड विकास अधिकारी के साथ-साथ उद्योग विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला समेत दो की मौत

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

**✻ चांदा में गोमती नदी में मिला महिला का शव, बल्दीराय में सड़क किनारे मृत मिला अधेड़**

शनिवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रो में महिला समेत दो लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के शव की तो शिनाख्त हो गई है वही अधेड़ के शव की पहचान नहीं हो सकी है। दोनों शवो को मर्चयूरी में भेजकर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है।पहला मामला जिले के चांदा कोतवाली क्षेत्र के कटघर पूरे चौहान गांव का है। जहां छापर गांव निवासी एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में गोमती नदी में पाया गया। शव देखते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर चांदा पुलिस मौके पर पहुंची। शव नदी से निकालने के लिए गोताखोरो की मदद ली। महिला की पहचान चांदा थाना क्षेत्र के छापर गोला गांव निवासी अमरावती देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पीएम में भेजा है। उधर जिले के बल्दीराय थाना अंतर्गत बल्दीराय पारा रोड़ पर बहुरावां बाजार के पास अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची अवश्य लेकिन घंटो की मशक्कत के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि मृतक ने बीती रात सड़क पर दम तोड़ दिया था। एसओ आरबी सुमन ने बताया कि शव की पहचान की प्रक्रिया चल रही है। फिलहाल बॉडी को मर्चयूरी में रखाया गया है।

# बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख ने मुख्य सचिव से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 96 किमी. पर किया कट बनवाने की मांग, दुर्घटना का कारण भी बताया

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह शनिवार को जिले के हलियापुर स्थित कुंवासी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे। जहां डीएम कृतिका ज्योत्सना और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिव कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया।

बल्दीराय तहसील के हलियापुर कस्बे के निकट स्थित वट वृक्ष लगभग 400 वर्ष पुराना है। जो महानंदा वीर बूढ़े बाबा के नाम से यह प्रसिद्ध है। यहां वर्ष में दो बार दुर्गा अष्टमी पर मेला लगता है। मनोकामना पूर्ण होने पर लोग अक्सर पूजन के लिए आते हैं। विशालकाय वट वृक्ष का संरक्षण कर इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाने की कवायद चल रही है। चार जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पूजा-अर्चना कर पौधरोपण भी किया था। तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र भी कुछ महीनों पहले यहां आए थे। अब मुख्य सचिव मनोज सिंह ने यहां आकर पौधा रोपण किया है।

इस क्रम में बल्दीराय के ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह ने एक पत्र मुख्य सचिव को दिया है। उन्होंने मांग की है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के चैनल न 96 से बल्दीराय तहसील, ब्लॉक, सीएचसी और थाने तक जाने के लिए निकास की आवश्यकता है। चैनल नंबर 96 से आने और जाने की सुविधा दी जाती है जिससे लोगों को सुगमता होगी। उन्होंने कट बनवाने की मांग की। यही नहीं एक्सप्रेस वे पर सड़को के बराबर न होने से दुर्घटनाओ के होने की बात मुख्य सचिव से की गई। उन्होंने ब्लॉक प्रमुख को आश्वासन दिया है।

# युवक को लहूलुहान कर छीनी बाइक, एक नामजद समेत 3 पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

दोस्तपुर थाना अंतर्गत पहाड़पुर वैश्य गांव में तीन हमलावरो ने एक युवक को लहूलुहान कर उसकी बाइक छीन ली। युवक को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां उसकी हालत चिंता जनक देख डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

दोस्तपुर थानाक्षेत्र के पहाड़पुर वैश्य गांव निवासी रमेश कुमार का आरोप है कि शुक्रवार रात उनका पुत्र अतुल कुमार सड़क पर लगे सरकारी नल पर अपनी प्लसर बाइक धो रहा था। जब वो बाइक धो कर घर जाने लगा उसी समय कादीपुर के हियाई गांव निवासी अभिषेक व दो अज्ञात हमलावर वहां आए और अतुल को मारने पीटने लगे। अतुल को लहूलुहान करके हमलावर उसकी बाइक लेकर फरार हो गए।

चीख पुकार सुनकर परिजन वहां पहुंचे और अतुल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थय केंद्र दोस्तपुर लेकर पहुंचे। चोट अधिक देखते हुए डॉक्टर ने सीएचसी पर प्रथम उपचार करके घायल को अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# अमेठी के जिला पंचायत सदस्य की सुल्तानपुर में धुनाई, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



दबंग जिला पंचायत सदस्य व उसके समर्थको ने एक स्कूल के प्रिंसिपल की पिटाई कर उनका हाथ तोड़ डाला। जिनका राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। इस क्रम में आज जब जिला पंचायत सदस्य अस्पताल परिसर में पहुंचा तो प्रिंसिपल के परिजनों ने उसकी पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पिटाई का एक वीडियो वायरल हुआ है। शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सलिल श्रीवास्तव के ऑफिस के सामने अमेठी के वार्ड नंबर 32 से जिला पंचायत सदस्य विजय श्याम यादव की पिटाई हुई। विजय को हेलमेट आदि से जमकर पीटा गया और बाद में कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस उसे थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। दरअस्ल मारपीट की यह घटना एक दिन पूर्व की घटना को लेकर अंजाम पाई है। बताया जा रहा है कि कोतवाली देहात के प्रयागराज हाइवे पर शुक्रवार को प्रभावती मार्डन पब्लिक स्कूल की स्कूल बस स्कूल से अध्यापिकाओ को पहुंचाने जा रही थी। हाइवे पर पकड़ी गांव के पास जिला पंचायत सदस्य लिखी एक स्कार्पियो ने बस को ओवरटेक कर रोंक लिया। स्कार्पियो सवार आधा दर्जन लोग बस चालक को गाली गलौज करने लगे। जिस पर मौजूद अध्यापिकाओं ने विरोध किया तो स्कार्पियो सवार युवकों ने अध्यापिकाओ से अभद्रता की, मौके पर मौजूद स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण चंद्र दूबे ने दबंग युवकों की करतूत का विरोध किया। जिसके बाद स्कार्पियो सवार युवकों ने प्रिंसिपल से हाथापायी कर उनकी पिटाई कर दी। जिसमे स्कूल प्रिंसिपल का हाथ टूट गया है। स्थानीय लोगो व स्कूली स्टाफ ने प्रिंसिपल को जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वाहन ओवरटेक करने मे विवाद हुआ है। जिसमे प्रिंसिपल को चोट आई है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे लखनऊ की तरफ से निम्न कार्य हेतु दिनांक 19.07.2024 को समय 15:00 बजे IREPS पर दवा आपूर्ति के कार्य हेतु पंजीकरण के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नवत है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सूचना सं. | 43-Med/Vendor Registration/LP/2024 Dt. 19.07.2024 |
| 2. | निविदा नम्बर | NRDH-LKO-2024LP-A |
| 3. | कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ के अधीनस्थ दवा/एवं सर्जिकल एवं कन्ज्यूमेबिल एवं आरथोपेडिक इम्पलान्ट, की खुदरा आपूर्ति उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ में करने के लिये, जिला लखनऊ में स्थित प्रतिष्ठानो/वेन्डर्स (खुदरा/थोक विक्रेता) का पंजीकरण करने के कार्य हेतु |
| 4. | दो वर्ष की कार्य अवधि की अनुमानित राशि | रू. 4,10,80,000 (रू. चार करोड़ दस लाख अस्सी हजार मात्र) |
| 5. | कार्य का अपेक्षित मूल्य मासिक टर्न ओवर | रू. 17.12 लाख (रू. सत्रह लाख बारह हजार मात्र) |
| 6. | मंडल चिकित्सालय उ.रे. लखनऊ के वार्षिक स्थानीय क्रय का परिमाण/मात्रा | पिछले तीन साल की खरीद का औसत रू. 2.054 करोड़ |
| 7. | पिछले तीन वर्षों (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में फर्म/वेन्डर से अपेक्षित न्यूनतम वार्षिक घरेलू कारोबार | पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए फर्म का औसत वार्षिक टर्न ओवर रू. 6.162 करोड़ के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए। निविदा के अनुमानित वार्षिक मूल्य का तीन गुना (पिछले 3 वित्तीय वर्षों में की गयी स्थानीय खरीद के औसत मूल्य के आधार पर 2.054 x 3=6.162 करोड़) |
| 8. | पंजीकरण अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये |
| 9. | ई. ओ. आई./निविदा का प्रकार | Open on IREPS. |
| 10. | Bidding प्रणाली | एकल पैकेट (तकनीकी एवं वित्तीय) |
| 11. | अग्रिम धनराशि/धरोहर राशि/ | रू0 4,10,800 (केवल चार लाख दस हजार आठ सौ) (निविदा मूल्य का 1%) |
| 12. | निविदा बंद करने की तिथि एवं समय | 07.08.2024 17:00 बजे |
| 13. | उत्तर रेलवे वेबसाइट | (www.ireps.gov.in) |
| 14. | पंजीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी | पंजीकरण व आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। |

2189/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शिवपुरी में एक ही गली के छ: छतों पर से देर रात्रि में हुए मोबाइल चोरी

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के शिवपुरी स्थित मोहल्ले से एक ही गली के छ- छतों पर से 6 मोबाइल हुए चोरी। मोहल्ला शिवपुरी स्थित कल दिनांक 18.07.2024 दिन गुरुवार की रात गली के छ परिवार एक ही गली के अपनी अपनी छतों पर रात्रि को सो रहे थे सभी छतें आपस में जुड रहीं हैं। वहां रात्रि में धोवी वाली गली से रात्रि में कपिल फैजान नक्टा नाम के व्यक्ति आये और सो रहे परिवारों की छतों पर चढ गये और सभी छतों पर से नीचे उतर कर छः परिवारों के मोबाइल चोरी करके ले गये। परिवारों में तुषार, मस्ताना, वरुण, सर्वेश, ललित, शुभम, इन लोगों के मोबाइल चोरी हुए हैं। चोरी करने वालों में से एक व्यक्ति को थाना बन्नादेवी पुलिस ने पकड़ लिया है?। छः परिवारों के व्यक्ति ने अलग अलग जाकर चौकी एंव थाने पर अपने अपने मोबाइल की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# महर्षि वाल्मीकि उपवन की हुई स्थापना गोमती मित्र मंडल को मिली जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



भारत के प्रधानमंत्री के आवाह्न पर **एक पेड़ मां के नाम** को समर्पित पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ, वृक्षारोपण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को पालिका प्रशासन द्वारा सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित पर्यावरण पार्क के उत्तर तरफ सुविख्यात कथा वाचक दिनेशानंद महाराज ने भूमि पूजन कराते हुए पांच सौ पौधों का रोपण कर सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त स्थल को गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के प्रस्ताव पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने महर्षि वाल्मीकि उपवन नाम दिया। साथ ही गोमती मित्र मंडल के स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों पर भरोसा जताते हुए इस पूरे उपवन के देखरेख की जिम्मेदारी भी उनके द्वारा गोमती मित्र मंडल समिति को दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज, सभी सभासदगण, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, आलोक तिवारी, राम क्रिंचल मौर्या, राजेंद्र शर्मा, सभासद रमेश सिंह **टिन्नू**, अजय वर्मा, मुन्ना सोनी, व सुजीत कसौधन आदि मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री अग्रवाल को आश्वस्त करते हुए कहा की गोमती मित्र इस उपवन की पूरी देखभाल करेंगे। जिससे आने वाले समय में नगर क्षेत्र के लोग देखेंगे कि कैसे इस उपवन को हरा भरा बनाया गया है, अंत में नगर पालिका अध्यक्ष श्री अग्रवाल द्वारा सफल कार्यक्रम के लिये सभी को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# मैं अच्छा हूं या बुरा हूं पर दास हूं तुम्हारा : डॉ. ऋषभ देव

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** श्री कृष्णा भक्ति सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रही श्री मदभागवत कथा के 6वें दिवस की कथा में आज कथा व्यास डॉ. ऋषभ देव ने गोपी प्रेम की अगाध गाथा श्री गोपी गीत एवं उद्धाव गोपी संवाद रस वर्षा है भजन गाया मै अच्छा हु या बुरा हु पर दास हु तुम्हारा, तुम हो जन्म जन्मो का उधार करने वाले एक अर्ज मेरी सुनलों हे नाथ मेरे कन्हैया करुणा गुणगान किया। उसके पश्चात आरती कर आज की कथा को विश्राम किया कथा के मुख्य यजमान पंकज नीति आयुष अग्रवाल अन्य भक्त चीकू दीप्ति पंडित, सोहम, प्रफुल, निरु गोयल, सुनीता गुप्ता योगेंद्र गुप्ता, अमित, रूबी हरकुट, प्रदीप हरकुट, सुगंधा गुप्ता, रितु, प्रीति, नीता, वेदांजलि, यज्जी, अमित सक्सेना, अजय नीलम शर्मा, लोकेश नीतू दीक्षित, सुनील सुधा भारद्वाज, योगेंद्र जुबली वार्ष्णेय, गोविन्द गुप्ता, नरेंद्र माहेश्वरी, विष्णु जी, मनोज अल्का राघव, डॉ. सुनील गीता तोमर, अजय कुमार सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, मुन्नी देवी, यज्जी, जीतू कृष्णा वर्मा, प्रमोद पूनम भारद्वाज, राजबाला, सुनीता, कुमकुम, इत्यादि भक्त उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण महाभियान की शुरुआत की

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी ने वृक्षारोपण करने के उपरान्त कहा कि मनुष्य का शरीर पंच भूति का है। इन पांचों में सबसे ज्यादा जरूरी सांस यानी वायु है, इसके बिना एक क्षण जीव जिंदा नही रह सकता। हाल की कोरोना महामारी में सभी ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा और पीएम की दूरगामी सोच के चलते सैकड़ों ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए। अब हम वैज्ञानिक और धार्मिक आधार दोनों को जान चुके हैं। भारतीय संस्कृति की पुनरावृत्ति करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी ने पौधे रोपित कराने का आवाहन किया। जनसंख्या से ज्यादा वृक्षारोपन करने का लक्ष्य दिया। मॉ के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं। पर्यावरण के लिए न सही अपने लिए ही, सभी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस वृक्षारोपण अभियान ''एक पेड़ माँ के नाम'' को हकीकत में सफल बनायें। मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता में रखते हुए सात वर्षों में 168 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए हैं। थर्ड पार्टी ऑडिट में इनमें से 75-80 प्रतिशत पौधों के सुरक्षित होने की पुष्टि भी हुई है। हम सभी को पर्यावरण बदलाव से गुजरना पड़ रहा है। समय रहते धरती को कंक्रीट के जंगलों से बचाते हुए मूल स्वरूप में लाना होगा। इस बार प्रदेश सरकार द्वारा 36 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह बड़ा लक्ष्य है, इसमें आप सभी की सहभागिता जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। समूचे अलीगढ़ जिले में 44,28,290 पौधे रोपित किए जाएंगे।

विधायक बरौली ठाकुर जयवीर सिंह ने कहा कि घने जंगल सदैव ही

# झूठे प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज करने से पहले हो निष्पक्ष जांच

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

रोबिन कुमार निवासी पला साहिबाबाद ने एसएसपी महोदय से प्रार्थना पत्र द्वारा गुहार लगाई है कि उसके जमीन विवाद में विपक्षियों द्वारा झूठा प्रार्थना पत्र देने पर इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि विपक्षी झूठा मुकदमा लिखवाने में अपने मंसूबो में कामयाब ना हो रोबिन कुमार और सीहोर निवासी अशोक कुमार और विजय कुमार के बीच में जमीन विवाद है रोविन कुमार का कहना है कि उनकी दादी के नाम जमीन है और उनका नाम अभिलेखों में भी दर्ज है। यह जमीन रोविन की दादी के पिताजी ननुआ की पुस्तैनी जमीन थी । ननुआ की मृत्यु के बाद दादी का नाम अभिलेखों में दर्ज किया गया। जिसे रोबिन कुमार की दादी ने दान पत्र के द्वारा उसका बैनामा रोबिन के नाम कर दिया। जब दाखिला खारिज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया तो अशोक कुमार ने आपत्ती यह कहकर लगा दी कि उन्होंने इस जमीन का बैनामा 1995 में बैनामा करा रखा है। लेकिन आज तक उनका नाम अभिलेखों में दर्ज नहीं हुआ है और ना ही दाखिला खारिज हुआ है यह बात रोबिन कुमार ने तहसील कोल से सभी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद बताइ है। और आरोप लगाया है कि विपक्षी अशोक कुमार एवम विजय कुमार उसे लेखपाल से मिलकर फर्जी केस में फसाना चाहते हैं।ताकि जमीन को अपने हक में कर सकें।रोबिनकुमार ने विपक्षी के बैनामा निरस्तीकरण के लिए वाद न्यायालय में डाल दिया है।

# पौधे की सुरक्षा जरुरी, सुरक्षा नहीं तो लगाने से कोई फायदा नहीं : न्यायाधीश कमर हसन

- पेड़ों में देवी देवताओं का वास माना जाता है: जिलाधिकारी
- पर्यावरण की स्थिति देखते हुए पौधारोपण करना जरुरी: रमेश सिंह
- एक पेड़ मां के नाम के तहत जिले में लगे 12 हजार पौधे

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





**खुटहन।** विकास खण्ड खुटहन के नौली गांव के गूजर ताल में शनिवार को बीस हेक्टेयर भूभाग में बृक्षारोपण जन अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत बारह हजार पौधे लगाए गए। जिले के इतिहास में पहली बार एक साथ एक ही स्थान पर इतने अधिक पौधे लगाए गए। गैरतलब हो कि पौधरोपण समारोह में संविधान के तीनों तंत्र, न्यायालय पालिका कार्य पालिका विधायिका के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भूमि पूजन व नारियल फोड़कर किया। परिषदीय विद्यालयों के सैकड़ों बच्चे हाथों में जागरुकता संदेश लिखी तख्तियों के साथ रैली निकाली। बतौर मुख्य अतिथि प्रयागराज उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कमर हसन ने अपने हाथों से चंदन का बृक्ष लगाते हुए इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी डीएफओ को सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि पौधे की सुरक्षा नहीं किया गया तो उसे लगाने से कोई फायदा नहीं। न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि हम यहीं बगल गांव कलापुर के निवासी हैं। जब भी वापस घर आऊंगा रोपण किए गए पौधों का हाल जानने जरूर आऊंगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही में पौधे मरने न पायें। राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि वायुमंडलीय संतुलन के लिए बृक्ष अति आवश्यक है। बृक्ष के अभाव में धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। विधायक रमेश सिंह ने कहा कि इस वर्ष पड़ रही प्रचंड गर्मी ने हम सभी को बृक्ष की अहमियत का एहसास करा दिया। यही हाल रहा तो आगामी चार पांच वर्षो में पृथ्वी पर जीवन का संकट आ जायेगा। इस लिए घर में जितने भी सदस्य हों सभी के नाम पर एक एक बृक्ष अवश्य लगाइए। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार मादंड ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बृक्ष में देवता और देवियों का वास माना गया है। पेड़ भी अपने में बहुत बड़ा इतिहास समेटे हुए रहते हैं। अक्सर गांवों में आज भी लोग बागों का अलग अलग नाम रखे हुए हैं। उनके साथ यह भी कहा जाता है कि यह बाग हमारे दादा,बाबा की लगाई हुई है। पेड़ पौधे हमें प्राणवायु, लकड़ी,फल आदि के अलावा पूर्वजों की स्मृति सहेजे रहने के साक्षी होते हैं। समारोह को नोडल अधिकारी परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह,सीडीओ सीलम साईं तेजा, बीएसए डॉक्टर गोरखनाथ पटेल,डीसी मनरेगा सुशील त्रिपाठी,डीएफओ प्रवीन खरे, एसडीएम शाहगंज शैलेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया।

### विधायक ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सुईथाकला। विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने शनिवार को सारी जहांगीर पट्टी गांव में लखनऊ-बलिया मार्ग के किनारे पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम तथा बृहद पौधरोपण अभियान के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में श्री सिंह ने पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर तथा बरगद के पांच पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौसम का बदलाव हमें साल-दर-साल यह चेतावनी दे रहा है कि हमे एक बार फिर धरती को हरा-भरा रखने पर गंभीरता से कुछ करना पड़ेगा। यदि हम अभी भी नहीं चेते तो वह समय दूर नहीं जब हम चाहकर भी बहुत कुछ नहीं कर पाएंगे। कार्यक्रम में बृजेश शुक्ला, भीम सिंह, केडी सिंह, अमित सिंह, अविनाश तिवारी, संजय तिवारी ।सहित वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति ठप्प ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामीण, पावर हाउस पर किया हंगामा

- अघोषित विद्युत कटौती, जनता त्रस्त अधिकारी मस्त

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



सिंगरामऊ क्षेत्र के बछुआर गांव बीते करीब दो हफ्ते से चरमराई विद्युत आपूर्ति के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश पनपने लगा। आक्रोशित ग्रामीण पावर हाउस के पास पहुंचकर हंगामा किया। पुरानी वाराणसी जौनपुर सड़क के पास पावर हाउस के बाहर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे. घटना की सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर किसी तरह लोगों को समझा बूझकर विद्युत आपूर्ति फिर से बहाल करने के आश्वासन दिया।

ज्ञात हो की क्षेत्र में जहां फाल्ट और ट्रिपिंग से मुश्किलें बढ़ गई हैं। वहीं, हाल बदतर हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है, बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा हैं। यही नहीं सिंगरामऊ पावर हाउस का नंबर हमेशा बंद रहता है। बीते करीब दो हफ्ते से विद्युत आपूर्ति मनमाने तरीके से चल रही है। लोगों को पीने के पानी को लेकर भी तरसना पड़ रहा है बूंद बूंद पीने पानी पीने को लेकर लोग तरसते रहे और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ने लगा। इसी बीच ग्रामीण विद्युत आपूर्ति केंद्र बछुआर के पास पहुंचकर लोगों ने हंगामा किया और विद्युत विभाग के प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि एसडीओ कभी पावर हाउस पर नहीं आते और एकदम निष्क्रिय है। सिर्फ ये सरकार से वेतन ले रहे हैं। यदि इनके खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो हम सब पावर हाउस पर धरना देने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर अवनीश सिंह, प्रधान कठार, अंबुज तिवारी ,पिंटू सिंह प्रधान सिंगरामऊ, नीरज सिंह, बलराम मिश्र,मस्तराम मिश्र,राजेश, मोनू सिंह,अमित कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने इनिशियम ग्लोबल स्कूल में किया पौधरोपण

- मण्डलायुक्त द्वारा विकास खण्ड ललौरीखेडा के ग्राम कंजानाथ पट्टी में किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





आज वृक्षारोपण महाअभियान 2024 (एक पेड़ माँ के नाम) का जनपद में शुभारंभ केन्द्रीय राज्यमंत्री, इलेक्ट्रॉनिक सूचना प्रौद्योगिकी, वाणिज्य उद्योग जितिन प्रसाद ने जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी डॉ0 सुधीर गुप्ता व मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के साथ इनिशियम ग्लोबल स्कूल के प्रागंण में बालम खीरा, आम, बहेरा सहित फलदार पौधों का रोपण किया गया। आज जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में वृहद स्तर वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गये। महाअभियान के तहत केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा इनिशियम ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के सम्बन्ध में जागरूक किया गया और उन्होंने उपस्थित सभी से अपील की प्रत्येक छात्र एक एक पौधे का रोपण अवश्य करें और अपने माता पिता, रिश्तेदारों व पडोसियों से भी एक एक पेड़ लगाने जागरूक करें एवं रोपित पौधों की नियमित देखरेख स्वयं करें।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरे प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में 36.50 करोड पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री उ0प्र0 की मुख्य आदत है कि जो रिकार्ड वह बनाते हैं वही तोड़ सकते हैं। कोई ऐसा नेता नहीं है जो उनके बनाए हुए रिकॉर्ड को तोड़ सके। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को एक अभियान की तरह लेते हुए जन सहभागिता के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज बहुत ही बुद्धिमान थे जिन्होंने पर्यावरण के संरक्षण एवं जल संरक्षण हेतु नदियों और वृक्षों को धर्म के साथ जोड़कर रखा था जिससे कि इनका संरक्षण किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि हमें शुद्ध हवा मिलेगी तो हमारे स्वास्थ्य अपने आप सही रहेगा स्वास्थ्य सही रहने पर ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

मण्डलायुक्त ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में अत्यन्त आवश्यक है। वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा की वन को इस तरह से विकसित करें कि जो व्यक्ति एक बार यहां पर आए वह बार-बार आने की चाह रखें। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि आपके जीवन में जो समय एक बार आता है वह दुबारा कभी लौट कर नहीं आता है। इसलिए समय के महत्व को समझें और अपने सभी कार्यो को समय से पूरा करें जिससे आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। महा अभियान के अन्तर्गत 26 विभागों द्वारा अपने लक्ष्य के अनुरूप वृहद स्तर पर लाभकारी वृक्ष जैसे आम, पीपल, बरगद सहजन, फरेंद, नीम, चन्दन, लीची, सागौन जैसे लाभकारी वृक्षाों का वृक्षारोपण किया, इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा डीएफओ सामाजिक वानिकी को निर्देशित करते हुये कहा कि आज शाम तक रोपित किये गये, समस्त पौधों की विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित किया जाये और साथ ही साथ रोपित पौधों की देखभाल नियमित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु ट्री गार्ड लगाये। इसके उपरान्त डीएफओ सामाजिक वानिकी द्वारा केन्द्रीय राज्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को एक एक पेड़ उपहार स्वरूप रूद्राक्ष का वृक्ष भेंट व टाइगर का स्मृति चिन्ह प्रदान किये।इसके साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा पिछले वर्ष अधिशासी अभियन्ता विद्युत कार्यालय में रोपित किये गये।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर पीडितों का हाल जाना




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**बरखेड़ा।** सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बरखेड़ा क्षेत्र ब्लॉक क्षेत्र के गांव के मुड़िया हुलास, मुड़िया कुंडरी, कबूलपुर के गांवों में बाढ़ ग्रस्त लोगों से सम्पर्क कर उनका हाल जाना तथा राहत सामिग्री बाटने के निर्देश दिए।राज्यमंत्री ने मुड़िया कुंडरी में बाढ़ पीड़ित लोगों को राहत सामिग्री दी एवं वृक्षारोपण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच करवाकर शेष बचेजबाढ़ पीड़ित लोगों को राहत सामिग्री दी जाए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार,बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र पाठक,डॉ सौरभ शर्मा,बीटीसी माखनलाल सहित आदि लोगो मौजूद रहे।

## बयानबाजी मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्र की पेशी, विधि विरुद्ध काम करने का दर्ज हुआ था मुकदमा

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

विंध्याचल के पुरोहित से रंगदारी मांगे जाने के मामले में पेशी के दौरान पुलिस अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करने के आरोप में ज्ञानपुर के पूर्व विधायक बाहुबली विजय मिश्र की शनिवार को मिर्जापुर के एमपी-एमएलए कोर्ट में शनिवार को पेशी हुई। जज विकास कुमार सिंह ने अगली सुनवाई के लिए दो अगस्त की तिथि तय की है। इस दौरान कचहरी परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। तीन थानों की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही। पांच अगस्त 2022 को पूर्व विधायक विजय मिश्र की विंध्याचल के तीर्थ पुरोहित अवनीश मिश्रा से रंगदारी मांगे जाने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में पेशी हुई थी। पेशी के दौरान विजय मिश्र ने पुलिस अधिकारियों तथा नेताओं के खिलाफ बयानबाजी की थी। पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की का भी आरोप है।

# जौनपुर में चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास एवं 30-30 हजार जुर्माना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तरप्रदेश में जौनपुर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) अनिल कुमार यादव की अदालत ने शनिवार को सुजानगंज थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व शराब पीने के विवाद को लेकर हत्या करने के चार आरोपियों को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 30-30 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार वादी परवेज अहमद ने सुजानगंज थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया कि 007 मार्च 2023 को शाम 4:00 बजे उसके गांव डालूपुर थाना सुजानगंज में उसके गाँव के शनि सिंह उर्फ रजनीश,तूफानी, रजनीश उर्फ नन्हका भैया व सुजीत उसके घर के सामने खड़ी उसकी बोलेरो के बोनट पर बैठकर शराब पी रहे थे और उसके घर की महिलाओं की तरफ देखकर अश्लील हरकत कर रहे थे। विरोध करने पर उसके चाचा जमालुद्दीन को लात, मुक्का व लाठी, डंडे से मारा तथा धमकी दिया कि अभी फिर आते हैं। शाम 7:30 बजे पूरी तैयारी के साथ आरोपी गण आए और सुजीत व तूफानी अपने हाथ में पिस्तौल लेकर और अन्य लोग लाठी डंडे से लैस होकर हमला कर दिया। वादी के पिता कमाल हुसैन के सिर पर लोहे की राड से मार कर मरणासन्न कर दिया, जबकि उसकी माता मेहरुन्निसा, सरफराज, सितारा व नौ वर्षीया भांजी सनाया को मारकर घायल कर दिया। इलाज के दौरान 09 मार्च 2023 को पिता कमाल हुसैन की मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी शनि उर्फ रजनीश, तूफानी, सुजीत ,रजनीश सिंह उर्फ नन्हका भैया को भारतीय दंड विधान की धारा 302/34 के अंतर्गत हत्या के मामले में दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया।

# प्यार कर चोरी छिपे मिलना पड़ा महंगा, गई जान...

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

- प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, बंधक बनाकर की गई पिटाई,इलाज के दौरान हुई मौत

रात के समय एक प्रेमी युवक अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा। जहां पर परिजनों ने बंधक बनाकर उसकी जमकर पिटाई की। जिससे प्रेमी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 ने निजी वाहन से इलाज के लिए बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दियोरिया निवासी संजीव कुमार का पुत्र शिवम 17 वर्ष का अपने गांव निवासी शंकर लाल की पुत्री काजल 15 वर्ष से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसमें दो प्रेमी युगल का चोरी छिपे मिलना जुलना लगा रहता था। इसी बीच प्रेमिका काजल के चाचा अरुण कुमार व सर्वेश कुमार पुत्र शंकर लाल व काजल की मां कुसुमा देवी को लगभग एक माह पूर्व दोनों के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई। तभी चाचा और काजल की मां कुसुमा देवी ने काजल के प्रेमी को सबक़ सिखाने के लिए योजना बद्ध तरीके से शिवम को उसकी प्रेमिका काजल के माध्यम से फोन पर आधी रात के समय अपने घर पर बुलाया गया। जहां पर पहले से ही मौजूद अरुण व सर्वेश कुमार दोनों चाचाओं व काजल की मां कुसुमा देवी ने शिवम को बंधक बनाकर बुरी तरह से प्रेमी युगल की जमकर पिटाई की। मार-पीट से घायल हुए शिवम की हालत गंभीर होने पर कुछ लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 ने निजी वाहन से इलाज हेतु बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जबकि घायल काजल अभी घर पर मौजूद है। इधर सीएचसी पर इलाज के गंभीर घायल शिवम की मौत हो गई। जहां से शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने दोनों आरोपियों अरुण कुमार व सर्वेश कुमार व काजल की मां कुसुमा देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के यूनिट हेड ने बाढ़ प्रभावित गन्ना किसानों को जानकारी दी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**बरखेड़ा।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के हेड ने बरखेड़ा क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित गन्ना किसानों को जानकारी देते हुए यूनिट हेड आशीष त्रिपाठी ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र के गन्ना किसानों से भेंट कर उनके हाल जाने तथा गन्ने के खेतों में भरे हुए पानी को जल्द से जल्द निकालने की सलाह दी साथ ही यूनिट हेड आशीष त्रिपाठी के द्वारा बताया गया फसल को बचाने के लिए प्रति हेक्टेयर 50 किलोग्राम यूरिया 30 किलोग्राम पोटाश एवं 25 किलोग्राम सल्फर का उपयोग खेत से पानी निकालने के बाद प्रयोग करने से गन्ने का विकास जल्दी होता है साथ ही उन्होंने बताया की ट्राई कोडरमा का प्रयोग 15 दिन की अंतराल पर दो बार करना चाहिए इसके करने से फंगस नहीं लगता तथा गन्ना भी स्वस्थ रहता है इसके अतिरिक्त यूनिट हेड के द्वारा बताया गया की जिन खेतों में को शो 0238 गन्ने की फसल है उन खेतों में 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से ब्लीचिंग पाउडर का प्रयोग करें जिससे गन्ना में लगने वाली लाल सड़न की बीमारी से बचाया जा सके।

# भर देना हम सब की झोली जय जय बाबा नीम करौली, जय जय बाबा नीम करौली

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

- गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर बाबा नीम करौली की निकाली गई गाजे बाजे के साथ झंडी यात्रा
- हजारों श्रद्धालुओं ने दरबार में लेकर आए बाबा के नाम की झंडी, भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु
- बाबा नीम करौली की झंडी यात्रा के दौरान पौधा रोपित करती चेयरमैन संदीप और महंत विशाल








**पीलीभीत।** तराई के जनपद बांसुरी नगरी जनपद पीलीभीत में शनिवार को सभासद एवं महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा नीम करौली महाराज जी की झड़ी यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहें।

बताते चले की गुरु के प्रति श्रद्धा, निष्ठा व सम्मान का प्रतीक गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में काशीराम कॉलोनी ईदगाह से श्री बाली जी ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार की ओर से पारंपरिक रूप से बाबा नीम करौली की झंडीयात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें जिले के अलावा बाहरी जिलों के श्रद्धालुओं भी शामिल हुए। इस दौरान गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए उनके महत्व को बताया गया। इसके बाद देर शाम बाबा नीम करौली और बालाजी महाराज का दरबार सजाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। शहर के काशीराम कॉलोनी ईदगाह में स्थित श्री बालाजी ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार के महंत विशाल सेवक और श्रद्धालुओं की ओर से पूर्णिमा से एक दिन पहले बाबा नीम करौली का भव्य झंडी यात्रा निकाली गई। सबसे पहले सुबह दस बजे मंदिर में बाबा की ज्योति जलाकर उनका ध्यान किया गया। फिर बाबा नीम करौली को बैंड बाजे के साथ रथ पर सवार किया गया। जहां नगर पंचायत चेयरमैन संदीप कौर, चेयरमैन पति संतोख सिंह संधू ने बाबा की पूजा अर्चना कर आरती की। जिसके बाद झंडी का पूजन कर यात्रा आरंभ की गई। जहां समस्त श्रद्धालु बाबा के नाम की झंडी लेकर यात्रा में शामिल हुए। झंडी यात्रा के दौरान हरियाली का महत्व बताते हुए महंत विशाल सेवक ने कॉलोनी प्रागंण में एक पौध मां और बाबा के नाम समर्पित करते हुए रोपित किया। इस दौरान अन्य श्रद्धालुओं ने भी पौधारोपण कर उन्हें सींचने का संकल्प लिया। झंडी यात्रा मंदिर से शुरु होकर कॉलोनी में स्थित ब्रहमदेव मंदिर पर पहुंची। जहां महंत विशाल सेवक ने ब्रहमदेव पर झंडी चढ़ाई। इसके बाद यात्रा कॉलोनी से होते हुए वार्ड नंबर छह, रेलवे क्रासिंग ईदगाह से रोडवेज के समीप बालाजी मंदिर पर पहुंची। जहां बालाजी महाराज को चोला चढ़ाकर झंडी समर्पित की गई। इस दौरान ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु बाबा के भजनों पर जमकर झूमे। झंडी यात्रा में बाबा की जय जयकार होती रही। इसके बाद पुनः झंडी यात्रा मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। जहां श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में अपनी अपनी झंडी चढ़ाई। शाम सात बजे बाबा नीम करौली और बालाजी महाराज का दरबार लगाया गया। जहां बाबा को याद करते हुए स्तुति वंदना और आरती की गई। इस मौके पर सरोज सक्सेना, विशन स्वरूप, वीरु गुप्ता, मनीष अग्रवाल, कपिल गुप्ता, श्रेय सक्सेना, सौरभ सिंह, हर्षित, मोहक, रत्नाकर रवि, बॉबी चौधरी, जानू शर्मा, चिराग सिंह, अंशु, कोमल, पायल, नीतू, रेनू, कुसुम, कविता, अनुज, अनिकेत समस्त दरबार सेवक मौजूद रहे।





# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में एसडीएम ब्लॉक प्रमुख बीडीओ और बीईओ ने वृक्षारोपण किया

**वृक्षारोपण अभियान के तहत इंडस इंस्टीट्यूट में लगाए गए सैकड़ों पौधे**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों में वृहद वृक्षारोपण में भाग लिया एसडीएम रश्मि लांबा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव, खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत, वन क्षेत्राधिकार विजय कुमार श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, ककवन प्रधान राजू स्वर्णकार ने गढ़ेवा गांव में वृहद वृक्षारोपण में भाग लिया, बिल्हौर खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा सांसद प्रतिनिधि जेपी कटियार, बाबू सिंह यादव ने कई गांव केवृक्षारोपण में भाग लिया ककवन रोड स्थित इंडस इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी ऐंड मैनेजमेंट में बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण कराया गया साथ ही पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संस्थान में वृक्षारोपण कराया गया। उक्त बृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी शैक्षणिक, सहयोगी स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। संस्थान के डिप्टी चेयरमैन इंजीनियर दिनेश जोशी, निदेशक डॉक्टर एन एस परमार, डीन एकेडमिक अनंत सिंह, डीन ह्यूमन रिसोर्सेज विजय दीक्षित, डीन एडमिनिस्ट्रेशन नीरज कुशवाहा, रजिस्ट्रार धीरज जोशी के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाएं, सहयोगी स्टाफ, छात्र एवं छात्राएं आदि ने एक वृक्ष मां के नाम लगाया। संस्थान में वृहद पौधारोपण कराया गया साथ ही कुछ अन्य आसपास के क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण कराया गया। वृक्षारोपण कर सभी ने आत्मसंतुष्टि महसूस की।

# अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी रेलवे फाटक पर युवक को दबंग ने पीट कर अधमरा किया, कानपुर रेफर




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के एरोल थाना अंतर्गत बा कोठी रेलवे फाटक पर पहले से घात लगाए बैठे दबंगो ने बकोठी गांव निवासी राधेश्याम 35 बर्षीय पुत्र मोर चंद्र को बकोठी रेलवे फाटक पर रोक कर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

परिजनो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ड्यूटी पर तैनात डॉ सैफ ने सर में टांका लगाकर कानपुर रिफर कर दिया उन्होंने बताया कि बिना एम आर आई के पता नहीं चल सकेगा कि सर में कितनी गंभीर चोट है।

प्राथमिक उपचार के बाद में कानपुर रेफर कर दिया है परिजन लेकर चले गए हैं।

परियों ने बताया कि कई दिनों से वह घर रहा था गांव का ही युवक है आज अकेला पाकर कोई दो-तीन लोग थे हमला कर दिया अगर गांव के और वहां पर ग्रामीण दौड़ ना पडते तो वह लोग उसको मार ही डालते हैं। थानाध्यक्ष ने बताया की प्रार्थना पत्र के पर कार्रवाई की जाएगी।

दादिखा गांव में बुजुर्ग गंगा सिंह पुत्र छोटेलाल अपने घर के बरामदे में बैठा था उसी समय गांव का शराबी दबंग प्रमोद आकर पहले गाली गलौज करने लगा जब गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगा जब तक वह चिल्लाता गांव के लोग दौड़ते तब तक उसने कई बार कर दिए जिसमें हाथ में गंभीर चोट है। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य बिल्हौर में लेकर पहुंचे वहां पर मौजूद डॉक्टर सैफ खान एक्स-रे कराकर देखा तो उन्होंने बताया कि फेक्कर नहीं है मांस अधिक फट गया है समय लगेगा ठीक होने में उसकी सिकाई आदि कर दवा खाओ और आराम करो ठीक हो जाएगा। घायल गंगा सिंह ने बताया कि गांव में सभी लोग उस दबंग से डरते हैं शराब पीकर आता है जब कोई गाली देने से मना करता है तो उस पर हमला कर देता है प्रार्थना पत्र दिया है अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# सपा नेत्री राजनीतिक दुश्मनी निभा रहीं : अरौल प्रधानपति आनंद करन सिंह

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ीं सपा नेत्री रचना सिंह राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते मेरे खिलाफ झूंठा दुष्प्रचार कर रहीं हैं। वे चर्चित होने के तरीके ढूंढा करती हैं। यह कहना है भाजपा नेता अधिवक्ता आनंद करन उर्फ मुन्ना सिंह अरौल के पूर्व प्रधान और प्रधानपति मुन्ना सिंह के विरुद्ध सपा नेत्री रचना सिंह ने ए आर ओ व एसडीएम के साथ मिलकर कूट रचित ढंग से गरीब दलित महिला का कोटा निरस्त करने को लेकर आंदोलन की घोषणा की है। मुन्ना सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उपरोक्त कोटेदार की शिकायत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने की थी।जिसकी पहले जांच सप्लाई इंस्पेक्टर ने की, उसके बाद ए आर ओ ने। जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर शिकायतें सही पाए जाने पर उनका कोटा निरस्त हुआ।अब उसमे मुझ पर अनर्गल बयानबाजी हुई तो मैं कानूनी कार्यवाही करूंगा। मुन्ना सिंह ने कहा विधानसभा चुनाव में मैने भाजपा को लड़ाया,और लोकसभा चुनाव में भी,जीत हमारी हुई।जिससे वो व्यक्तिगत खुन्नस निकाल रहीं हैं। उन्होंने कहा विधायक बनने को लालायित सपा नेत्री विधायक के विरुद्ध व्यक्तिगत छींटाकशी पर उतर आईं हैं, जो उन्हें शोभा नहीं देता।चर्चित होने के उनके तौर तरीके को पूरी विधानसभा देख रही है।इस संबंध में जब सपा नेत्री रचना सिंह से बात की तो उन्होंने कहा पूरा मामला झूँठा है।कोई उच्चाधिकारी पार दर्शिता के साथ सवालों के जवाब सार्वजनिक रूप से या प्रेस के सामने दे दे,तो सब साफ हो जाएगा।सब जांच कराई जायेगी,कह कर बच रहे हैं। बिल्हौर परगना अधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि इसमें ऑपरेटर की त्रुटि है पूरी तरह से जांच और जांच कर्ता के सभी अभिलेख आपूर्ति कार्यालय में मौजूद है।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

मुरादाबाद



मूंढापांडे में डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें मां बेटे घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाली महिला रामकीर्ति (50) रामपुर जनपद के मिलक थाना क्षेत्र के कैनलगंज गांव की निवासी थी।

शुक्रवार को रामकीर्ति अपने बेटे अमर सिंह के बाइक से मूंढापांडे क्षेत्र में बूजपुर आशा गांव स्थित माता मंदिर के दर्शन करने जा रही थी। दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर बूजपुर मान गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।

इस हादसे में मां बेटा घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवा दिया, जहां उपचार के दौरान रामकीर्ति की मृत्यु हो गई है। थाना प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के शव परिवारजनों को सौंप दिया। बेटे अमर सिंह की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया था। उसकी तलाश की जा रही है।

# उत्तरीपुरा एनटीपीसी पावर प्लांट में शार्ट सर्किट से लगी आग इनवर्टर केबल जली, कर्मचारी मूकदर्शक बने



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा डुडवा जमौली रोड स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट में उस समय अफरा तफरी मच गई जब 225 मेगावाट के 140 मेगावाट के ब्लाक नम्बर 3 में अचानक शार्ट सर्किट होने से इनवर्टर केविल सहित कई लाखों के उपकरण जलकर खाक हो गएसूचना पर पहुंचे उत्तरीपुरा चौकी से राजेन्द्र सिंह, दिवान बिजेंद्र दिवान ने आग का विकराल रूप देखकर फायरबिग्रेड को सूचना दी मौके पर पहुंची फायरबिग्रेड ने आग पर काबू पाया लेकिन जब-तक इनवेंटर केविल सहित कई लाखों के उपकरण जलकर खाक हो चुकें थे वहीं स्थानीय कर्मचारियों का मानना है कि वत्सा कम्पनी ने अभी लगभग दो हफ्ते पहले 140 मेगावाट का चार्ज लिया है और कार्य समझने में भी दिक्कतें आ रही है।

**एनटीपीसी सोलर प्लांट राजनीति का अखाड़ाबना**

एनटीपीसी सोलर प्लांट में निर्माण से लेकर अभी तक राजनीति के चक्कर में एक दूसरे की खींचतान होती रहती है वहीं पर एक दूसरे को अधिकारी नीचे दिखाने के लिए कंपनी को भारी नुकसान हो रहा है चाहे वह सिक्योरिटी गार्ड का मामला हो या फिर प्लांट से संबंधित कोई भी पार्ट हो उसमें एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं राजनीति का ही परिणाम यही एक उसका विकराल रूप देखने को मिला है कि लाखों का नुकसान हो गया है । कहीं ना कहीं से राजनेता भी इसमें पूरी तरह से दोषी हैं जो की यहां पर हो रहे कर्मचारी के विवाद में राजनीति की हवा देते हैं।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा समेत अन्य को समन जारी

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद



आपत्तिजनक टिप्पणी केस में रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा समेत अन्य को मुरादाबाद की एक अदालत ने समन जारी किया गया है। इस मामले में केस दर्ज करने वाले मुंशी के बयान दर्ज किए गए। केस में सपा नेता आजम खां और पूर्व सांसद एसटी हसन भी आरोपी है।

अभिनेत्री एवं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी मामले में शनिवार को एफआईआर लिखने वाले मुंशी के अदालत में बयान दर्ज किए गए। जिससे आरोपियों के वकीलों ने जिरह की। अदालत ने इस मुकदमे में जयाप्रदा समेत अन्य गवाहों को समन जारी करते हुए छह अगस्त की तारीख नियत की है।

2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे।

आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट एमपी सिंह की अदालत में की जा रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि शनिवार को थाना कटघर में तैनात तत्कालीन एफआईआर लेखक कांस्टेबल दीपक कुमार अदालत में पेश हुए।

उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए। गवाही देने आए कांस्टेबल दीपक कुमार से आरोपियों के वकील दिनेश चंद पाठक ने जिरह पूरी की। जिसके बाद अदालत ने छह अगस्त को रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा समेत अन्य गवाहों को गवाही के लिए तलब किया है।

## 18 पर प्लॉट कब्जाने का आरोप, केस दर्ज करने के आदेश दिए

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

सपा विधायक हाजी नासिर कुरैशी, उनके बेटे, बहू समेत 18 लोगों के खिलाफ अदालत ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। सभी पर आरोप है कि उन्होंने एक प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की।

विरोध करने पर प्लॉट स्वामी और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा निवासी रईस ने एमपी एमएलए कोर्ट में दावा पेश करते हुए बताया कि घर के पास ही उसका एक प्लॉट खाली पड़ा है। 27 मई 2024 को मोहल्ले के ही मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक हाजी नासिर कुरैशी, उनके बेटे हाजी आमिर कुरैशी, इरम पत्नी हाजी आमिर कुरैशी, अदनान, नोशीना, फराह, शमशाद, दिलशाद उर्फ कलुआ, इमरान मुशारिक, हस्नान, नोमान, मुमताज, शाहनूर, शुमना, रुबीना, जैस्मीन, गुल्लू समेत कुछ अज्ञात लोग प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की। जिनके पास हथियार भी थे। रईस के बेटे आमिर फैसल ने उन्हें रोकना का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। आमिर फैसल अपनी जान बचाकर अपने घर की ओर भागा तो सभी उसके पीछे पीछे घर में आ गए।

# एक के बाद एक 10 डिब्बे पलटे, मालगाड़ी व ट्रैक पूरी तरह क्षतिग्रस्त

जन एक्सप्रेस । अमरोहा/मुरादाबाद



गोंडा से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी अमरोहा रेलवे स्टेशन के नजदीक पलट गई। मालगाड़ी के परखच्चे उड़ने के साथ दस डिब्बे पलट गए। दो डिब्बों में केमिकल भरा हुआ है, जबकि आठ डिब्बे खाली बताए जा रहे हैं। रेलवे ट्रैक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। अप और डाउन दोनों लाइन प्रभावित हो गई हैं।

वहीं, रेल यातायात बाधित हो गया है। हादसे का मैसेज फ्लैश होते ही रेलवे विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया। तुरंत ही रेलवे अधिकारी और जीआरपी मौके पर पहुंच गए। देर रात तक अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी रहा।शनिवार को मालगाड़ी संख्या (32612) गोंडा से गाजियाबाद के लिए चली थी।

मालगाड़ी में कनटेनर लदे थे और गाड़ी दिल्ली दिशा यानी अप लाइन पर चल रही थी। शाम करीब पौने सात बजे अमरोहा स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित कल्याणपुरा गेट 27 सी के पास अचानक मालगाड़ी बीच में से डिरेल हो गई। जिसके बाद तेज धमाके साथ एक के बाद एक दस डिब्बे पलट गए।

गनीमत रही इंजन बेपटरी नहीं हुआ। जिससे हादसे में ड्राइवर इकबाल व परिचालक अमित सकुशल बच गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। हादसे के बाद डाउन लाइन पर मालगाड़ी के डिब्बे बिखर गए हैं। जिससे अप और डाउन लाइन पूरी तरह प्रभावित हो गई।

वहीं, कुछ खंभे क्षतिग्रस्त होने से रेलवे की विद्युत सप्लाई भी बाधित हो गई। सूचना मिलते ही डीएम राजेश त्यागी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह व एडीएम सुरेंद्र सिंह समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर दौड़ पड़े और स्थिति का जायजा लिया। उधर, बताया जा रहा है कि हादसे के बाद अमरोहा रूट से गुजरने वाली दर्जनों ट्रेनों के पहिए थम गए हैं। रात करीब नौ बजे डीआरएम राज कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचते हुए घटना का जायजा लिया। बताया कि हादसे को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। ट्रैक को साफ कराने का कार्य शुरू करा दिया गया है। जल्द से जल्द यातायात सुचारू कराया जाएगा।

## दुकानों पर नाम के फरमान से सियासत गरमाई

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

कांवड़ मार्गों पर दुकान में संचालकों का नाम अनिवार्य करने के बाद सियासत बढ़ गई है। मुरादाबाद के पूर्व सपा सांसद एसटी हसन ने कहा कि भाजपा प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है। जिसका फायदा उसे विधानसभा उपचुनाव में मिल सके।

कांवड़ यात्रा मार्ग की दुकानों पर मालिकों के नाम और मोबाइल नंबर लिखे जाने वाले फरमान से सियासत गरमा गई है। विपक्षी दल के नेता इसे यूपी में लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली हार की खुन्नस और आने वाले उपचुनाव को लेकर माहौल खराब करने की साजिश बताया है।

भाजपा नेता सरकार के इस निर्णय की तारीफ कर रहे हैं। पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर भी इस आदेश को लेकर बहस छिड़ी है। कई संगठनों ने भी इस फरमान पर विरोध जताया तो कुछ संगठन शासन के इस निर्णय को सही ठहराने में जुटे हैं।

सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है, ताकि विधानसभा उपचुनाव में उसे लाभ मिल सके। हमारे देश के हिंदू मुस्लिम वर्षों से साथ खाते-पीते आ रहे हैं। सरकार उनके बीच नफरत फैलाना चाहती है। लेकिन सरकार अपने मकसद में कामयाब नहीं होगी। हिंदू की दुकान पर मुस्लिम काम करते हैं और मुस्लिम की दुकान पर हिंदू काम करते हैं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। दो समुदायों के बीच खाई पैदा की जा रही है।

मुरादाबाद के भाजपा से नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि सरकार का ये अच्छा निर्णय है। इसका सभी को स्वागत करना चाहिए। दुकानों पर नाम लिखने से लोगों को पता चल जाएगा कि दुकान किस व्यक्ति की है।

वह वहां से खाने पीने का सामान लेना चाहता हैं तो ले सकता हैं। अगर उसका वहां से सामान खरीदने का मन नहीं है तो नहीं खरीदेगा। सपा के प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा ने कहा कि दुकानों के बाहर मालिक का नाम लिखना विशेष समुदाय के प्रति साजिश का हिस्सा है।

कांवड़ मार्ग पर सभी समुदायों के लोग कांवड़ियों का स्वागत करते हैं। लॉक डाउन में सड़कों पर चल रहे लोगों की मदद के लिए किसी ने नाम नहीं पूछा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को हार मिली तो अधिकारी जनहित के निर्णय न लेकर भाजपा हित में काम कर रही है।

# थाना प्रभारी ने फरियादी को सुनाई खरीखोटी, कर दिए गए लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद एसएसपी सतपाल अंतिल की ऑनलाइन जनसुनवाई के दौरान फरियादी को खरीखोटी सुनाना सिविल लाइंस थाना प्रभारी को महंगा पड़ गया। लापरवाही मानते हुए एसएसपी ने संदीप मिश्रा को लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ ही अन्य कर्मियों को सही तरीके से काम करने का निर्देश दिया। मुरादाबाद कप्तान की ऑनलाइन क्लास में पहले ही दिन सिविल लाइंस थाना प्रभारी संदीप मिश्रा फेल हो गए। एससपी ने उन्हें तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। इनके अलावा भी कई थाना प्रभारियों को चेतावनी दी है कि वह अपने कार्य में सुधार करने लें वरना उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। एसएसपी सतपाल अंतिल शुक्रवार सुबह अपने दफ्तर में बैठकर सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को वर्चुअल मीटिंग में जोड़ रखा था। फरियादी की शिकायत पर वह संबंधित थाना प्रभारी से पूछ कर उचित कार्रवाई के आदेश दे रहे थे।

प्रभारी वर्चुअल मीटिंग में जोड़े जा रहे हैं अगर कोई थाना प्रभारी मौजूद नहीं होते हैं तो उनकी जगह क्राइम इंस्पेक्टर या सेकेंड अफसर वर्चुअल मीटिंग में जुड़ते हैं।

# मसवासी में कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । रामपुर



मसवासी। रामपुर जिले में दो हादसों में दो लोगों की जान चली गई। पहला हादसा मसवासी में हुआ। यहां स्कूटी सवार दादा-पोते को कार सवार ने टक्कर मार दी। इसमें पोते की मौत हो गई। दूसरे हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई।

रामपुर -बाजपुर राजमार्ग स्थित मोतीपुरा गांव के सामने शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी सवार युवक जय सिंह (18) और उसके दादा भगवत शरण को टक्कर मार दी, जिससे जय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भगवत शरण गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में कार और स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कार चालक को पीटना शुरू कर दिया। प्रधान समेत कुछ लोगों ने भीड़ के चंगुल से किसी तरह से उसे बचाया और पुलिस को सौंप दिया।

गुस्साए ग्रामीणों ने प्रधान की गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया, काफी देर तक हंगामा चलता रहा। नगर पंचायत मसवासी के मोहल्ला भूबरा वार्ड-11 निवासी भगवत शरण सब्जी की दुकान चलाते हैं। वह शनिवार की सुबह लगभग छह बजे अपने पौत्र जय सिंह को साथ लेकर स्वार स्थित मंडी से सब्जी खरीदने गए थे। वापिस लौटते समय लगभग सवा सात बजे बाजपुर मार्ग स्थित मोतीपुरा गांव के सामने से स्कूटी से गुजर रहे थे। लोगों ने बताया कि इसी दौरान बाजपुर दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

जिससे दादा -पौते बीच मार्ग पर गिर कर लहूलुहान हो गए। तमाम ग्रामीण दुर्घटना स्थल पर आ गए। दुर्घटना में जय सिंह की मौत हो गई, जबकि भगवत शरण गंभीर घायल अवस्था में थे। दुर्घटना से गुस्साए लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और पिटाई शुरू करदी।

इस दौरान लोगों को शांत कराने के दौरान कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान की गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। प्रधान समेत भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने कार चालक को किसी तरह भीड़ के चंगुल से बचाया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल संदीप त्यागी और मसवासी चौकी इंचार्ज राहुल कुमार पुलिस बल के साथ आ गए।

उन्हें कार चालक सौंप दिया गया। पुलिस ने हंगामा कर रही भीड़ को किसी तरह शांत किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घायल को इलाज के वास्ते हायर सेंटर भिजवा दिया गया है। दुर्घटना में कार और स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है।

**मंडी रोड पर ट्रैक्टर-ट्रक भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत**

गंज थाना क्षेत्र के मंडी रोड पर शनिवार तड़के सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ट्रक की भिड़ंत में ट्रक चालक बरेली के मीरगंज निवासी ओमपाल की मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक भी घायल हुआ है। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ट्रक का चालक की तरफ का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गंज थाना पुलिस ने ट्रक चालक के शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

# एमपी में बनेंगे सेना के टैंक

## पन्ना में मिलने वाले हीरे भी प्रदेश में तराशे जाएंगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश अब औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई छलांग लगाने को तैयार है। जल्द ही मध्य प्रदेश में सेना के लिए टैंक बनने शुरू हो जाएंगे। अशोक लीलैंड और आर्मर्ड व्हीकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच करार पर हस्ताक्षर हुए हैं। रक्षा उपकरण बनाने के क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में होगा। इसके साथ ही पन्ना में बनने वाले हीरों को प्रदेश में ही तराशने की व्यवस्था होगी। यानी गुजरात के सूरत को सीधे-सीधे मध्य प्रदेश चुनौती देने वाला है। जबलपुर में शनिवार को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान 67 औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ। इन नई औद्योगिक इकाइयों से 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इन इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी सौंपे गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के सुभाष चंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उद्योगों से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल क्षेत्र में अति-आधुनिक स्किल सेंटर की शुरूआत की जाएगी, जिससे विशेष रूप से बहनों को रोजगार प्राप्त होगा। इस वर्ष का दूसरा इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जबलपुर में आयोजित हुआ। पांच देशों के साथ-साथ देश के कई प्रमुख उद्योगपतियों ने कॉन्क्लेव में भाग लिया। इससे पहले मार्च में उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की 29 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और 38 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। कुल 67 इकाइयों की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में 1,500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। करीब 4,500 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश की 265 इकाइयों को 340 एकड़ भूमि के आवंटन के लिए आशय पत्र जारी किए गए। 1,800 करोड़ रुपये का निवेश होगा। 12,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में 16 औद्योगिक पार्क के माध्यम से कुल 517 लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्योगों द्वारा पौने छह हजार करोड़ का निवेश हुआ है। इससे 20 हजार लोगों को रोजगार मिला है। कॉन्क्लेव में मध्य प्रदेश की विशेषताओं पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जबलपुर की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में चार हजार से ज्यादा निवेशक जुटे। उद्यमियों से वन-टू-वन चर्चा भी हुई। कॉन्क्लेव में पांच सेक्टर्स पर फोकस किया गया। ये हैं- एग्रो, माइंस, डिफेंस, टूरिज्म और गारमेंट्स।

### रक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 600 करोड़ के निवेश के लिए अशोक लीलैंड और आर्मर्ड व्हीकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में करार हुआ। रक्षा क्षेत्र में यह नया कदम है। अब तक मध्य प्रदेश में तोप निर्माण हो रहा था। अब सेना के टैंक भी मध्य प्रदेश में ही बनेंगे।

### प्रदेश में तराशेंगे हीरे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनिज के क्षेत्र में ओडिशा के बाद मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है। खदानों की नीलामी में मध्य प्रदेश की पारदर्शी प्रक्रिया देश में अग्रणी है। भारत सरकार ने पुरस्कार भी दिया है। प्रदेश के पन्ना जिले में हीरा उत्पादन होता है। अब हीरों को तराशने का कार्य भी प्रदेश में किया जाएगा।

### निवेशकों ने जताया भरोसा, मध्य प्रदेश बनेगा सरताज

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य की खनिज नीति के संदर्भ में मार्गदर्शक पुस्तिका का विमोचन किया। कॉन्क्लेव में हीडलबर्ग सीमेंट के सीईओ जॉयदीप मुखर्जी, प्रतिभा सिंटेक्स के एमडी श्रेयस्कर चौधरी, वीई कमर्शियल व्हीकल के एमडी विनोद अग्रवाल और एसआरएफ लिमिटेड के सीएमडी आशीष भारतम ने प्रदेश में निवेश के अनुभव साझा किए। मुखर्जी ने कहा कि उन्हें लीडरशिप पर भरोसा है। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कथनी और करने में अंतर नहीं है। वॉल्वो आयशर के विनोद अग्रवाल ने कहा कि उन्हें मध्य प्रदेश में 35 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देकर खुशी हुई है। मध्य प्रदेश भारत का दिल है और अब सरताज भी बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अग्रवाल से आग्रह किया कि वे मध्य प्रदेश में रिसर्च सेंटर भी प्रारंभ करें।

### 160 से अधिक देशों को दवा भेजते हैं हम: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिर्फ पांच मेडिकल कॉलेज होते थे। अब यह संख्या 25 होने वाली है। प्रदेश में फार्मा सेक्टर की 275 यूनिट काम कर रही हैं। अकेले पीथमपुर में ही 60 इकाइयां हैं। प्रदेश से 160 से अधिक देशों को फार्मा प्रोडक्ट भेजे जाते हैं। फूड प्रोसेसिंग में हम 150 प्रतिशत प्रोत्साहन देने को तैयार हैं। उद्योगों को पानी और बिजली की आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। आठ मेगा फूड पार्क संचालित हो रहे हैं। दो और मेगा फूड पार्क आ रहे हैं।

### यह भी रहे मौजूद

अडानी पावर, नेटलिंक, वैद्यनाथ ग्रुप, दावत फूड्स, वॉल्वो आयशर, एवीएनएल, एनसीएल, स्वराज शूटिंग, लोहिया एनर्जी, आदिशक्ति राइस मिल, फिनिक्स पोल्ट्री, इंफोविजन दुबई और दलित चैम्बर ऑफ कॉमर्स (डिकी ) सहित अनेक उद्योग संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह सभी निवेशकों को 7-8 फरवरी 2025 को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया। बैद्यनाथ ग्रुप, आईटीसी, वॉल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ और दावत ग्रुप जैसे प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। ताइवान, मलेशिया, यूके, फिजी, कोस्टा रिका और इंडोनेशिया जैसे देशों के प्रतिनिधि भी कॉन्क्लेव में शामिल हुए।

### 30 उद्योगपतियों से सीएम का वन-टू-वन

कॉन्क्लेव ने 700 से अधिक बायर-सेलर मीट के लिए एक प्लेटफॉर्म का काम किया। इससे व्यवसायों और संभावित निवेशकों में सीधी बातचीत की सुविधा मिली। मुख्यमंत्री और प्रमुख उद्योगपतियों के बीच लगभग 30 वन-टू-वन बैठकें हुईं।

# बांग्लादेश में हिंसा के बीच भारत वापस लौटे सैकड़ों छात्र



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पड़ोसी देश बांग्लादेश इन दिनों हिंसा की आग में झुलस रहा है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देशभर में उग्र रूप ले चुका है। हिंसा प्रभावित देश से लोग पलायन कर रहे हैं। इस बीच, भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि अबतक सैकड़ों भारतीय छात्र अलग-अलग मार्गों के जरिए वापस देश लौट आए हैं।

### इन लोगों की मदद से भारत वापस ला रहे

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में सहायक उच्चायोग बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रमों के बाद भारतीय नागरिकों की घर वापसी में सहायता कर रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों की मदद से उच्चायोग और सहायक उच्चायोग भारतीय नागरिकों को भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराने में मदद कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय हमारे नागरिकों के लिए एक सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नागरिक उड्डयन, आव्रजन, भूमि बंदरगाहों और बीएसएफ अधिकारियों के साथ भी समन्वय कर रहा है।

### सैकड़ों छात्र लौटे

मंत्रालय ने आगे बताया कि अब तक 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि बंदरगाहों के माध्यम से भारत लौट आए हैं। इसके अलावा, लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों के माध्यम से नियमित उड़ान सेवाओं से घर लौट आए हैं। ढाका में भारतीय उच्चायोग और हमारे सहायक उच्चायोग बांग्लादेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में रह रहे 4000 से अधिक छात्रों के साथ नियमित संपर्क में हैं और उन्हें जरूरी सहायता दी जा रही है। नेपाल और भूटान के छात्रों की भी भारत आने में मदद की जा रही है।

### मामला कोर्ट में फिर क्यों प्रदर्शन हो रहे हैं?

प्रदर्शनकारी छात्र मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए आरक्षित नौकरियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी इस व्यवस्था को खत्म करने की मांग कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह भेदभावपूर्ण है और प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के समर्थकों के फायदे के लिए है। बता दें कि प्रधानमंत्री शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब उर रहमान की बेटी हैं, जिन्होंने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि इसकी जगह योग्यता आधारित व्यवस्था लागू हो। विरोध प्रदर्शन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने कहा कि छात्र कक्षाओं में लौटना चाहते हैं, लेकिन वे ऐसा तभी करेंगे जब उनकी मांगें पूरी हो जाएंगी।

# हमने प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने का बुरा असर देखा: सीजेआई चंद्रचूड़



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मदुरै**

मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ की स्थापना को 20 साल पूरे हो गए हैं। इसी मौके पर मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने एक समारोह का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के अपडेट में आई तकनीकी खामी के कारण दुनियाभर में मची उथल-पुथल पर भी बात की। उन्होंने कहा कि उड़ानें रद्द होने के बाद भी यह मदुरै के लोगों का प्यार है, जिसकी वजह से आज यहां मौजूद हूं।

### माइक्रोसॉफ्ट आउटेज पर यह बोले सीजेआई

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, मैं प्रौद्योगिकी में विश्वास करता हूं, लेकिन कल ही हमने प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बुरे असर देखे। हमें कल इसका सामना करना पड़ा। उड़ानें रद्द कर दी गईं, लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है, जिसकी वजह से मैं आज यहां मौजूद हूं।

### यह शहर वाकई यहां आने वाले लोगों को बहुत कुछ देता है

उन्होंने आगे कहा, मदुरै को थुंगा नगरम या ऐसा शहर कहा जाता है जो कभी नहीं सोता क्योंकि इसके बाजार हमेशा लोगों के लिए खुले रहते हैं। यह शहर वाकई यहां आने वाले सभी लोगों को बहुत कुछ देता है। यह इस महान शहर की आमंत्रित करने वाली और मेहमाननवाज संस्कृति को दर्शाता है। इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मद्रास उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ के लिए मदुरै को चुना गया। इस अर्थ में, मदुरै एक शाश्वत प्रतीक है कि न्याय कभी नहीं सोता।

# पंचकूला पहुंचीं सीएम केजरीवाल की पत्नी

### चुनाव के लिए दी हरियाणा को पांच गारंटी, फ्री इलाज और रोजगार का किया वादा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**


आम आदमी पार्टी ने शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पांच गारंटी जारी की। इसके लिए अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को पंचकूला पहुंचीं। पार्टी हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए जोर-शोर से तैयारियों में जुटी है। इस मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और डॉ. संदीप पाठक भी मौजूद रहे। पंजाब विधानसभा चुनाव की तर्ज पर पार्टी ने हरियाणा में गारंटी लॉन्च की। पहली गारंटी की घोषणा पार्टी ने मुफ्त और 24 घंटे बिजली, दूसरी गारंटी सबको अच्छा और फ्री इलाज, तीसरी गारंटी अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा, चौथी गारंटी सभी माताओं-बहनों को हर महीने 1000 हजार रुपये और पांचवीं गारंटी हर युवा को रोजगार के तौर पर दी। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि हम राजनीति को व्यवसाय नहीं मानते। यह हमारे लिए सिर्फ पेशा नहीं बल्कि जुनून है... अगर विपक्ष अच्छे होते तो हमें पार्टी बनाने की जरूरत नहीं पड़ती...उन्होंने हमें चुनौती दी। हरियाणा के लोगों ने हर पार्टी को समय और मौका दिया, लेकिन कोई भी अच्छा नहीं निकला।

# इंदौर आईआईटी के सेंट्रल स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस कर रही है जांच

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर**

इंदौर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के कैम्पस में स्थित सेंट्रल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को स्कूल को बम से उड़ा दिया जाएगा। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईआईटी कैम्पस में स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को शुक्रवार शाम को एक ईमेल मिला है। इसे लेकर विद्यालय प्रबंधन ने शनिवार सुबह सिमरोल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डीएसपी (हेडक्कार्टर) उमाकांत चौधरी ने कहा कि सिमरोल पुलिस थाने को विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिकायत मिली है। स्कूल को जो ईमेल भेजा गया है, वह पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेस इंटेलिजेंस के नाम पर बने आईडी से भेजा गया है। स्कूल के आधिकारिक ईमेल पते पर यह धमकी भरा मेल मिला है। ईमेल भेजने वाले ने धमकी दी है कि स्कूल कैम्पस को 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर बम से उड़ा दिया जाएगा। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चांदीपुरा वायरस प्रकोप से हम कितने सावधान और कैसे बचाव करें: डॉ. लियाकत अली मंसूरी



**जन एक्सप्रेस। विशेष**



यह एक आरएनए वायरस जो सबसे ज्यादा मादा फ्लेबोटोमाइन मक्खी से फैलता है। इसके फैलने के पीछे मच्छर में पाए जाने वाले एडीज मच्छर जिम्मेदार हैं। यह वायरस रोगजनक रैबडोविरिडे परिवार के वैसीकुलो वायरस जीनस का सदस्य है। यह वायरस मच्छरों , टिक्स और सैंडफ्लाइज जैसे वाहक द्वारा फैलता है। यह वायरस खुद के प्रजनन के लिए इन्सानी शरीर की कोशिकाओं और दिमाग की कोशिकाओं का उपयोग करता है।

**लक्षण:** यह एक दुर्लभ और खतरनाक पैथोजन हैं जिससे सबसे ज्यादा बच्चें, मोटे लोग और गर्भवती महिलाएं संक्रमित होती हैं। इसके संक्रमण से पहले बुखार , बदन दर्द और फ्लू जैसे लक्षण आने लगते हैं बाद में दस्त, उल्टी होने लगती हैं अन्त में फेफड़ों से दिमाग की कोशकाओं पर हमला करने से दिमाग में सूजन आने लगती हैं जिससे दिमागी बुखार और तेज सिर दर्द होने लगता हैं बाद में मरीज़ कोमा में जा सकता हैं और मौत हो जाती हैं। निदान में देरी और लापरवाही से जान को खतरा हो सकता हैं इसलिए लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी चिकित्सक से तुरन्त परामर्श लें।

**बचाव के तरीके:** अभी तक इस वायरस की कोई वैक्सीन नहीं है इसलिए सबसे अहम है घरों में सफ़ाई, घरों में फिनायल से सफ़ाई करवानी चाहिए ताकि मक्खी मच्छरों से बचा जा सके। हाथों को सेनिटाइजर या साबुन से साफ़ करते रहना चाहिए। अल्कोहल आधारित हैंड रब का इस्तेमाल करना चाहिए। खांसते या छींकते समय रुमाल या टिश्यू पेपर का प्रयोग करते रहें। कोल्ड फ्लू रोगियों से दूरी बना कर रखें।

# आतंकियों से बरामद हुई स्टेयर एयूजी राइफल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में गुरुवार को मारे गए दो विदेशी आतंकियों से ऑस्ट्रिया निर्मित बुलपप असॉल्ट राइफल, स्टेयर एयूजी बरामद की गई है। इस तरह की राइफलों का प्रयोग अफगानिस्तान में नाटो देश की सेनाओं द्वारा किया जाता था। आधिकारिक सूत्रों ने इसे दुर्लभ बरामदगी बताया है। लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश करने वाले दहशतगर्दों से इन राइफलों के साथ युद्ध जैसा गोला-बारूद का जखीरे मिला है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक आला अधिकारी ने बताया, संभवत~ यह पहली बार है कि ऐसी राइफल बरामद की गई है। यह एक भारी हथियार है जिसे संभालना आसान नहीं है। इसलिए इससे पहले दिखी भी नहीं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अन्य बलों के अलावा, इस राइफल का इस्तेमाल अफगानिस्तान में नाटो बलों द्वारा किया गया है, इसलिए संभवत~ यह वहां से पाकिस्तान पहुंची होगी। सेना के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, गुरुवार को केरन सेक्टर में एलओसी पार से आतंकी घुसपैठ की कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया था। भीषण गोलीबारी में दो विदेशी आतंकी मारे गए थे। इनके पास से हथियारों के जखीरे के अलावा एक पाकिस्तानी पहचान पत्र भी बरामद हुआ था। कहा, पिछले कुछ हफ्तों में एलओसी पर यह तीसरा सफल घुसपैठ विरोधी अभियान था।

### पाकिस्तानी सेना और दहशतगर्दों का गठजोड़ सामने आया

सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, ऑस्ट्रिया निर्मित बुलपप असॉल्ट राइफल, स्टेयर एयूजी का इस्तेमाल अफगानिस्तान में नाटो बलों द्वारा किया जाता था और जब 2021 में एक समझौते के तहत नाटो बल वहां से निकले तो कई हथियार तालिबानियों द्वारा लूट लिए गए अथवा वहीं छोड़ दिए गए। बाद में ऐसे हथियार अवैध रूप से बेच दिए गए। यह राइफल पाकिस्तान में एसएसजी द्वारा भी इस्तेमाल की जा रही है। इसलिए मारे गए आतंकियों से ऐसी राइफल का मिलना पाकिस्तानी सेना और दहशतगर्दों के बीच गठजोड़ को उजागर करता है।

### 2017 में पहली बार मिली थी अमेरिकी एम4 राइफल

इससे पहले भी वर्ष 2017 में अमेरिका निर्मित कई हथियार आतंकियों से बरामद किये गए थे, जिसमें एम-4 कार्बाइन पहली बार बरामद हुई थी। यह कार्बाइन राइफल 1962 में बनी एम16 का एडवांस वर्जन है। यह 1990 में बनी थी और इसे भी अफगानिस्तान में अमेरिकी व नाटो फोर्स इस्तेमाल कर रही थी।




# राज्य सूचना आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुशीनगर**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने आज कुशी नगर क्लेक्ट्रेक्ट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आर टी आई एक्ट के अनुरुप समयबद्ध कार्यवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस ऐक्ट के माध्यम से नागरिकों को सूचना मांगने का अधिकार दिया गया। उन्हें समय पर सूचना देना संबंधित अधिकारियों का कर्तव्य है। इसके निर्वाह में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के समकक्ष से की फोन पर बात, द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने न्यूजीलैंड के समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से फोन पर बातचीत की। इस दौरान लक्सन ने उन्हें लोकसभा चुनाव में दोबारा जीत पर बधाई दी। दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मस्यूटिकल्स, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) की ओर से आज एक बयान जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर गौर किया कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच करीबी संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को आने वाले वर्षों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

# उदयनिधि स्टालिन बन सकते हैं तमिलनाडु के डिप्टी सीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई में तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने खुद के राज्य कैबिनेट में पदोन्नत को लेकर किए गए पत्रकारों के सवाल पर कहा कि- इसका फैसला मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को ही फैसला करना है। इससे पहले डीएमके युवा विंग के 45वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि पार्टी की युवा विंग के सचिव का पद उनके दिल के बहुत करीब है। इस दौरान उदयनिधि स्टालिन ने कहा, जब मीडिया के लोग मेरे उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नति के बारे में अटकलों के बारे में पूछते हैं, तो मैं उन्हें बताता हूं कि पार्टी और युवा विंग के सभी राज्य मंत्री और पदाधिकारी मुख्यमंत्री के डिप्टी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिक प्रतिबद्धता पार्टी के युवा विंग के सचिव के रूप में बनी हुई है। युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आगे कहा कि- कोई भी पद हो, मेरे अनुसार, युवा विंग सचिव का पद मेरे दिल के करीब है।

# ईडी ने सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को हिरासत में लिया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को दिल्ली से ईडी टीम ने हिरासत में लिया है। जिसके बाद अंबाला कोर्ट में पेश किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध खनन मामले में यह कार्रवाई की गई है। सुरेंद्र पंवार के घर 4 जून को ईडी ने छापा डालकर जांच की थी। तब टीम कई कागजात ले गई थी। सूत्रों का कहना है कि अब अदालत के बाहर से ही ईडी की टीम ने उन्हें हिरासत में लिया। बाद में सोनीपत भी लेकर आई और बताया जा रहा है कि उसके बाद अंबाला ले जाया गया। कांग्रेस नेता इसे राजनीति से प्रेरित बता रहे है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 4 जनवरी को खनन के किसी मामले में यमुनानगर के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह व सोनीपत में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के खिलाफ जांच की थी और उनके ठिकानों पर रिकार्ड खंगाला था। सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को विधायक को मामले से जुड़े सबूत देने के लिए बुलाया था। वहां कोर्ट के बाहर से ही उन्हें हिरासत में ले लिया। इसके बाद टीम उन्हें सोनीपत में उनके आवास पर लेकर आई और फिर अंबाला लेकर चली गई। विधायक सुरेंद्र पंवार ने पिछले साल गैंगस्टर के नाम पर धमकी मिलने की शिकायत दी थी। उन्होंने बाद में इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। जिसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार काफी चर्चा में आए थे। कांग्रेस में आने से पहले सुरेंद्र पंवार ने इनेलो की टिकट पर सोनीपत से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। तब वह कविता जैन से हार गए थे। कांग्रेस में आने के बाद वह वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मंत्री कविता जैन को हराकर विधायक बने थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी है विधायक

विधायक सुरेंद्र पंवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबियों में माना जाता है। सोनीपत में कांग्रेस पार्टी के मुख्य कार्यक्रमों के आयोजनों की जिम्मेदारी विधायक सुरेंद्र पंवार पर ही होती है। वह उनकी कोर टीम के सदस्य भी हैं। कुछ समय पहले ही सुरेंद्र पंवार को प्रदेश सोशल मीडिया का प्रभार भी दिया गया था।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**